दैनिक नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖
2 | देश विदेश
4 | अभिव्यक्ति
11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, शनिवार, 24 मई 2025 कृष्ण पक्ष-द्वादशी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 44 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर एक बार पलटी मारी है। पहले कहा था कि उन्होंने संघर्ष विराम कराया। फिर कहा कि नहीं कराया। अब फिर से कहा कि उन्होंने ही कराया है। डोनाल्ड ट्रंप ने तय कर लिया है कि वे पलटी मारने में नीतीश कुमार का रिकॉर्ड तोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा पल्टूराम बनकर ही दम लेंगे। ऐसा लगता है कि उन पर उम्र का असर पड़ रहा है वे सोचते कुछ हैं। कहते कुछ हैं। करते कुछ हैं और होता कुछ है।

गोलियां लगीं फिर भी नक्सलियों से लड़ते रहे, 7 कोबरा कमांडों शौर्य चक्र से सम्मानित

नई दिल्ली (ए.)। सीआरपीएफ के कोबरा कमांडों ने नक्सल विरोधी अभियानों में जबरदस्त वीरता का प्रदर्शन किया। इसके चलते गुरुवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित हुए वीरता पुरस्कार समारोहों में सात कोबरा कमांडों को शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में इन जवानों ने गजब की बहादुरी और जीवटता दिखाते हुए नक्सलियों के किले को भेद दिया। जवानों की इस बहादुरी का ही नतीजा है कि नक्सली अब अपने गढ़ में ही घिर गए हैं, जिससे जल्द नक्सलवाद के खात्मे की उम्मीद बढ़ गई है।

नक्सलियों के गढ़ को भेदा

सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन 201 के कॉन्सटेबल पवन कुमार और कॉन्सटेबल देवन सी को मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। दोनों जवान छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के गढ़ में नया बेस स्थापित करने की कोशिश के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए, लेकिन इनकी कोशिशों से नक्सलियों के पैर उखड़ गए। गुरुवार को दोनों जवानों के

परिजनों को शौर्य चक्र दिए गए। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में टेकलगुडियम नक्सलियों का गढ़ माना जाता था। सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन 201 को 150वीं बटालियन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पांच माओवादियों को ढेर करने वाले जवानों को भी मिला शौर्य चक्र

एक अन्य ऑपरेशन में शामिल सीआरपीएफ के दो जवानों को भी शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। जिनमें डिप्टी कमांडेंट विक्रांत कुमार और इंस्पेक्टर जेफ्री हिंगचुलो शामिल हैं। 3 अप्रैल 2023 को झारखंड के चतरा जिले में सीआरपीएफ की 203 कोबरा बटालियन ने 50 मिनट तक चली मुठभेड़ में पांच शीर्ष माओवादियों को ढेर कर दिया था। इस ऑपरेशन में बड़ी संख्या में हथियार और गोला बारूद भी बरामद हुआ था। सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन का गठन साल 2008 में किया गया था और यह बटालियन जंगल में लड़ी जाने वाली लड़ाइयों में विशेषज्ञता रखती है। नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में इस बटालियन की अहम भूमिका है।

पुंछ के जंगल में आग लगने से नियंत्रण रेखा पर बारुदी सुरंगें फटी

जम्मू (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर में पुंछ के कृष्णा घाटी सेक्टर में जंगल में लगी भीषण आग के कारण नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को कई बारूदी सुरंगें फट गईं। अधिकारियों ने कहा कि आग कृष्णा घाटी सेक्टर के जंगलों में लगी है। उन्होंने कहा, आग लगने के कारण इलाके की बारुदी सुरंग में विस्फोट हुआ है। उन्होंने कहा कि आग से किसी के हताहत होने एवं बड़े नुकसान की सूचना नहीं है। उन्होंने कहा, सेना के अग्निशमनकर्मी, पुलिस एवं प्रशासन के साथ मिलकर आग को बुझाने में जुटे हुए है।

आंध्र प्रदेश में कार-ट्रक की टक्कर, छह की मौत

अमरावती(ए.)। आंध्र प्रदेश के प्रकाशम जिले में भीषण सड़क हादसे की खबर है। यहां एक कार और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने इस बारे में जानकारी दी है। पुलिस ने बताया कि ये दुर्घटना शुक्रवार को दोपहर करीब 1.40 बजे प्रकाशम जिले के कोमारोलु मंडल के मोटू गांव में कडप्पा, गिड्डालुरू, मरकापुर और अन्य स्थानों को जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई। यहां कार के ट्रक से टकराने से छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं वहीं एक अन्य घायल भी हो गया। पुलिस ने बताया कि सभी पीड़ित स्टुअर्टपुरम गांव के थे। प्रकाशम जिले के पुलिस अधीक्षक ए आर दामोदर ने बताया कि दुर्घटना के समय आठ लोग महा नंदी में तीर्थयात्रा से लौट रहे थे। दामोदर ने बताया कि दुर्घटना तब हुई जब कार गलत दिशा में ट्रक की ओर मुड़ गई और उससे टकरा गई।

इंडोनेशिया, नेपाल में भूकंप के झटके

जकार्ता (वार्ता)। इंडोनेशिया और नेपाल में शुक्रवार को भूकंप के तीव्र झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर इंडोनेशिया में भूकंप की तीव्रता 6.0 जबकि नेपाल में 4.3 मापी गयी। इंडोनेसिया के पश्चिमी बेंगकुलु प्रांत में भूकंप से कई मकान क्षतिग्रस्त हो गये और कुछ लोग घायल हो गए। भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार तड़के 02:52 बजे महसूस किये गये। इसका केंद्र बेंगकुलु शहर से 47 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में समुद्र तल से 84 किलोमीटर नीचे था। बेंगकुलु प्रांत की आपदा प्रबंधन एजेंसी के सचिव रेजा अप्रियान्टो ने बताया कि बेंगकुलु शहर के लोगों ने भूकंप के बहुत तेज झटके महसूस किये। शहर में 33 घर क्षतिग्रस्त हो गये और कई लोग घायल हो गये। भूकंप आने के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गयी। गौरतलब है कि इंडोनेशिया भूकंप की दृष्टि से सक्रिय 'पैसिफिक रिंग ऑफ फायर' के भीतर स्थित होने के कारण भूकंप के प्रति अत्यधिक संवेदनशील है।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने की पाक में आतंकी हमले की निंदा

संयुक्त राष्ट्र (वार्ता)। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बुधवार को हुए स्कूल बस पर आतंकवादी हमले की निंदा की है। परिषद के सदस्यों ने गुरुवार को जारी एक प्रेस बयान में बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार में हुए जघन्य और कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। बयान में कहा गया है कि आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य में कम से कम छह पाकिस्तानी नागरिकों की जान चली गई।

गढ़चिरौली में सुरक्षाबलों ने चार माओवादियों को मार गिराया

■ राज्य में दो दिन पहले छत्तीसगढ़ में 27 नक्सली ढेर

गढ़चिरौली/बीजापुर (ए.)। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित गढ़चिरौली जिले में शुक्रवार को एक संयुक्त अभियान में पुलिस की विशेष कमांडो इकाई सी-60 और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने मुठभेड़ के दौरान चार माओवादियों को मार गिराया। अधिकारी ने एक बयान में बताया कि कवांडे इलाके में हाल ही में खोले गए एफओबी (फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस) के पास महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर माओवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली खुफिया जानकारी के आधार पर बृहस्पतिवार दोपहर एक अभियान शुरू किया गया।

बयान में कहा गया कि 10 से अधिक सी-60 पार्टियों (300 कमांडो) और सीआरपीएफ के एक घटक ने भारी बारिश के बीच कवांडे और नेलगुंडा क्षेत्रों से इंद्रावती नदी के तट की ओर अभियान शुरू किया।

अधिकारी ने बताया कि पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में शुक्रवार की सुबह जब घेराबंदी और तलाश की जा रही थी, तभी माओवादियों ने सी-60 कमांडो पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने प्रभावी जवाबी कार्रवदो घंटे तक रुक-रुक कर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि करीब दो घंटे तक रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही और बाद में सुरक्षा बलों ने चार माओवादियों के शव बरामद किए। बयान के अनुसार, घटनास्थल से एक स्वचालित 'सेल्फ-लोडिंग राइफल', दो .303 राइफल, एक भरमार बंदूक, वॉकी-टॉकी, शिविर सामग्री और नक्सली दस्तावेज बरामद किए गए। इससे दो दिन पहले महाराष्ट्र के पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

12.30 करोड़ के इनामी नक्सली ढेर

बसवराजू पर था 10 करोड़ का इनाम, सभी की हुई शिनाख्ती

छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच बड़ी मुठभेड़ हुई, जिसमें डीआरजी (जिला सुरक्षा बल) के जवानों ने बड़ी कामयाबी हासिल की है। इस मुठभेड़ में डीआरजी के जवानों ने सीपीआई (माओवादी) के महासचिव बसवराजू समेत 27 कुख्यात नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए सभी नक्सलियों की पहचान कर ली गई है। इनमें से बसवराजू पर 10 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था, जो देश के सबसे वांछित नक्सलियों में से एक था। इसके अलावा एक नक्सली पर 25 लाख रुपए, चार पर 10-10 लाख रुपए और 21 नक्सलियों पर 8-8 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

दस लाख के ईनामी डिप्टी कमांडर सहित 24 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

बड़े नक्सली लीडर बसवराजु के मौत के बाद दो दिन बाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कंपनी नंबर 02 के डिप्टी कमांडर राकेश सहित कुल 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। दस लाख के ईनामी कंपनी कमांडर सहित 24 नक्सलियों पर 87.05 लाख का ईनाम घोषित था। आत्मसमर्पण करने वाला सभी 24 माओवादी फायरिंग, आईडी ब्लास्ट, आगजनी जैसे अन्य घटनाओं में शामिल थे. सीआरपीएफ डीआईजी देवेन्द्र सिंह नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ.जितेन्द्र यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूलेण्डन यार्क, डीएसपी शरद जायसवाल, उप पुलिस अधीक्षक विनीत साहू एवं अन्य अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वाले सभी माओवादियों को अधिकारियों ने 50-50 हजार रुपये नगद राशि प्रदान किया।

आतंकवाद, माओवाद हिंसा अब बर्दाश्त नहीं : मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शांति और बुनियादी ढांचागत सुविधाओं को विकास की आवश्यक शर्त बताया है और कहा है कि उनकी सरकार ने पिछले 11 वर्ष में पूर्वोत्तर क्षेत्र में अवसंरचना-विकास और शांति के लिए जो काम किए हैं, उससे पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्य आज निवेशकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। मोदी ने शुक्रवार को यहां पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के विकास के विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय निवेशक सम्मेलन-नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन करते शांति के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने कहा, आतंकवाद हो या अशांति फैलाने वाले माओवादी, (उनके प्रति) हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस (रत्ती भर भी बर्दाश्त न करने) की नीति पर चल रही है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर में विभिन्न संगठनों के साथ पिछले कुछ वर्षों में कई शांति समझौते किए हैं और 10 हजार से अधिक युवाओं ने हथियार छोड़ कर मुख्य धारा को अपनाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र की उनकी योजना में क्षेत्र के युवाओं के लिए विकास के अवसरों का सृजन सबसे उच्च प्राथमिकता रखता है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्ष में हमने पूर्वोत्तर में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए जो कुछ किया है, वह केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि वह क्षेत्र ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूर्वोत्तर में पर्यटन की अपार संभावना

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपने पूर्वोतर क्षेत्र में विकास और व्यापर की संभावनाओं का लाभ उठाने के लिए भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग के विकास तथा कोलकाता और कालादान (म्यांमार) बंदरगाह सम्पर्क परियोजना पर काम कर रहा है। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और पूर्वोत्तर क्षेत्र के राज्यों के सम्मिलित प्रयासों से पूर्वोत्तर में निवेश का शानदार माहौल बना है। पूर्वोत्तर क्षेत्र की विविधता उसकी बड़ी शक्ति है। सम्मेलन का आयोजन केंद्र सरकार के पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) द्वारा किया गया है। मंत्रालय के प्रभारी मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि और उनके मार्गदर्शन से आज अवसरों से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जयशंकर का बचाव कर रहे भाजपा सांसद को कांग्रेस का करारा जवाब

नयी दिल्ली (वार्ता)। सैन्य कार्रवाई से पाकिस्तान को सूचित करने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर को आड़े हाथ ले रहे कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे के पलटवार का करारा जवाब देते हुए कांग्रेस ने कहा है कि दुबे जिस समय का हवाला दे रहे हैं तब तत्कालीन केंद्र सरकार से कांग्रेस समर्थन वापस ले चुकी थी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा सांसद जिस तथ्य को लेकर विदेश मंत्री का बचाव कर रहे हैं उसकी उन्हें सही जानकारी नहीं है इसलिए इस बारे में सहयोगी सांसद नीरज शेखर से ज्यादा जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने भाजपा सांसद का जवाब देते हुए लिखा 'इस व्यक्ति की जानकारी दुरुस्त कर दें कि कांग्रेस पार्टी ने चंद्रशेखर सरकार से समर्थन फरवरी 1991 में ही वापस ले लिया था। दसवीं लोकसभा के चुनाव घोषित हो चुके थे। आगे की जानकारी के लिए यह अपनी पार्टी के साथी एमपी नीरज शेखर से संपर्क कर सकते हैं।'

लड़खड़ा गई है देश की विदेश नीति : राहुल

नयी दिल्ली (वार्ता)। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को मोदी सरकार पर विदेश नीति को कमजोर करने पर आरोप लगाया और विदेशमंत्री एस जयशंकर की कार्यशैली पर भी सवाल उठायें। गांधी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा,÷ श्री जयशंकर को यह जवाब देना चाहिए कि कुछ देश पाकिस्तान को भारत के बराबरी पर क्यों रख रहे हैं और एक भी देश पाकिस्तान की निंदा करने में हमारा साथ क्यों नहीं दे रहा है। कांग्रेस नेता ने यह सवाल भी किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भारत,पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने के लिए किसने कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत की विदेश नीति लड़खड़ा गयी है। गौरतलब है कि ट्रंप लगातार कह रहे हैं कि उन्होंने भारत ,पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी और वह दोनों देशों के बीच कश्मीर मुद्दे पर भी मध्यस्थता करने को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूरी दुनिया में बेनकाब हो गया पाकिस्तान : शाह

नयी दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों पर भारत की सैन्य कार्रवाई के विरोध में और आतंकवादियों के समर्थन में भारत पर जवाबी कार्रवाई करने से दुनिया भर में पाकिस्तान की पहचान आंतकवाद का समर्थन करने वाले देश की बन गयी है और वह पूरी तरह बेनकाब हो गया है।

श्री शाह ने शुक्रवार को यहां रूस्तमजी स्मृति व्याख्यान और सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पाकिस्तान बार बार दावा करता रहा है कि वह आतंकवाद को समर्थन नहीं देता लेकिन ऑपरेशन सिन्दूर के बाद के घटनाक्रम ने उसे बेनकाब कर दिया है। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में शुरू किये गये ऑपरेशन सिन्दूर में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल नौ आतंकवादी अड्डों को तबाह किया था और सैन्य तथा असैनिक अड्डों को निशाना नहीं बनाया था। गृह मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने इसके जवाब में भारतीय सैन्य और असैनिक ठिकानों पर हमले की विफल कोशिश कर साबित कर दिया कि वह आतंकवाद का समर्थन करता है और आतंकवादियों को शह दे रहा है। उन्होंने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

शत-शत नमन... साय ने शहीद जवान नंदलाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

हमारे जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी : सीएम साय

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बीजापुर जिले के उसूर क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के कांस्टेबल सोलंकी मेहुल भाई नंदलाल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके गृह राज्य रवानगी से पूर्व अंतिम विदाई दी। मुख्यमंत्री ने आज माना स्थित चौथी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर पहुंचकर शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किए और उन्हें नमन किया। साय ने इस मौके पर शहीद के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की और ईश्वर से उन्हें इस कठिन समय में शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद मेहुल भाई की वीरता और देशभक्ति हमेशा याद रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष से नक्सल विरोधी अभियान तेज हुआ है और हमारे जवानों ने नक्सलवाद से डटकर मुकाबला कर बड़ी सफलताएं हासिल की है। उन्होंने कहा कि मार्च 2026 तक नक्सलवाद के समूल नाश का अपना संकल्प हम पूरा करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी।

सरकार शहीद परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहयोग करेगी। कांस्टेबल सोलंकी मेहुल भाई का बलिदान वीरता और राष्ट्र के प्रति समर्पण की सर्वोच्च परंपरा को दर्शाता है।

विशेष विमान से गुजरात भेजा गया पार्थिव देह

नक्सल ऑपरेशन में शहीद सीआरपीएफ के जवान मेहूल भाई नंदलाल सोलंकी को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ उप मुख्यमंत्री व गृह मंत्री विजय शर्मा ने श्रद्धांजलि दी। सुकमा और बीजापुर में गत दिवस हुए नक्सल मुठभेड़ में सीआरपीएफ के जवान मेहूल भाई नंदलाल सोलंकी शहीद हो गए थे. उनका पार्थिव शरीर माना स्थित 4थी वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर में लाया गया।गमगीन माहौल में मुख्यमंत्री साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ बल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जवानों ने उन्हें अंतिम सलामी दी। श्रद्धांजलि के बाद शहीद जवान का पार्थिव शरीर विशेष विमान से एयरलिफ्ट कर गुजरात भेजा गया।

राम मंदिर के शिखर को स्वर्ण जड़ित करने की प्रक्रिया शुरू

अयोध्या(आईएएनएस)। राम मंदिर के शिखर को स्वर्ण जड़ित करने की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई है। मंदिर के सभी शिखरों को स्वर्ण जड़ित किया जाएगा। दो-तीन दिन के अंदर इस काम को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने आईएएनएस से बातचीत में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सब कुछ तय प्रक्रिया के तहत हो। जो लोग मंदिर के शिखर पर स्वर्ण स्थापित करेंगे, वे लोग भी पहुंच चुके हैं। आज इस काम को शुरू कर दिया जाएगा। यह कोशिश रहेगी कि इस काम को तय समय तक संपन्न कर लिया जाए। इसके अलावा, उन्होंने राम मंदिर की समीक्षा किए जाने के बारे में भी बताया। कहा कि हमने यह समीक्षा सिर्फयह जानने के लिए की थी कि सब कुछ तय समय के तहत हो पाएगा या नहीं। समीक्षा के बाद मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि सब कुछ निर्धारित समय में संपन्न हो जाएगा। इस दिशा में कोई दिक्कत नहीं होगी।

राम मंदिर निर्माण से संबंधित सभी धार्मिक कार्यों की शुरुआत तीन जून से होगी और समापन पांच जून को होगा। इसके साथ ही मंदिर के मुख्य निर्माण कार्य भी संपन्न हो जाएंगे। इसके बाद रखरखाव का काम शुरू होगा। मंदिर के शेष परिसर में निर्माण कार्य की प्रक्रिया जारी रहेगी। कार्य प्रगति को देखते हुए मंदिर समिति का मानना है कि सितंबर-अक्टूबर तक यह कार्य भी पूरा हो जाएगा।

सप्त मंदिर का निर्माण भी पूरा हो चुका है। यहां पर ऋषि-मुनियों की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी।

मंदिर के द्वार का निर्माण 30 जून तक संपन्न हो जाएगा

नृपेंद्र मिश्रा ने बताया कि कल मैंने मुख्य रूप से मंदिर के द्वार, सभागृह और अतिथि गृह के निर्माण की समीक्षा की थी। मुझे लगता है कि मंदिर के द्वार का निर्माण 30 जून तक संपन्न हो जाएगा। द्वार के निर्माण में कुछ कठिनाइयां आई थीं, क्योंकि द्वार हमारी आशा के अनुरूप नहीं बन पाया था, जिसके बाद शीर्ष स्तर से इसे दोबारा से बनाए जाने के निर्देश दिए गए थे। इस वजह से इसके निर्माण कार्य में थोड़ा विलंब हो गया। पहले हमने तय किया था कि मंदिर का पहला द्वार मई तक पूरा कर लिया जाए, लेकिन अब जून तक पूरा हो जाएगा। अगस्त तक द्वार संख्या 11 का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद इसे खोलकर द्वार संख्या 3 का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। साथ ही, राम मंदिर निर्माण के संबंध में बुलाई गई दो दिवसीय समीक्षा बैठक के उद्देश्य के बारे में भी बताया। कहा कि इस बैठक में मुख्यतः अब तक हुए निर्माण कार्य की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद आगे क्या कदम उठाए जाने हैं, इसके बारे में भी फैसला किया जाएगा। बैठक में देखेंगे कि निर्माण कार्य में कहीं कोई दिक्कत तो नहीं आ रही है। अगर कहीं कोई दिक्कत होगी, तो उसे तत्काल दूर किया जाएगा। भगवान राम, उनके भ्राता लक्ष्मण और मां सीता की मूर्ति आज किसी भी कीमत पर अयोध्या पहुंच जाएगी। इसके बाद इन मूर्तियों को मंदिर के प्रथम तल पर स्थापित कर दिया जाएगा।

मप्र. के स्कूली पाठ्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को शामिल करने की उठी मांग

भोपाल(आईएएनएस)। भारतीय सेना ने अपने शौर्य और पराक्रम के बल पर पाकिस्तान को सबक सिखाया है। मध्य प्रदेश के राजनेताओं ने मांग की है कि स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए। ताकि ऑपरेशन सिंदूर के बारे में अगली पीढ़ी जान सके। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर राज्य के भाजपा और कांग्रेस के नेता ऑपरेशन सिंदूर को भारतीय सेना की बड़ी सफलता मानते हैं। उनका मानना है कि सेना के शौर्य और पराक्रम को अगली पीढ़ी को भी जानना जरूरी है। यह तभी संभव है जब स्कूली शिक्षा के पाठ्यक्रम में इसे शामिल किया जाए। उत्तराखंड मदरसा बोर्ड ने ऑपरेशन सिंदूर को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय पहले ही ले लिया है। ऐसे ही भोपाल से भाजपा के सांसद आलोक शर्मा ने ऑपरेशन सिंदूर को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाए जाने की मांग करते हुए कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर को स्कूली पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाए जाने से आने वाली पीढ़ी को पता चलेगा कि किस प्रकार से देश की सेना के वीर सैनिकों ने हिंदुस्तान की रक्षा की और पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया।

पूर्वोत्तर के आर्थिक विकास के लिए अदाणी ग्रुप 1 लाख करोड़ रुपए निवेश करेगा

नई दिल्ली(आईएएनएस)। पूर्वोत्तर राज्यों के तेज आर्थिक विकास के लिए अगले एक दशक में अदाणी समूह असम और अन्य पूर्वोत्तर इलाकों में एक लाख करोड़ रुपए निवेश करेगा। यह ऐलान चेयरमैन गौतम अदाणी ने शुक्रवार को किया। प्रधानमंत्री मोदी, पूर्वोत्तर राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में 'राइजिंग नॉर्थ ईस्ट इन्वेस्टर्स समिट' को संबोधित करते हुए अरबपति कारोबारी ने कहा कि उनका फोकस ग्रीन एनर्जी, स्मार्ट मीटर, हाइड्रो-पंप स्टोरेज, पावर ट्रांसमिशन, सड़क और राजमार्ग, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स और ह्यूमन कैपिटल डेवलपमेंट है।

पूर्वोत्तर राज्य बन रहे भारत का डिजिटल गेटवे : पीएम मोदी

नई दिल्ली(आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्थ ईस्ट को भारत का डिजिटल गेटवे बताया। नॉर्थ ईस्ट में एजुकेशन और स्किल डेवलपमेंट इकोसिस्टम को लेकर केंद्र सरकार की क्या प्लानिंग है और अब तक उन्होंने कैसे इस पर काम किया है इसकी जानकारी भी पीएम मोदी ने दी।

पीएम मोदी ने कहा, "बीते दशक में 21,000 करोड़ रुपए नॉर्थ ईस्ट के एजुकेशन सिस्टम पर निवेश किए गए हैं। करीब 850 नए स्कूलों का निर्माण किया गया है। 9 नए मेडिकल कॉलेज बनाए गए हैं। मिजोरम में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन का कैंपस बनाया गया है। करीब 200 नए स्किल डेवलपमेंट इंस्टिट्यूट स्थापित किए गए हैं।" शुक्रवार को 'राइजिंग नॉर्थईस्ट इंवेस्टर समिट' के मंच से सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस भव्य मंच पर आकर मन गौरव से भर गया है और यहां भविष्य को लेकर अपार विश्वास नजर आता है। उन्होंने कहा, "अभी कुछ समय पहले यहां भारत मंडपम में हमने अष्टलक्ष्मी महोत्सव मनाया था और आज हम यहां नॉर्थईस्ट में इंवेस्टमेंट का उत्सव मना रहे हैं। इस कार्यक्रम का हिस्सा बड़ी संख्या में आए इंडस्ट्री लीडर्स बने हैं, जो दिखाता है कि नॉर्थईस्ट को लेकर सभी में उत्साह, उमंग और नए सपने हैं।"

प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर को देश का विविधता से परिपूर्ण हिस्सा बताया। बोले, "भारत, दुनिया के समक्ष सबसे डायवर्स नेशन के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाता है और नॉर्थईस्ट इस डायवर्स नेशन का डायवर्स हिस्सा है। ट्रेड से ट्रेडिशन तक, टेक्सटाइल से टूरिज्म तक पूर्वोत्तर राज्य की डायवर्सिटी इसकी बहुत बड़ी ताकत है।" उन्होंने आगे कहा, ÷एक समय था जब नॉर्थ ईस्ट को केवल फ्रंटियर रिजन के रूप में जाना जाता था, वहीं आज नॉर्थ ईस्ट ग्रोथ का फ्रंट रनर बन रहा है।"

देश 2047 तक विकसित भारत बनने की राह पर अग्रसर : मोदी

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश 2047 तक विकसित भारत बनने की राह पर अग्रसर है और इस सपने को पूरा करने के लिए पूर्वी भारत का विकास मायने रखता है। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य में नॉर्थईस्ट की महत्ता पर जोर देते हुए कहा,पूर्वोत्तर भारत का सबसे अहम अंग है। हमारे लिए ईस्ट का मतलब, एम्पावर, एक्ट, स्ट्रेंथ और ट्रांसफॉर्म से है। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में पूर्वोत्तर राज्यों में एक बड़े परिवर्तन के दौर से गुजरा है, जो आंकड़ों तक सीमित न होकर जमीन पर महसूस होने वाला बदलाव है। उन्होंने इंफ्रास्ट्र र को लेकर कहा कि हमने इंफ्रास्ट्र र को केवल ईंट और सीमेंट से नहीं देखा बल्कि उसे इमोशनल कनेक्ट का रास्ता बनाया। हमने लुक ईस्ट से आगे बढ़कर एक्ट ईस्ट का मंत्र अपनाया।

घुसपैठियों पर एक्शन

दिल्ली पुलिस ने 121 अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में अवैध घुसपैठियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। दिल्ली पुलिस ने कथित तौर पर भारत में अवैध रूप से रह रहे 121 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। जिन्हें डिपोर्ट किया जाएगा।

दिल्ली में पकड़े गए अवैध बांग्लादेशियों को लेकर उनके निर्वासन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के माध्यम से की जा रही है। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सप्ताह में अवैध प्रवासियों को हिरासत में लिया गया है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। कैसे भारत में एंट्री मिली और कैसे यहां तक पहुंचे हैं। वहीं इस मामले पर पुलिस उपायुक्त (बाहरी उत्तर) निधिन वलसन ने कहा कि देश में बाहर से आकर रह रहे अवैध प्रवेश और ठहरने में कथित रूप से शामिल एक संदिग्ध सिंडिकेट की जांच के लिए नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस स्टेशन में भी मामला दर्ज किया गया है। जिसकी जांच की जा रही है। जानकारी के लिए बता दें कि बीती 15 मई को दिल्ली में पुलिस ने छह जिलों में तीन दिनों के अंदर 361 से ज्यादा अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ा था। इनमें से ज्यादातर को बांग्लादेशी वापस डिपोर्ट कर दिया गया है। कागजी कार्रवाई पूरी नहीं होने तक बाकी को लामपुर और शाहजादपुर स्थित डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। जांच में बांग्लादेश से भारत में घुसने का नया रूट भी सामने आया है।

पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया था कि बाहरी जिला पुलिस ने सबसे ज्यादा 200 से ज्यादा अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया।

हम तुम्हारी सांसें रोक देंगे, पाकिस्तानी सेना के अधिकारी ने उगला जहर

इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सेना पर आतंकी संगठनों को पालने-पोसने के आरोप लगते रहते हैं। अब सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के अधिकारी भारत के खिलाफजहर उगलते और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद की भाषा बोलते नजर आ रहे हैं। वीडियो पाकिस्तानी सेना के एक शीर्ष अधिकारी का है, जो एक इवेंट के दौरान वही भाषा और शब्द इस्तेमाल कर रहे हैं, जो पूर्व में आतंकी हाफिज सईद कर चुका है। ऐसा लगता है कि स्क्रिप्ट एक ही है, बस बोलने वाले अलग हैं।

बोली हूबहू आतंकी हाफिज सईद की भाषा

वीडियो पाकिस्तानी सेना के लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफचौधरी का है, जो पाकिस्तान की यूनिवर्सिटी में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भारत के खिलाफजहर उगलते हुए कहा कि 'अगर आप हमारा पानी रोकेंगे तो हम आपकी सांसें रोक देंगे।' इस बयान को भारत के सिंधु जल समझौते को स्थगित करने से जोड़कर देखा जा रहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने यह सख्त कदम उठाया था। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी का यह बयान बिल्कुल आतंकी हाफिज सईद के पुराने बयान जैसा है, जिसने कहा था कि 'अगर तुम पानी रोकेंगे तो इंशाअल्लाह, हम आपकी सांसें रोक देंगे और फिर इन नदियों में खून बहेगा।' सोशल मीडिया पर कई यूजर्स ने सेना के अधिकारी और आतंकी की भाषा में इतनी समानता पर सवाल उठाए हैं।

'कोई भी संस्था महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती' : सुको

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती। यह ऐतिहासिक आदेश तमिलनाडु की एक महिला सरकारी शिक्षिका की आरे से दायर याचिका पर आया। महिला को दूसरी शादी से हुए बच्चे के जन्म के बाद मातृत्व अवकाश देने से मना कर दिया गया था।

भारत-अमेरिका ने पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार समझौते पर की प्रगति : गोयल

नई दिल्ली(आईएएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण की बातचीत चल रही है। इस बातचीत में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा है कि दोनों देश एक पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते पर पहुंचने के लिए काम कर रहे हैं। भारत ने विकास और जनसांख्यिकी के दृष्टिकोण को देखते हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए अमेरिका के सामने अपने महत्व को उजागर करते हुए एक अहम भागीदार के रूप में खुद की छवि पेश की है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने गुरुवार (अमेरिकी समय) को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, ÷पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार

समझौते के लिए सचिव हॉवर्ड लुटनिक के साथ एक सकारात्मक और उपयोगी बैठक हुई।" इससे पहले केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा था कि अमेरिका के साथ सकारात्मक बातचीत चल रही है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने संवाददाताओं से कहा, ÷भारत की विकास दर को देखते हुए, अगले 25-30 वर्षों में एक बड़ी, महत्वाकांक्षी, युवा आबादी वस्तुओं और सेवाओं की मांग में इजाफा करेगी। हमारा मानना है कि अमेरिका के साथ एक अच्छा समझौता करने के लिए भारत एक आकर्षक अवसर पेश करता है।"

दोनों देश अवसर बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध

केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि दोनों देश "अपने व्यवसायों और लोगों के लिए अवसरों को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" भारत और अमेरिका 2025 की शरद ऋतु की सहमत समयसीमा से पहले टैरिफको कम करने के लिए बीटीए के पहले चरण पर हस्ताक्षर करने के लिए काम कर रहे हैं, क्योंकि समझौते के लिए संदर्भ की शर्तें पहले ही अंतिम रूप दे दी गई हैं।

बांग्लादेश में तख्तापल्ट की आशंका, सेना की नाराजगी बनी वजह

ढाका। भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में बीते लंबे समय से राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है। शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से अब तक बांग्लादेश स्थिर नहीं हो पाया है। वर्तमान में बांग्लादेश की कमान अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस के हाथों में हैं। हालांकि, इसके बाद भी देश के हालात बुरे होते जा रहे हैं। ऐसे में खबर आ रही है कि बांग्लादेश के अंतरिम प्रमुख मुहम्मद यूनुस अपने पद से जल्द ही इस्तीफा दे सकते हैं।

निद इस्लाम ने मुहम्मद यूनुस से मुलाकात भी की और कहा- ÷हम उनके इस्तीफे के बारे में सुन रहे हैं। इसलिए मैं इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए उनसे मिलने गया था। उन्होंने (मुहम्मद यूनुस) मुझे बताया कि वह इस बारे में सोच रहे हैं। उन्हें लगता है कि मौजूदा स्थिति ऐसी है कि वह काम करना जारी नहीं रख सकते।

क्यों इस्तीफे की सोच रहे हैं मुहम्मद यूनुस

बीबीसी बांग्ला की रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश में मुहम्मद यूनुस के लिए प्रभावी ढंग से काम करना लगातार मुश्किल होता चला जा रहा है। राजनीतिक दलों में आम सहमति नहीं बन पा रही है। कथित तौर पर राजनीतिक गतिरोध को लेकर बढ़ती निराशा के कारण ही यूनुस इस्तीफा देने का मन बना रहे हैं। हालांकि, हाल के दिनों में मुहम्मद यूनुस और बांग्लादेश की सेना के प्रमुख के बीच भी तकरार की खबरें आई हैं। ऐसे में यूनुस का इस्तीफा एक बड़ा कदम हो सकता है। बांग्लादेश की नेशनल सिटिजन पार्टी के नेता निद इस्लाम ने खुलासा किया है कि मुहम्मद यूनुस इस्तीफा देने का सोच रहे हैं।

ये विवाद हुआ क्यों?

विदेश सचिव मोहम्मद जशीम उद्दीन, जिन्हें सितंबर 2024 में बांग्लादेश के 27वें विदेश सचिव के तौ पर नियुक्ति मिली थी,

उन्होंने हाल ही में यूनुस सरकार के एक फैसले का विरोध किया था। यह फैसला था- रोहिंग्या शरणार्थियों को बांग्लादेश में सुरक्षित पनाह देने और उनके लिए मानवीय कॉरिडोर बनाए जाने का। बताया जाता है कि मोहम्मद यूनुस और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार खलील-उर रहमान रोहिंग्याओं की मदद के लिए यह योजना लेकर आए थे।

कश्मीर के पुंछ में एसआईए का छापा

जम्मू(आईएएनएस)। जम्मू कश्मीर में स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने पुंछ में कई जगहों पर छापेमारी की है। मामला नार्को टेररिज्म से जुड़ा बताया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों से आतंक विरोधी गतिविधियों पर पुलिस बल नजर बनाए हुए है। दरअसल, पिछले कुछ महीनों से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को जिंदा रखने के लिए पाकिस्तान नार्को टेररिज्म का सहारा ले रहा है। इसके तहत आतंकियों के साथ जम्मू-कश्मीर में मादक पदार्थों को भेज कर उससे अर्जित राशि का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए किया जा रहा है। राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के पुंछ में कई जगहों पर छापेमारी की। आतंकियों से कथित तौर पर जुड़े एक घर पर छापेमारी की जा रही है। 17 मई को राज्य एसआईए ने मध्य और उत्तरी कश्मीर में करीब 11 जगहों पर व्यापक छापे मारे थे। इससे पहले 11 मई को एसआईए ने अनंतनाग, पुलवामा, कुलगाम और शोपियां समेत 20 स्थानों पर छापे मारे थे। स्लीपर सेल मॉड्यूल की चल रही जांच के तहत दक्षिण कश्मीर में ये छापेमारी की गई थी।

अंतरराज्यीय गांजा तस्करी में संलिप्त तीन आरोपी ओडिशा से गिरफ्तार

तस्करों को गांजा मुहैया कराने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। एनडीपीएस के मामलों में लगातार कार्रवाई करते हुये अंतरराज्यीय गांजा तस्करी में संलिप्त तीन आरोपियों को पुलिस ने ओडिशा से गिरफ्तार किया है। एनडीपीएस/आबकारी/आर्म्स एक्ट संबंधी अपराधों में आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है।

बिलासपुर पुलिस अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा, शराब, नशीली पदार्थ बेचने वाले आरोपियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक जिला बिलासपुर रजनेश सिंह के निर्देश पर बिलासपुर के शहरी तथा सभी ग्रामीण थानो में लगातार एनडीपीएस एक्ट संबंधी अपराध करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में 24 मार्च 2025 को मुखबीर की सूचना पर गांजा तस्करी के आरोपी विष्णु कांत सिंह सौरभ यादव उर्फ पंकज, सचिन उर्फ मोंटी निवासी उत्तरप्रदेश के संयुक्त कब्जे से टाटा नेक्सान कार क्र. के पीछे सीट एवं डिक्की में रखे अलग-अलग ब्राउन कलर का पैकेट प्रत्येक पैकेट में 01-01 किलोग्राम गांजा कुल 102 पैकेट मादक पदार्थ गांजा को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया था। उक्त प्रकरण में आरोपीगण विष्णु कांत सिंह, सौरभ यादव उर्फ पंकज, सचिन उर्फ मोंटी निवासी उत्तरप्रदेश को विधिवत् गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। उक्त आरोपियों से पूछताछ के दौरान गांजा मुहैया कराने वाले अंतर्राज्यीय गांजा सप्लाई करने वाले बरगढ़ उडीसा के निवासी क्षीरसागर साहू तथा बलांगीर उडीसा निवासी फ्रांसीस कुम्हार है और उनसे मादक पदार्थ गांजा खरीद कर उत्तरप्रदेश में फुटकर में बेचते है। पुलिस अधीक्षक ने इस बेहतर और प्रभावी कार्यवाही के लिए ज़िले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली अक्षय प्रमोद साबद्रा ए थाना प्रभारी किशोर केंवट और स्टाफ़ की सराहना की है । मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले तथा तस्करी करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही का उद्देश्य अपराधिक गतिविधि वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाना है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी किशोर केंवट उनि हेमंत आदित्य, स.उ.नि.अशोक चौरसिया, प्र.आर. रमेशचंद्र पटनायक, आर. विजेंद्र सिंह, अविनाश पांडे का सराहनीय योगदान है।

पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपियों को पकड़ा

प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र जायसवाल, शहर एवं एसीसीयु प्रभारी अनुज गुप्ता, नगर पुलिस अधीक्षक अक्षय प्रमोद साबद्रा तथा एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स प्रभारी सिध्दार्थ् बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी किशोर केंवट के नेतृत्व में उक्त प्रकरण में मादक पदार्थ गांजा बेचने वाले बरगढ़, उडीसा के क्षीरसागर साहू के सकुनत पर बिलासपुर पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर घेराबंदी करते हुए गांजा विक्रेता क्षीरसागर साहू पिता धींगरा साहू उम्र 39 साल निवासी नीलाकर थाना पाईकपाल जिला बडगढ़ उडीसा, फ्रांसीस कुम्हार पिता ललित कुम्हार उम्र 32 साल निवासी लोहासिंघा थाना लम्हा जिला बलांगीर, उडीसा को विधिवत् अभिरक्षा में लेकर थाना कोनी जिला बिलासपुर लाकर गिरफ्तार कर विधिवत् कार्रवाई किया गया।

न्यूज गैलरी

532 लीटर शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। 532 लीटर महुआ शराब बिक्री करने वाले दो आरोपियों को कोटा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत 106400 रूपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार चेतना विरुद्ध नशा व प्रहार अभियान के तहत अब सुशासन तिहार के निर्देशों के पालन में अवैध शराब बिक्री करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा निर्देशित किया गया है। आज मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गनियारी में अवैध रूप से धनार्जन करने के उद्देश्य से भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब निर्माण कर बिक्री कर रहे हैं, मुखबिर से प्राप्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारिओ को अवगत कराया गया जिनके निर्देशानुसार व अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं नुपूर उपाध्याय अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कोटा के मार्गदर्शन में टीम गठित कर ग्राम गनियारी में रेड कार्यवाही करते हुये ग्राम गनियारी में आरोपी वीरेंद्र कुमार वर्मा पिता हरिराम वर्मा उम्र 32 वर्ष के कब्जे से 5 लीटर क्षमता वाला प्लास्टिक जरीकेन में भरा हुआ 5 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं 02 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक बोतल में भरा हुआ 2 लीटर अवैध महुआ शराब कुल जुमला 7 लीटर कीमती 1400 जब तक किया गया है।

हत्या पूर्व नियोजित नहीं थी, बल्कि झगड़े के दौरान हुई

आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे दो भाइयों को हाईकोर्ट से मिली राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट ने पड़ोसी से हुए झगड़े में पत्थर मारकर हत्या करने के मामले में उम्रकैद की सजा पाए दो भाइयों की अपील आंशिक रूप से मंजूर कर ली है। अदालत ने पाया कि हत्या पूर्व नियोजित नहीं थी, बल्कि झगड़े के दौरान हुई। इस आधार पर आइपीसी की धारा 302 के तहत दी गई उम्रकैद को घटाकर धारा 304 भाग-2 के तहत 8 साल 10 महीने की जेल अवधि को पर्याप्त माना और दोनों को रिहा कर दिया।

घटना 19 अगस्त 2014 को राजनांदगांव जिले के ग्राम सिंगदई की है। मृतक उदयराम निषाद और आरोपित तोरन निषाद और गणेश निषाद उनके पड़ोसी थे। आरोप था कि मृतक के तीन वर्षीय बेटे की गाली-गलौच की बात को लेकर विवाद हुआ और गुस्से में आकर दोनों भाइयों ने पत्थर से हमला कर दिया, जिससे उदयराम को सिर में गंभीर चोटें आईं। अगले दिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मेडिकल रिपोर्ट में सिर की चोट को मृत्यु का कारण बताया गया। प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, राजनांदगांव की अदालत ने 17 अगस्त 2016 को दोनों आरोपियों को आइपीसी की धारा 302/34 के तहत दोषी मानते हुए उम्रकैद और 2000-2000 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई थी। जस्टिस संजय के. अग्रवाल और जस्टिस दीपक कुमार तिवारी की डिवीजन बेंच ने कहा कि, यह हत्या पूर्व नियोजित नहीं थी न ही आरोपियों की कोई क्रूरता या विशेष लाभ उठाने की मंशा थी। झगड़ा अचानक हुआ और आरोपितों ने गुस्से में आकर पत्थर से वार किया। आरोपितों को यह ज्ञान होना चाहिए था कि चोट गंभीर हो सकती है, लेकिन हत्या की मंशा साबित नहीं हुई। अतः यह मामला धारा 304 भाग-2 (गैरइरादतन हत्या) के अंतर्गत आता है। कोर्ट ने यह भी माना कि आरोपित 21 अगस्त 2014 से 22 जून 2023 तक लगभग 8 वर्ष 10 माह जेल में बिता चुके हैं। अतः उन्हें अब और सजा देने की आवश्यकता नहीं है।

शिक्षकों के रोल मॉडल बनी शिक्षिका को सुप्रीम झटका

छत्तीसगढ़ के एक लाख से अधिक शिक्षकों के रोल माडल बनी शिक्षिका सोना साहू ने वरिष्ठता को लेकर सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर कर शिक्षक एलबी के पद पर संविलियन के बाद नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता देने की मांग की थी। छत्तीसगढ़ सरकार के जवाब और संविलियन से पहले कैडर को लेकर दी गई जानकारी के बाद सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता शिक्षिका सोना साहू की स्पेशल लीव पिटिशन को खारिज कर दिया है।

नालियों की सफाई को लेकर कांग्रेस पार्षद दल ने निगम आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

जल भराव की स्थिति से निपटने 30 साल की कार्य योजना बनाएं: भरत

बिलासपुर/नवप्रदेश। बारिश के पहले नगर निगम के 70 वार्ड में पानी निकासी की समस्या से निजात दिलाने के लिए आज नेता प्रतिपक्ष भरत कश्यप, उप नेता प्रतिपक्ष संतोषी रामा बघेल ने नगर निगम आयुक्त से मुलाकात की तथा शहर के निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति से निपटने के लिए बड़े नालों की सफाई एवं नालियों की सफाई की मांग की है ताकि बारिश में वार्डों में जल भराव की स्थिति ना बने तथा पानी निकासी की समस्या से 30 साल के लिए निजात दिलाने के लिए एक बड़ी कार्य योजना बनाने की मांग नेता प्रतिपक्ष ने रखी। भरत कश्यप ने नगर निगम आयुक्त अमित कुमार को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि शहर के जल भराव वाले क्षेत्र पत्रकार कॉलोनी कस्तूरबा नगर, पुराना बस स्टैंड, निराला नगर, तालापारा, कश्यप कॉलोनी, सरकंडा क्षेत्र तथा कई ऐसे वार्ड है जहां पर बारिश का पानी सड़कों पर भर जाता है जिसके लिए उन्होंने बारिश के पहले ही बड़े स्तर पर नाला सफाई की मांग रखी है। भरत कश्यप तथा संतोषी बघेल ने कहा है कि शहर में आगामी 30 वर्षों के लिए पानी निकासी की समुचित व्यवस्था बनाने,नाला एवं नालियों का निर्माण मापदंड के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए, ताकि शहर के निचले इलाकों में बारिश में जल भराव से लोगों को राहत मिल सके।

सुगम और समावेशी निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने तीन महीनों में 18 नए नवाचार शुरू किए

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग ने देश में सुगम और समावेशी निर्वाचन के लिए पिछले तीन महीनों में 18 नए नवाचार प्रारंभ किए हैं। इनमें सुविधाजनक मतदान से लेकर राजनीतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने, प्रक्रियागत सुधार से लेकर निर्वाचन कार्यों में लगे अमलों की क्षमता बढ़ाने, सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग से निर्वाचन की पूरी प्रक्रिया को सुगम एवं पारदर्शी बनाने से लेकर ईसीआई मुख्यालय में ई-ऑफिस सिस्टम लागू करने जैसे कई प्रभावी और अभिनव कदम शामिल हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने नई पहल करते हुए एक मतदान केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाताओं की सीमा निर्धारित की है। ऊंची इमारतों एवं कालोनियों में अतिरिक्त मतदान केंद्र स्थापित करने का भी निर्णय लिया गया है। मतदाता सूची के अद्यतनीकरण हेतु मृत्यु पंजीकरण का डेटा रजिस्ट्रार जनरल ऑफ इंडिया डेटाबेस से सीधे प्राप्त किया जाएगा और सत्यापन के बाद अद्यतनीकरण किया जाएगा।

आयोग ने मतदाता सूचना पर्चियों को और अधिक उपयोगकर्ता अनुकूल बनाने का भी निर्णय लिया है। अब इसमें मतदाता का क्रमांक और भाग संख्या अधिक स्पष्टता के साथ प्रदर्शित किए जाएंगे। भारत निर्वाचन आयोग निवार्चन की संपूर्ण प्रक्रिया में हर स्तर पर राजनीतिक दलों की सहभागिता बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहा है। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ देशभर में 4719 बैठकें आयोजित की गई हैं। इन बैठकों में राजनीतिक दलों के 28 हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भागीदारी दी है। सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को मिलाकर सीईओ स्तर पर 40, डीईओ स्तर पर 800 तथा ईआरओ स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ 3879 बैठकें आयोजित की गई हैं। इन बैठकों में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के प्रमुख दलों आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, बहुजन समाज पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया-मार्क्सवादी, एनपीपी की मौजूदगी रही है।

अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के अल्पसंख्यक आयोग के नव नियुक्त अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा को उनके पदभार व शपथ ग्रहण पर गुरुद्वारा श्री गुरूसिंघ सभा द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर सचिव अमरजीत सिंह दुआ, सहसचिव डॉ. चरनजीत सिंह गंभीर, गुरमीत सिंह सैनी, सुभाष सवन्नी, हरविंदर सिंह खनूजा, अमोलक सिंह छाबड़ा ने अभिनंदन किया।

बोर्ड परीक्षा में विवेकानंद स्कूल के छात्राओं का शानदार प्रदर्शन

सीपत /नवप्रदेश। विवेकानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिटकुला के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का मान बढ़ाया है। यह विद्यालय 36 वर्षों से संचालित है। हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा में एकता शर्मा 93 प्रतिशत, राधिका पटेल 92 प्रतिशत, सिद्धी शर्मा 89 प्रतिशत, ईशा ओरकेरा 81 प्रतिशत, दिव्या पटेल 78 प्रतिशत, अनिता पटेल 76 प्रतिशत एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड की परीक्षा में मेघा पाटनवार 88 प्रतिशत, तनु पाटनवार 78 प्रतिशत, रोशनी प्रधान 77 प्रतिशत, नंदनी मौवार 77 प्रतिशत , शिविका साहू 76 प्रतिशत, जागृति साहू 75 प्रतिशत, करण यादव 73 प्रतिशत, रिया साहू 73 प्रतिशत सहित अन्य विद्यार्थियों का श्रेष्ठ परिणाम रहा। विद्यालय में 10वीं में 93 प्रतिशत एवं 12 वीं में 97 प्रतिशत उत्तीर्ण परीक्षा परिणाम रहा। विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार साहू, व्याख्याता राजेंद्र सिंह ठाकुर, अनुज ओरकेरा, शीलवती पाटनवार, रवि कुमार पोर्ते, कृष्ण कुमार पटेल, व्यायाम शिक्षक देव कुमार पाटनवार, भृत्य कणिशंकर साहू ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर बधाई देकर बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की है।

हरिशचन्द्र अध्यक्ष, हिमांशु दूसरी बार सचिव बने

गुप्ता समाज की नई कार्यकारिणी का गठित

सीपत/नवप्रदेश। चंद्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज सीपत बैठक मंगलवार को शिवदयाल सभाभवन में सम्पन्न हुई। जिसमें गुप्ता समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। समाज के लोगों के सर्वसम्मति से हरीशचंद्र गुप्ता को अध्यक्ष पद के लिए चुना। वही हिमांशु गुप्ता की सक्रियता को देखते हुए समाज ने पुनः विश्वास जताते हुए दूसरी बार इन्हें सचिव पद के लिए मनोनीत किया। इसके अलावा उपाध्यक्ष गिरिराज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामगोपाल गुप्ता, सहसचिव आशुतोष गुप्ता, कार्यकारिणी सदस्य महेंद्र गुप्ता, दीपक गुप्ता व संरक्षक गोपीचंद गुप्ता, बांके बिहारी गुप्ता को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष हरीशचंद्र गुप्ता ने सभी का आशीर्वाद लेकर आभार जताते हुए कहा कि समाज ने उन्हें जो दायित्व सौंपा है उन्हें वो जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करेंगे। मैं समाज को संगठित करते हुए एकजुटता के साथ समाज का विकास करूंगा। वही दूसरी बार सचिव बने हिमांशु गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि युवावों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर समाज को सशक्त बनाने में महती भूमिका निभाउंगा। समाज से ही उनकी पहचान है। निश्चित रूप से समाज की अपेक्षाओं के अनुरूप खरा उतरने का भरसक प्रयास करेंगे । उन्होंने कहा कि समाज को सही दिशा प्रदान करने आप सभी का निरंतर सहयोग व मार्गदर्शन चाहिए। सामाजिक एकजुटता को बरकरार रखते हुए महत्वपूर्ण भूमिका निभाना हम सबका कर्तव्य है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने दायित्वों को निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की बात कही। इसके अलावा समाजिक बैठक में आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। सप्तगढ़ से आए हुए पत्रों पर विचार विमर्श व आने वाले दिनों में युवा संगठन की टीम बनाने पर सहमति बनी। बैठक में सप्तगढ़ मनोनीत मंत्री कमल गुप्ता, नरेश गुप्ता, प्रीतम गुप्ता व युवा वर्ग सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

चाइल्ड हेल्प लाइन में नियुक्ति के लिए पात्रता सूची जारी, दावा-आपत्ति 29 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत चाइल्ड हेल्प लाईन संचालन हेतु संविदा नियुक्ति के लिए प्राप्त आवेदनों की प्रारंभिक जांच उपरांत सूची पर दावा-आपत्ति आमंत्रित किए गए हैं। पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची जिला प्रशासन की सरकारी वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट बिलासपुर डॉट जीओव्ही डॉट इन में अपलोड कर दी गई है। इस संबंध में आवेदनकर्ता दावा-आपत्ति 29 मई 2025 तक जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग पुरानी कम्पोजिट बिल्डिंग के पीछे स्थित कार्यालय में कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

नगर निगम में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए नगर निगम बिलासपुर में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07752-471224 है। नियंत्रण कक्ष का संपूर्ण नोडल अधिकारी अपर आयुक्त खजांची कुम्हार मो.न. 9753437043 एवं मुख्य अभियंता राजकुमार मिश्रा मो.न. 9993596510 को बनाया गया है।

बहुमूल्य सुझाव ... बिलासपुर रेल मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदों के साथ महाप्रबंधक की बैठक

जीएम ने यात्री सुविधाओं, आधारभूत संरचना का विकास, गाड़ियों का क्षमता आवर्धन की जानकारी सांसदों को दी

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अंतर्गत आने वाले संसदीय क्षेत्रों के सांसदों की बैठक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के साथ आज आयोजित की गई । तृतीय तल सभागार महाप्रबंधक कार्यालय में आयोजित यह बैठक सौहार्दपूर्ण तथा सहयोगात्मक माहौल में तोखन साहू, सांसद बिलासपुर एवं राज्यमंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।

इस बैठक में तोखन साहू, सांसद बिलासपुर एवं राज्यमंत्री आवास एवं शहरी मंत्रालय भारत सरकार के अलावा डॉ. ज्योत्सना महंत, सांसद कोरबा, कमलेश जांगड़े, सांसद जांजगीर-चांपा, प्रदीप पुरोहित, सांसद बरगढ, चिंतामणि महाराज, सांसद सरगुजा शामिल हुये। इसके अलावा जे.ओराम, सांसद सुंदरगढ, राधेश्याम राठिया, सांसद रायगढ, देवेंद्र प्रताप सिंह, सांसद राज्यसभा (रायगढ़), हिमाद्री सिंह, सांसद शहडोल के प्रतिनिधि, अपर महाप्रबंधक विजय कुमार साहू, मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल, विभिन्न विभागों के प्रधान विभागाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे । बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे तरुण प्रकाश ने उपस्थित सांसदों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी के मार्गदर्शन और बहुमूल्य सुझाव का लाभ हमें अपनी सेवाओं को और बेहतर करने में मिलेगा । इसी क्रम मे मंडल रेल प्रबन्धक राजमल खोईवाल द्वारा प्रेजेंटेशन में बिलासपुर मंडल में यात्री सुविधाओं से संबन्धित किए जा रहे कार्य ,आधारभूत संरचना का विकास, गाड़ियों का क्षमता आवर्धन, दिव्यांग जनों, अमृत भारत स्टेशन योजना, वन स्टेशन वन प्रॉडक्ट, महिलाओं के लिए उपलब्ध विशेष सुविधाएं जैसे अक्षिता सेफ बबल, मेरी सहेली अभियान आदि का विशेष उल्लेख किया गया।

महाप्रबंधक ने सांसदों का जताया आभार

महाप्रबंधक ने सभी सांसदों को अपने-अपने क्षेत्र की जनता की आकांक्षाएं एवं अपेक्षाओं से रेल प्रशासन को अवगत कराने एवं विकासात्मक सुझाव देने के लिए धन्यवाद देते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में यात्री सुविधाओं से संबन्धित किए जा रहे विकास कार्यों से सांसदों को अवगत कराया। साथ ही उन्हें बैठक में उठाए गए मुद्दों तथा सुझावों को नियमानुसार प्राथमिकता के साथ पूरा करने के प्रयास के प्रति आश्वस्त किया।

सुविचार

हक के वास्ते लड़ने के लिए गज भर का कलेजा चाहिए। तलुवे चाटने के लिए छोटी सी जुबान काफी है। - अज्ञात

फिर पाकिस्तान की गीदड़भभकी

आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना की कार्यवाही से लगता है कि पाकिस्तान ने कोई सबक नहीं सिखा है। पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता ने फिर एक बार भारत को गीदड़भभकी दी है। की यदि भारत ने सिंधू नदी का जल रोका तो पाकिस्तान भारत की सांसे रोक देगा। गौरतलब है कि पूर्व में कुख्यात आतंकवादी हाफिज सईद ने भी इसी तरह की धमकी दी थी और बिलावल भुट्टो ने भी सिंधु नदी के जल को लेकर खून बहाने की बात की थी भारत ने जब पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी सैन्य कार्यवाही की और उसके आतंकी अड्डों को खत्म कर दिया साथ ही सौ से ज्यादा आतंकवादियों को जहन्नूम रसीद कर दिया और इसके बाद पाकिस्तान के दर्जन भर एयरबेसों को निशाना बनाया तो पाकिस्तान घुटनों पर आ गया और संघर्ष विराम की फरियाद करने लगा अब जबकि दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम हो गया है तो पाकिस्तानी सेना के प्रवक्ता फिर धमकी चमकी देने लगे हैं। एक ओर तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लगातार भारत के साथ बातचीत की पेशकश कर रहे हैं और दूसरी ओर पाकिस्तानी सेना अभी भी हेकड़ी दिखाने से बाज नहीं आ रही है। लगता है कि आर्मी चीफ असीम मुनीर की फील्ड मार्शल बन जाने से पाकिस्तानी सेना को ऐसा लग रहा है कि उसने बहुत बड़ा तीर मार लिया है। यही वजह है कि रस्सी जल गई है लेकिन बल नहीं गया है वाली कहावत को चरितार्थ करते हुए पाकिस्तानी सेना फिर से गीदड़भभकी दे रही है इधर भारत ने शाहबाज शरीफ की पेशकश को ठुकराते हुए साफ कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ अब कोई बातचीत नहीं की जाएगी। शाहबाज शरीफ के हालिए पेशकश पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि पाकिस्तान के साथ अब सिर्फ पीओके पर ही बातचीत होगी। पाकिस्तान यह बताये कि वह कब पीओके खाली कर रहा है। गौरतलब है कि पीओके में पाकिस्तान की सरकार और पाकिस्तानी सेना के खिलाफ लोग सड़कों पर उतर चुके हैं और वे पीओके के भारत विलय की मांग जोर शोर से उठा रहे हैं। भारत ने जब पाकिस्तान के खिलाफ आपरेशन सिंदूर सिंदूर चलाया था तब पीओके के लोगों को यह उम्मीद बंधी थी कि भारत पीओके पर कब्जा कर लेगा और इस तरह उनका चीर प्रतिक्षित सपना साकार हो जाएगा। किन्तु भारत ने ऐसा नहीं किया । दरअसल भारत पीओके पर कब्जा करने के लिए अनुकूल स्थिति की प्रतिक्षा कर रहा है। जब संघर्ष विराम हुआ तब भारत की विपक्षी पार्टियों ने भी सरकार पर यह कहकर निशाना लगाया था कि भारत ने इतनी जल्दी संघर्ष विराम करके पीओके पर कब्जा करने का सुनहरा अवसर गंवा दिया है। किन्तु भारत इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। पीओके भारत का ही हिस्सा है और उसे लेने के लिए भारत संकल्पित है किन्तु वह इस बारे में सही समय पर सही कदम उठाएगा। पाकिस्तान को भी यही चिंता खाये जा रही है कि पता नहीं कब तक भारत और बड़ी सैन्य कर पीओके पर कब्जा कर ले और एक बार फिर पाकिस्तान के दो टुकड़े हो जायें। यही वजह है कि एक ओर पाकिस्तान की सरकार भारत से वार्ता की पहल कर रही है। तो वहीं दूसरी ओर पाकिस्तानी सेना अपनी हेकड़ी दिखा रही है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तानी सेना इस तरह की धमकी देकर फिर भारत को सैन्य कार्यवाही के लिए उकसा रही है।

बांग्लादेश में तख्तापलट की संभावना

बांग्लादेश की सेना ने वहां के कार्यवाहक प्रधानमंत्री मोहम्मद युनूस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जिसकी वजह से मोहम्मद युनूस अपने पद से इस्तीफा देने का विचार कर रहे हैं। उनका कहना है कि बांग्लादेश के मौजूदा हालातों में उनका काम कर पाना मुश्किल हो रहा है। बांग्लादेश में भी पाकिस्तान की तरह ही सरकार पर सेना का प्रभुत्व रहता आया है। आखिरकार बांग्लादेश पाकिस्तान का ही हिस्सा रहा है। जिसे भारत ने 1971 में पाकिस्तान से काटकर अलग देश बनवा दिया था किन्तु बांग्लादेश भी पाकिस्तान की राह पर ही चलने लगा है। इसमें हैरत वाली कोई बात नहीं है। पाकिस्तान की तरह ही बांग्लादेश में जब सेना के नेतृत्व में लोकतांत्रिक सरकार बनी और उसने बेहतर काम करके दिखाया तो अमेरिका के इशारे पर बांग्लादेश की सेना ने शेख हसीना का तख्तापल्ट दिया और अमेरिका ने अपने पिटठू मोहम्मद युनूस को बांग्लादेश की बागडोर सौंप दी। जिनके नेतृत्व में बांग्लादेश में हिंसा का तांडव हुआ। अब बांग्लादेश की सेना की मोहम्मद युनूस की कार्यप्रणाली बुरी तरह खफा हो गई है और उन्हें पद से हटाकर अब बांग्लादेश की सेना के आर्मी चीफ खुद सत्ता की बागडोर संभालने के इच्छुक बन गये हैं। बांग्लादेश की सेना वहां जल्द चुनाव कराने की मांग करती आ रही है लेकिन मोहम्मद युनूस अपनी कुर्सी पर काबिज रहने के लिए चुनाव से कतराते रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर मोहम्मद युनूस और सेना के बीच मतभेद इस कदर गहरा गये हैं कि अब बांग्लादेश की सेना मोहम्मद युनूस की छुट्टी करने पर उतारू हो गई है। ऐसे में बांग्लादेश में कभी भी तख्तापल्ट हो सकता है और मोहम्मद युनूस बांग्लादेश छोड़कर लौट के बुद्धु घर को आये की तर्ज पर वापस अमेरिका लौट सकते हैं।

खंड- (1) : राष्ट्र की बात

ट्रैक्टर ट्रॉली का सच

विजय कुमार गुप्ता

शारदा ट्रैक्टर की ट्रॉली सड़क पर चल रही,
सूर्य अस्त होने को है और फ्लाई ओवर का नजारा,
गाडियां तो चींटी कछुए की चाल चल रहीं
पुल पर सारी गाडियां जाम में फंस रहीं।
ट्रॉली के पीछे मेरी कार भी रेंगती रही,
ट्रॉली में दो मजदूरों के अलावा एक सुंदर सुडौल लगभग 11 वर्षीय बालक,
ट्रॉली को ही क्रिकेट का पिच बना रहा,
और अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों सा बल्ला घुमा रहा।
जैसे हर बाल पर छक्का चौका जड़ दिया,
दोनों हाथ ऊपर हवा में लहरा रहा, मस्त उत्साह में झूम रहा।
एक किसान मालिक का बेटा है वो, या ट्रैक्टर मालिक का।

क्रमशः

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:43, सूर्यास्त : 19:05, चन्द्रोदय : 27:07, चन्द्रास्त : 15:07, अयन उत्तरायण, ऋतु : ग्रीष्म, शक सम्वतः 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (कालयुक्त),युगाब्द : (कलि संवत) 5127, मास : ज्येष्ठ, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वादशी, नक्षत्र : रेवती, योग : आयुष्मान, प्रथम करण : बव (11:54 तक), द्वितीय करण : बालव (22:29 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : वृषभ, चंद्र : मीन, मंगल : कर्क (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : वृषभ (अस्त, पूर्व , मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:57 से 12:51, अमृत काल : 11:35 से 13:04, सर्वार्थ सिद्धि योग : 16:02 से 29:42+, अमृत सिद्धि योग : 16:02 से 29:42+, विजय मुहूर्त : 14:37 से 15:31, गोधूलि मुहूर्त : 19:04 से 19:25, सायाह्न सन्ध्या : 19:05 से 20:09, निशिता मुहूर्त : 24:02+ से 24:45+, ब्रह्म मुहूर्त : 28:18+ से 29:00+, राहुकाल : 09:00 से 10:30, गुलिक काल : 07:23 से 09:03, यमगण्ड : 15:44 से 17:25, दुर्मुहूर्त : 08:23 से 09:17, वर्ज्य : 26:55+ से 28:22+।

डॉ शाहिद अली

यह भी जरूरी है कि सोशल मीडिया पर एक्टिव जासूसी गतिविधियों पर भी नज़र रखना होगी। दिखने में भोली सी सूरत लेकिन बेहद चालाक ज्योति मल्होत्रा के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ब्लॉग पर फालोवर्स की संख्या लाखों में है जिसका एकाउंट अब जांच के बाद बंद कर दिया गया है। ज्योति मल्होत्रा के संपर्कों का नेटवर्क का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह बंगाल के कोलकाता, बैरकपुर, नदिया और चिकन नेक तक उसका कनेक्शन अपनी गतिविधियों को अंज़ाम देने के लिए इस्तेमाल करती थी। ज्योति की जासूसी के नापाक रिश्ते कहां फैले हैं और इस जासूसी कांड में बहुत सी खुफ़िया जानकारी आना अभी बाकी है लेकिन हमें ऐसे राष्ट्रद्रोहियों से हर पल सतर्क रहने की जरूरत है।

ज्योति के नापाक रिश्ते

आपरेशन सिंदूर की सफलता के साथ भारत में पाकिस्तान की जासूस ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्त में लेना एक बड़ी घटना है। ज्योति मल्होत्रा के साथ जासूसी से जुड़े 12 अन्य लोगों को भी हिरासत में ले लिया गया है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले और भारत में आतंकवादी घटनाओं से जैसे-जैसे पर्दा उठ रहा है उसमें जासूसी के नापाक रिश्ते को पकड़ना बड़ी सफलता है। हालांकि यूट्यूबर ज्योति के खूबसूरत चेहरे के पीछे खतरनाक मनसूबों का खुलासा होना बाकी है लेकिन यह चिंता का विषय है कि सोशल मीडिया की आड़ में भारत की गोपनीय और सुरक्षा से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां पाक के हाथों तक जा रही थी। इससे भारत की सैन्य कार्रवाइयों और नागरिकों की सुरक्षा के लिए बड़े खतरे का संकेत मिला है। इस ख़तरे को समय रहते पहचान कर ज्योति मल्होत्रा का पकड़ा जाना हमें चौकन्ना करता है।

ज्योति ने राष्ट्रद्रोह का घिनौना कृत्य कारित किया

सोशल मीडिया के सबसे बड़े टूल यूट्यूब, टेलीग्राम और इंस्टाग्राम को औजार बनाकर ज्योति मल्होत्रा ने राष्ट्रद्रोह का घिनौना कृत्य कारित किया है। जासूसी के इस कृत्य में जब तक सारे खुलासे और इस नापाक रिश्ते के गुनहगारों की गिरफ्तारियां नहीं हो जाती हैं तब तक ये कहना कठिन होगा कि इससे कितना नुक़सान भारत को हुआ है। लेकिन यह बात साफ़ है कि भारत में हो रहे आतंकी हमलों में पाक जासूसों के नकाब उतरने लगे हैं। आईएसआई की खतरनाक गतिविधियों से ज्योति के संपर्कों की कड़ियां अब एनआईए खोल रही है। आईएसआई एजेंट अली हसन के साथ ज्योति के चैट से कई बड़े राज सामने आ सकते हैं। एनआईए की पूछताछ में ज्योति मल्होत्रा के द्वारा स्वर्ण मंदिर और पंजाब के महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के साथ साथ कश्मीर के पर्यटक स्थलों की लोकेशन सोशल मीडिया के प्लेटफार्म से शेयर करने के सबूत मिले हैं। पाक दूतावास से ज्योति मल्होत्रा के गहरे संबंधों और अपने ट्रेवल ब्लॉग पर पोस्ट ट्रिप की स्टोरीज ने इस संदेह को मजबूत किया है कि ज्योति का ये सारा काम दरअसल पाक खुफ़िया एजेंसियों के मिशन का एक हिस्सा था। ज्योति मल्होत्रा की पाक दूतावास के अधिकारी दानिश से दोस्ती और आइएसआई से नजदीकियां तथा विदेश यात्राएं इतना बताने के लिए काफी है कि दाल में कुछ काला है। ज्योति के डिलीट चैट रिकवर होने पर जासूसी से जुड़े बड़े खुलासे संभव हैं।

ज्योति की रहस्यमयी यात्राएं अभी सवालों के घेरे में

एनआईए के लिए बड़ी चुनौती होगी आतंकी संगठनों से ज्योति मल्होत्रा जैसे जासूसी संपर्कों के ताने-बाने को दबोचना। ज्योति के खूबसूरत मायाजाल में जासूसी के ढेरों राज़ अभी सामने आएंगे। बाघा बॉर्डर और पाकिस्तान में ज्योति की रहस्यमयी यात्राएं अभी सवालों के घेरे में है।

ज्योति के कब्जे से जो वीडियो मिले हैं उससे भी ये पता चलता है कि वो लंबे समय से पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रही थी। ज्योति की डायरी भी बहुत कुछ कह रही है। ज्योति से पूछताछ में पुलिस के अलावा आईबी, एनआईए और भारतीय सैन्य अधिकारियों की टीम लगातार पिछले पांच दिनों से जुटी हुई है। जासूसी के ऐसे भी डिजिटल सबूत जांच एजेंसियों को हाथ लग रहे हैं जिसमें फर्जी ढंग से पाकिस्तानियों के नाम सेव हैं इन लोगों से ज्योति मल्होत्रा लगातार संपर्कों में थी। ज्योति मल्होत्रा बातचीत के लिए एंक्रिप्शन कोड का इस्तेमाल करती रही है। ऐसी तकनीक जो किसी एप्स मैसेज या कॉल को कोड में बदलकर काम करता है। इसके मैसेज थोड़े देर बाद आटोमेटिक डिलीट हो जाते हैं। ज्योति मल्होत्रा के ऐसे गोपनीय मैसेज संदिग्ध गतिविधियों को जन्म देते हैं।

भारत और पाक के बीच हाल ही मे बनीं तनावपूर्ण परिस्थितियों में ज्योति मल्होत्रा के जासूसी संपर्कों का खुलासा बेहद जरूरी है। यह भी जरूरी है कि सोशल मीडिया पर एक्टिव जासूसी गतिविधियों पर भी नज़र रखना होगी।

दिखने में भोली सी सूरत लेकिन बेहद चालाक ज्योति मल्होत्रा के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ब्लॉग पर फालोवर्स की संख्या लाखों में है जिसका एकाउंट अब जांच के बाद बंद कर दिया गया है। ज्योति मल्होत्रा के संपर्कों का नेटवर्क का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह बंगाल के कोलकाता, बैरकपुर, नदिया और चिकन नेक तक उसका कनेक्शन अपनी गतिविधियों को अंज़ाम देने के लिए इस्तेमाल करती थी। ज्योति की जासूसी के नापाक रिश्ते कहां फैले हैं और इस जासूसी कांड में बहुत सी खुफ़िया जानकारी आना अभी बाकी है लेकिन हमें ऐसे राष्ट्रद्रोहियों से हर पल सतर्क रहने की जरूरत है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)।1875 में 24 मई को ही सैयद अहमद खान ने अलीगढ़ में मुहम्मदीन एंग्लो ओरिएंटल स्कूल की स्थापना की जो वर्तमान में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के नाम से प्रसिद्ध है। 1689 में आज ही के दिन ब्रिटिश संसद ने प्रोटेस्टेंट ईसाइयों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी दी। 1883 में आज ही के दिन ब्रुकलिन और मैनहट्टन को जोड़ने वाले ब्रुकलिन ब्रिज को यातायात के लिए खोला गया था। 1931 में 24 मई को ही पहली वातानुकूलित यात्री ट्रेन अमेरिका के वाल्टमोर ओहियो मार्ग पर चलाई गई थी। 1959 में आज ही के दिन साम्राज्य दिवस का नाम बदलकर राष्ट्रमंडल दिवस किया गया था। 1985 में आज ही के दिन बांग्लादेश में चक्रवाती तूफान से 10 हजार से अधिक लोगों की मृत्यु हो गई थी। 1986 में 24 मई को ही मार्गरेट थैचर इजरायल का दौरा करने वाली ब्रिटेन की पहली प्रधानमंत्री बनीं थीं। 1994 में आज ही के दिन न्यूयार्क सिटी में 1993 में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर बम हमला करने वाले चार आरोपियों को 240 वर्ष कैद की सजा सुनाई गई थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं हिसाब

मैं हिसाब रखता भी तो किस-किस चीज का रखता, तुम्हारी यादों में बेहोश लम्हें का, या तेरा नाम ले कर चलती साँसों का, या तुम्हारी मदहोश करती बातों का, एक दिन तुम हिसाब मांगोगे ये नही जनता था। - **नमन कुमार मिश्रा**

सब मेरे हैं

सब मेरे हैं मैं सबका संसार लूं, दिया अपना, अब तेरा साभार लूं, अलग नहीं मैं, सब जीव एक है, फिर क्यों व्यर्थ मोल अहंकार लूं, भूमि मेरी जीवन मेरा निर्णय मेरा, फिर क्यों किसी का विचार लूं, सब जग जन्मा धरा एक थी, फिर क्यों किसी का व्यवहार लूं, जब है वसुधैव कुटुम्बकम मेरा, फिर क्यों मैं अनर्गल संस्कार लूं।

- **ललित उपाध्याय**

ख़ास पाती

भारत तेरी शान निराली तीज

भारत तेरी शान निराली तीज त्योहार सजे घरवाली पति को ही परमेश्वर माने करती सबकी वो रखवाली व्रत उपवास भी करती रहती घर में सबकुछ सहती रहती अपना धर्म निभाना जाने कोई बोले तो चुप रहती जनम-जनम का साथ निभाने अक्सर ही वो तत्पर रहती कुल की मर्यादा के खातिर सबकुछ वो न्यौछावर करती धन्य उसे, प्राचीन विरासत को सदैव सम्मानित करती सहनशक्ति का सँचय करके नहीं कभी अपमानित करती। - **जे डी कुदाल**

ताल, तलैया, नदिया सबको, बात बतानी

ताल, तलैया, नदिया सबको, बात बतानी है। बन कर बच्चा हमको तो बस नाव तैरानी है।। बैठा कर नौका में, सूनापन, मन के हिस्से का, हमराज बनाना है तुमको अपने हर किस्से का, होना है तुम-सा निर्मल, सब पीर बहानी है।। बन कर बच्चा... किश्त-किश्त में घटती जाती, मन की कश्ती, रीतापन, मन-घट का, बूँद-बूँद जिससे रिसती, सूखे इस मन-घट को, भरता बस पानी है ।। बन कर बच्चा...

- **अलका अग्रवाल**

मैं अपने खाली समय को टीवी पर

मैं अपने खाली समय को टीवी पर चीखते चिल्लाते एंकरों की चल रही न्यूज देखकर खराब नहीं करता । बल्कि अपना खाली समय, अलमारी में रखी पुस्तकों को सजाने संवारने और उन्हें पढ़ने में व्यतीत करता हूं।क्योंकि, किताबें साथ देती हैं सफ़र में किताबों का सफ़र में इक मज़ा है ।। - **संजय कुमार गिरि**

सुना है नारी ही नारी की दुश्मन

सुना है नारी ही नारी की दुश्मन है हर स्त्री को अपने भीतर भी विचरण करना चाहिए बुद्ध की तरह सोचना चाहिए जब वो खुद को अपने अंदर से सुनेगी अपनी विषमताएँ, विडम्बना छटपटाहट और कष्ट उसे चलचित्र से लगेंगे चलते वृहत्चक्र में नारी स्वंय अपनी आत्मा के अंतर्द्वंद के जाल में जकड़ी महसूस करेगी खुलने लगेंगे दरवाजे और टूटेगा स्वत ही रूह का ताला सृष्टि की सर्वश्रेष्ठ रचना उसे समझ आएगी उसे दूसरी नारी का दर्द समझ आएगा तब वे नारी की दुश्मन नहीं कहलाएगी वृहत समुंदर हो जाएगी। - **अनिता कपूर**

सुनो ना, अब दिल की हालत

सुनो ना, अब दिल की हालत ऐसी है कि शब्द भी संकोच करते हैं, कुछ टूटे लम्हे हैं, जो बस पलकों पर टिके रहते हैं। जब मिलूँगी तुमसे, तो शायद कह सकूँगी – कैसे हर दिन की सुबह सिर्फउजाले का भ्रम बन गई थी। कैसे रातें तेरे नाम की चुप्पियों से भर गई थीं। तुम बिन, हर मौसम सूखा लगा, जैसे किसी ने मन की धरती से हरियाली छीन ली हो। कभी-कभी तुम्हारी याद आती नहीं, बल्कि ठहर जाती है – कमरे के कोने में, तकिये की सिलवटों में, या अधूरी चाय के प्याले में। तुम बिन जीवन एक मरुभूमि हो गया – जहाँ न फूल उगते हैं, न कोई परिंदा रुकता है। पर जब मिलूँगी तुमसे – तो शायद मेरे भीतर फिर से कोई कोंपल फूटेगी, कोई गीत जन्म लेगा, और मेरे सपने शब्दों से नहीं, बस तुम्हारी आँखों से पूरे होंगे। - **रश्मि अभय**

जिंदगी नहीं है खेल जरा सोच

जिंदगी नहीं है खेल जरा सोच समझ के खेल वक्त और मौका मिलता नहीं है बार बार गवां न देना इसको खुद पर कर लो जरा एतबार क्या मालूम सिक्का जिंदगी का कब होगा हैड या टेल। - **बेनू सतीश कॉत**

QUIZ TIME

1) जीजी टाऊ ए प्रणाली क्या है जो हाल ही में खबरों में थी?

2) किस राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2025 का आयोजन होगा?

3) होमी भाभा चेयर योजना का प्रबंधन किस संगठन द्वारा किया जाता है?

4) भारत की पहली योग नीति किस राज्य ने शुरू की है?

5) हाल ही में उत्तरी कश्मीर में देखी गई मार्कहोर बकरी किस देश का राष्ट्रीय पशु है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) त्रिस्तरीय तारा प्रणाली (2) लद्दाख (3) डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी (4) उत्तराखंड (5) पाकिस्तान

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन बाकी दिनों के तुलना में बेहतर रहने वाला है। आपके किसी नई नौकरी के प्रयास बेहतर रहेंगे।

वृषः आज का दिन आपके लिए मंगलमय रहने वाला है। कोई लेनदेन से संबंधित मामला आपको परेशान करेगा।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपका बिजनेस में आप कुछ नये उपकरणो को भी शामिल कर सकते हैं।

कर्कः आज का दिन आपके मान सम्मान को बढ़ाने वाला रहेगा। किसी काम को लेकर आप लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं।

सिंहः आज का दिन आपके लिए खर्चो भरा रहने वाला है। आपके खर्च बेतहाशा बढ़ेंगे। व्यवसाय में भी आप परिवर्तन करने के बारे में सोच सकते हैं।

कन्याः आज का दिन आपके लिए किसी से दूर रहने के लिए रहेगा। आप किसी बाहरी व्यक्ति के मामले में पड़े, तो आपको बेवजह टेंशन रहेगी।

तुलाः आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा। आपको कुछ अपरिचित लोगों से दूरी बनाकर रखनी होगी।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को पूरा करने के लिए रहेगा। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

धनुः आज का दिन आपके लिए बिजनेस के मामले में अच्छा रहने वाला है।

मकरः आज का दिन आपके लिए भागदौड़ भरा रहने वाला है। आप किसी वाद-विवाद से दूर रहें, नहीं तो समस्या बढ़ सकती हैं।

कुंभः आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देना होगा।

मीनः आज का दिन आपके लिए उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 056 का हल

पी	चि	टं	ब	र	म	■	■	स
ट	■	भ	ला	ई	■	अ	स	म
ना	म	■	■	स	मा	धि	■	झ
■	ज	■	बे	■	न	का	र	ना
बा	बू	■	आ	य	क	र	■	■
■	र	की	ब	■	■	■	प्र	था
ज	■	■	रू	प	क	■	ज	न
हा	■	पा	■	ना	म	ची	न	■
ज	हां	प	ना	ह	■	ता	न	ना

संक्षिप्त खबरें

लेखकों से 200 शब्दों में निबंध आमंत्रित

रायपुर।/नवप्रदेश । 28 मई को स्वातंर्त्य वीर विनायक दामोदर सावरकर जयंती के उपलब्ध में महाराष्ट्र मंडल की साहित्य समिति ने वीर सावरकर पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की है। इसमें भाग लेने के लिए लेखकों से 200 शब्दों में निबंध शनिवार, 24 मई तक आमंत्रित किया गया है। समिति प्रमुख कुमुद लाड ने बताया कि सावरकर जयंती पर बुधवार को उत्कृष्ट निबंध स्पर्धा के परिणामों की घोषणा कर विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। लेकिन उसके पहले उस निबंध का सभी श्रोताओं के समक्ष वाचन भी किया जाएगा। प्रतिभागियों का लेख चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल कार्यालय अथवा कुमुद लाड को गुरुवार, 24 मई तक मिल ही जाए। पहले निबंध ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा करने की अंतिम तिथि 22 मई रखी गई थी, जिसे अब दो दिन बढ़ा दिया गया है।

राज्यपाल से पूर्व नेताप्रतिपक्ष एवं हस्त शिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष ने भेंट की

रायपुर।/नवप्रदेश । राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में पूर्व नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल एवं छत्तीसगढ़ हस्त शिल्प विकास बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर शंकर अग्रवार भी उपस्थित थे।

बैडमिंटन कोर्ट में खिलाड़ी की हुई संदिग्ध मौत

रायपुर।/नवप्रदेश । राजधानी रायपुर स्थित सप्रे शाला जिला बैडमिंटन कोर्ट आज सुबह 35 वर्षीय हिमांशु श्रीवास्तव की मौत संदिग्ध रूप से मौत हो गई. युवक बैडमिंटन खेलने के बाद कोर्ट से बाहर आकर बैठा और अचानक ही गिर पड़ा। वहां मौजूद खिलाड़ियों ने उसे तत्काल मेकाहारा अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। खिलाड़ी के मौत का लाइव वीडियो भी सामने आया है. आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत हार्ट अटैक से हुई है। फिलहाल इस मामले में कोतवाली थाना पुलिस जांच में जुटी हुई है।जानकारी के मुताबिक, मृतक की पहचान भिलाई सेक्टर-4 निवासी हिमांशु श्रीवास्तव के रूप में हुई है। वह रायपुर में अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। आज सुबह युवक पहली बार सप्रे बैडमिंटन एकेडमी पहुंचा था. उसने वहां मौजूद खिलाड़ियों से बैडमिंटन खेलने की इच्छा जताई, जिसे खिलाड़ियों ने स्वीकार कर लिया। कुछ देर तक खेल में भाग लेने के बाद वह थककर कोर्ट के बाहर आकर बैठा और अचानक जमीन पर गिर पड़ा।घटना के तुरंत बाद मौजूद खिलाड़ियों ने उसे डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल (मेकाहारा) पहुंचाया, लेकिन डाक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

श्री नारायणा हॉस्पिटल में स्पाईग्लास कॉलेन्जियोस्कोपी वर्कशॉप का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित श्री नारायणा हॉस्पिटल में 20 और 21 मई को दो-दिवसीय स्पाईग्लास कॉलेन्जियोस्कोपी वर्कशॉप का आयोजन किया गया. सुप्रसिद्ध गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. भाविक शाह ने कोलेन्जियोस्कोपी के बारे में बताया कि यह पांच मिलीमीटर से भी छोटी एक दूरबीन होती है, जो पित्त की नली में जाकर वहाँ की बीमारियों को ठीक कर सकती है। इस दो दिवसीय वर्कशॉप में एक मरीज की पित्त की नली में कई दिनों से एक बड़ी सी पथरी फंसी हुई थी, ईआरसीपी द्वारा लगातार तीन बार प्रयास करने के बावजूद भी यह पथरी नहीं निकल पा रही थी, यहाँ तक कि मरीज को किसी अन्य हास्पिटल में पेट को खोलकर ऑपरेट करने का भी सुझाव दिया गया, लेकिन श्री नारायणा हॉस्पिटल में डॉ. भाविक शाह ने कोलेंजियोस्कॉपी द्वारा पहले इस पथरी को तोड़कर छोटे-छोटे टुकड़े किए और उसके बाद पथरी को वहां से पूरी तरह से निकाल दिया।इसी तरह एक अन्य मरीज की पांच साल पहले ईआरसीपी हुई थी, जिसमें मरीज को पित्त की नली में एक स्टेंट डाला गया था, मरीज स्टैंट को निकलवाना ही भूल गया, इसके बाद पिछले 6 महीने से उन्होंने अलग-अलग हॉस्पिटल्स जाकर ईआरसीपी द्वारा इस स्टैंट को निकालने की भरसक कोशिश की, लेकिन

शराब घोटाला : सुको की लगातार फटकार से मोदी सरकार का षड्यंत्र उजागर

■ मोदी-शाह के अधिनायकवाद में केंद्रीय जांच एजेंसियां केवल भयादोहन का हथियार

रायपुर/नवप्रदेश । कथित शराब घोटाले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में केंद्रीय जांच एजेंसी, ईडी को मिल रहे लगातार फटकार पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि अब यह पूरी तरह से स्थापित हो चुका है कि ईडी, सीबीआई, आईटी जैसे संवैधानिक जांच एजेंसियां मोदी सरकार के इशारे पर दुर्भावनापूर्वक भाजपा के मोर्चा संगठन के तौर पर काम कर रही है, भाजपाई चिह्नित करके अपने राजनैतिक प्रतिद्वंदियों को टारगेट कर रहे हैं, सत्ता में बैठे लोग षडयंत्र रच रहे हैं, भाजपा नेता पटकथा लिख रहे हैं और ईडी उस पर अमल कर रही है। विगत 5 मई को छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले की सुनवाई के दौरान माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने ईडी की जांच पर सवाल उठाते हुए कहा था कि बिना सबूत आप केवल आरोप लगाते हैं, इस तरीके से अभियोजन पक्ष इस कोर्ट के सामने टिक नहीं पाएगा, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि ईडी ने कई मामलों में यही तरीका अपनाया है। आज एक बार फिर माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने लगभग इसी तरह के तमिलनाडु के कथित शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग जांच पर रोक लगाते हुए ईडी को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि प्रवर्तन निदेशालय संविधान का उल्लंघन कर रही है, और सारी हदें पार कर रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने ईडी से पूछा कि आप व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर सकते हैं, लेकिन कंपनियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज नहीं कर सकते? आप देश के संघीय ढांचे का पूरी तरह से उल्लंघन कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि मोदी-शाह के अधिनायकवाद में केंद्रीय जांच एजेंसियों को केवल भयादोहन का हथियार बना दिया गया है। विगत 11 वर्षों से पूरे देश में यही खेल चल रहा है। विपक्ष के नेताओं को टारगेट करके कार्यवाहियां शुरू की जाती है, और जो भाजपा के शरण में आ जाता है उसके खिलाफ जांच रोक दी जाती है। चिंतामणि महराज, अजीत पावर, हेमंता विसवा सरमा, मुकुल राय, शुभेंदु अधिकारी, एकनाथ शिंदे, नारायण राणे, छगन भुजबल, प्रफुल्ल पटेल, अशोक चौहान, रेड्डी ब्रदर्स, येदुरप्पा, जैसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जहां भाजपा के बड़े नेता भ्रष्टाचार का आरोप लगाए, केंद्रीय जांच एजेंसियों को काम पर लगाया और जब वह भाजपा के सहयोगी हो गए या भाजपा में शामिल हो गए तो उनके खिलाफ जांच की कार्रवाई रोक दी गई। अजीत पवार, प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल हेमंता विसवा सरमा, नारायण राणे जैसे कई तो ऐसे नेता है जिनके पाप मोदी वॉशिंग मशीन में धूल गए और उनके खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियां सीबीआई, आईटी, ईडी न्यायालय में आवेदन दे देकर मुकदमे वापस लिए हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि करप्शन पर जीरो टॉलरेंस मोदी जी का केवल जुमला है, असलियत यह है कि भाजपा भ्रष्टाचारियों का अड्डा है, और मोदी सरकार का मतलब भ्रष्टाचारियों के सुरक्षा की गारंटी है। राजनीतिक तौर पर भारतीय जनता पार्टी विपक्ष के जिन नेताओं का मुकाबला नहीं कर पाती, उनके खिलाफ षडयंत्र रचकर केंद्रीय जांच एजेंसियों का डर दिखाती है, उनके खिलाफ फर्जी मामले संस्थित किए जाते हैं। इसी तरह न्यायालय के माध्यम से मोदी सरकार के इशारे पर रचे गए षड्यंत्र लगातार उजागर हो रहे हैं।

छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन ने संभावित निर्णय का किया घोर विरोध

रायपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने कतिपय समाचार पत्रों में प्रकाशित उन समाचारों का तीव्र विरोध किया है, जिनमें राज्य सरकार द्वारा सप्ताह में पाँच कार्य दिवसों की कार्य संस्कृति को समाप्त कर पुनः छह दिवसीय कार्य प्रणाली लागू करने की संभावनाएँ व्यक्त की गई हैं।

फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि सप्ताह में पाँच कार्य दिवस की व्यवस्था पूर्ववर्ती सरकार द्वारा अत्यंत विचार-विमर्श कर, कर्मचारियों एवं आम जनता दोनों के हित में लागू की गई थी। इस निर्णय से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को न केवल अपने घरेलू कार्यों, बल्कि पारिवारिक सदस्यों के इलाज जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों को भी सुगमता से निभाने का अवसर प्राप्त हुआ है। शनिवार और रविवार को वे

अपने स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत कार्यों के लिए समय निकाल पाते हैं।

वर्मा ने यह भी कहा कि यह कहना पूर्णतः अनुचित है कि पाँच दिवसीय कार्य प्रणाली से कार्य प्रभावित हो रहा है। वास्तविकता यह है कि अधिकारी-कर्मचारी देर रात तक कार्य करते हैं तथा विधानसभाओं के सत्रों और वर्षांत में अवकाश के दिनों में भी आठ-आठ घंटे से अधिक कार्य करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्तमान में राज्य के विभिन्न कैडरों में केवल 60प्रतिशत पद ही भरे हुए हैं, और यही 60प्रतिशत कार्मिक समस्त शासकीय योजनाओं का 100प्रतिशत कार्यभार वहन कर रहे हैं।

नवा रायपुर सहित अन्य कार्यालयों में कार्यरत शासकीय सेवक प्रातः 10.00 बजे कार्यालय पहुंचते हैं, और उन्हें नियमानुसार सायं 5.30 बजे तक कार्यालय छोड़ देना चाहिए, किंतु इसके उपरांत भी मंत्रालय, संचालनालय एवं अन्य कार्यालयों में देर रात तक कार्य करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों को देखा जा सकता है।

फेडरेशन ने यह भी स्मरण कराया कि पूर्व में माह के दो शनिवार को अवकाश की व्यवस्था पहले से ही प्रचलित थी। वर्तमान में भारत सरकार एवं अधिकांश राज्यों में पाँच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है, ऐसे में छत्तीसगढ़ राज्य में इस व्यवस्था को केवल प्रोपेगंडा के आधार पर समाप्त करना एक अत्यंत संवेदनहीन एवं कर्मचारी विरोधी कदम होगा।

फेडरेशन ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सरकार से यह मांग की है कि शासकीय सेवकों पर बंधुआ मजदूरों की भांति अतिरिक्त कार्यभार डालने की बजाय नियमित भर्ती कर रिक्त पदों की पूर्ति की जाए, जिससे कार्यों का निष्पादन अधिक प्रभावी रूप से हो सके।

बाल शिविर में बच्चों के प्रदर्शन से पालक भी अभिभूत

■ ग्रीष्मकालीन ऑनलाइन प्रयास से गजब का आ रहा बदलाव प्रशिक्षणार्थियों में

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति की ओर से एक मई से शुरू हुए ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर में शामिल हो रहे बच्चों में तीन सप्ताह में ही गजब का बदलाव बच्चों के माता-पिता भी महसूस कर रहे हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश जारी होने के बावजूद उनमें सुबह से जो अनुशासन दिख रहा है और आध्यात्म के प्रति उनकी रुचि बढ़ रही है, इसे देखकर अभिभावक अभिभूत हैं।शिविर में नियमित शामिल 13 वर्षीय यशस्वी व नौ वर्षीय युक्ता रोकडे के पिता अजय व मां मेघना रोकडे कहतीं हैं कि इस शिविर के माध्यम से बच्चे शिष्टाचार सीख रहे हैं। भगवान से जुड़ रहे हैं। नियमित शिविरार्थी अवनी मिश्रा के पिता प्रणव और मां अंजलि मिश्रा के अनुसार यह शिविर बच्चों के लिए अपनी जड़ों से, अपनी संस्कृति से जुड़ने का एक शानदार अवसर है। अर्नव के पिता सारंग और मां रेणुका जोशी कहतीं हैं कि शिविर में बच्चों को शिक्षाप्रद कहानियां सुनाई जा रहीं हैं। यह बच्चों के संस्कार निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सानवी ओर अविशा गुप्ता के पिता विशाल और माता साधना गुप्ता के मुताबिक शिविर में बढ़िया क्लास लगाई जा रही हैं। हम भी अपने बच्चों को हमारे धर्म और संस्कृति के बारे में इतने विस्तार से नहीं बता पाते, जितना यहां बताया जा रहा है।

नकदी रहित उपचार योजना के तहत दुर्घटना में घायल व्यक्ति का होगा नि:शुल्क इलाज

■ स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने बताया इन अस्पतालों में मिलेगा लाभ

रायपुर/नवप्रदेश । सड़क दुर्घटना में चोटिल होने वालों के लिए भारत सरकार ने नकदी रहित उपचार स्कीम शुरू की है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि यह एक बेहद जनउपयोगी योजना है, जिसमें सड़क दुर्घटना होने पर पीड़ितों को आयुष्मान योजना के अंतर्गत पंजीकृत अस्पताल में नकदी रहित मुफ्त उपचार सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने बताया कि योजना के तहत दुर्घटना में हताहत व्यक्ति सात दिन तक डेढ़ लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज के लिए पात्र होगा. इस तरह से एक ही परिवार के दो व्यक्ति की दुर्घटना होती है तो 3 लाख तक, और 3 लोग हताहत होते हैं तो 4.5 लाख तक मुफ्त इलाज हो सकेगा. इसमें वे सभी हास्पिटल शामिल होंगे, जिन्हें आयुष्मान योजना के तहत शामिल किया गया है। श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि अगर किसी की दुर्घटना होती है और उसे नजदीकी आयुष्मान संबद्ध हास्पिटल में ले जाया जाता है. लेकिन वहां भी इलाज के संसाधन नहीं हैं, या स्पेशलिस्ट डॉक्टर नहीं है, तो वह हास्पिटल तुरंत दूसरे अस्पताल में केस भेजेगा और पोर्टल में इसे अपडेट करेगा, ताकि विशेषज्ञ वाली जगह में तुरंत इलाज शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि अभी ट्रामा और पॉलीट्रामा के अंतर्गत कुछ और सक्षम हास्पिटल को इस योजना के तहत शामिल किया जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इसका लाभ मिल सके।

इसके लिए सभी मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस जनहितकारी और महत्वपूर्ण योजना को राज्य में तत्काल प्रारंभ करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और गृह मंत्री विजय शर्मा को धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

युक्तियुक्तकरण के खिलाफ शालेय शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा

■ 28 मई को मंत्रालय के घेराव का किया ऐलान

रायपुर/नवप्रदेश । युक्तिकरण की वजह से भले ही सरकार कह रही हो कि न तो स्कूल बंद होंगे और न ही शिक्षकों के पद समाप्त होंगे. लेकिन शालेय शिक्षक संघ इसे अन्याय करार देते हुए इसके विरोध में 28 मई को मंत्रालय के घेराव का ऐलान किया है।

शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे ने कहा है कि

राज्य का कोई भी शिक्षक तथा शिक्षक संगठन एकल शिक्षकीय व शिक्षक विहीन शालाओं में शिक्षक उपलब्ध कराने की कार्यवाही का विरोध नहीं कर रहा है. उनके विरोध का प्रमुख बिंदु 2008 के विभागीय सेट अप की तुलना में प्राथमिक तथा पूर्व माध्यमिक शालाओं में एक एक शिक्षक कम करने की कवायद को लेकर है। वीरेंद्र दुबे ने बताया कि स्कूल शिक्षा विभाग अपने ही वर्तमान में भी लागू सेट अप को अप्रासंगिक बता रहा है, तथा 15 वर्षों से लागू आरटीई एक्ट 2009 को ढाल बनाने का प्रयास कर रहा है, जबकि आरटीई एक्ट पूरे देश के लिए न्यूनतम मापदंड तय करता है न कि अधिकतम. अर्थात् न्यूनतम मापदंड लागू करना बाध्यता है, किंतु न्यूनतम से अधिक शिक्षक और संसाधन उपलब्ध कराने पर रोक नहीं है।

हाइवा ने युवक को रौंदा

रायपुर/नवप्रदेश। शारदा कालोनी सिलतरा के पास हाइवा क्रमांक ने रोड पार कर रहे युवक को रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी केअनुसार मृतक पंकज शुक्ला वंदना ग्लोबल कंपनी सिलतरा में काम करता था। बताया जाता है कि वह पैदल कहीं जा रहा था, तभी शारदा कालोनी सिलतरा के पास रोड पार कर रहा था, तभी हाइवा क्रमांक सीजी 04 क्यूएच 3408 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पंकज को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं वाहन चालक को हिरासत में लिया है।

अवैध शराब के साथ चार कोचिया गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ चार कोचियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 92 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 1190 रुपए जब्त किया है।मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौक्द पुलिस ने ग्राम नारा तालाब के पास अवैध शराब बेचते आरोपी मदन साहू 72 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब और 200 रुपए बिक्री रकम जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी लक्ष्मी नारायण कोसले 32 वर्ष और सचिन मरकाम 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 46 पाव देशी शराब और बिक्री रकम 990 रुपए जब्त किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपी सोनू पाराधी 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है पुलिस ने इसके पास से 30 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

माना मंडल एवं सदर मंडली ने निकाली तिरंगा यात्रा

■ भारत की कूटनीतिक व रणनीतिक विजय

रायपुर /नवप्रदेश। तिरंगा यात्रा माना मंडल एवं सदर मंडली पर निकाली गई माना मंडल की अटल गार्डन में प्रभारी मंत्री केदार कश्यप एवं मोती लाल साहू जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर,अकबर अली, पार्षद अनामिका सिंह विनय निर्मलकर द्वारा भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर निकली जो पूरे मंडल में भ्रमण की तथा सदर बाज़ार मंडल की कोतवाली चौक से मालवीय रोड होते हुए जयस्तम्भ चौक से पं. श्यामप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यपर्ण कर समापन किया गया जिसमें हमारे लाडले विधायक सुनील सोनी वर्धमान सुराना मुरली शर्मा, अजय साहू के. के. अवधिया, राधेश्याम बुन्देला राघवेन्द्र ठाकुर, विनय ओझा, प्रणीण देवड़ा, बिहारी होतवानी, राजू बिरनानी, भूपेन्द्र डागा, मुकेश कंदोई, हाजी मुन्ना, शाहिद खान, सदाशिव सोनी, नारायण बंछोर, निखिल फड़ताले मोहित नथवानी, बबलू देवांगन, लक्ष्मी देवांगन रामकृष्ण पवार, पंकज चौरसिया, आदि

व्यापारिक संगठन

कैट टीम ने एक राष्ट्र-एक चुनाव पर बैठक की

कैट का 26 को एक राष्ट्र-एक चुनाव पर सेमीनार

रायपुर /नवप्रदेश। देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि आज कैट के प्रदेश कार्यालय में कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी जी अध्यक्षता में मिटिंग हुई। मिटिंग में कैट द्वारा आगामी 26 मई को एक राष्ट्र - एक चुनाव पर सेमीनार का आयोजन वृन्दावन हाल सिविल लाईन में किया जायेगा। मिटिंग में कैट, युवा कैट , महिला कैट एवं

ट्रांसपोर्ट कैट के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी जी ने बताया कि मार्च-अप्रैल 2021 के दौरान चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में हुए चुनावों का भी संभावित योगदान माना जा रहा है, इसलिये एक राष्ट्र, एक चुनाव जैसी महत्त्वपूर्ण अवधारणा पर तर्कपूर्ण चर्चा करना आवश्यक हो गया है। उन्होनें ने बताया कि नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देश में प्रत्येक वर्ष कम-से-कम एक चुनाव होता है। दरअसल प्रत्येक राज्य में प्रत्येक वर्ष चुनाव भी होते हैं। उस रिपोर्ट में नीति आयोग ने तर्क दिया कि इन चुनावों के चलते विभिन्न प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नुकसान होते हैं। चुनाव की अगणनीय आर्थिक लागतः बिहार जैसे बड़े आकार के राज्य के लिये चुनाव से संबंधित सीधे बजट की लागत लगभग 300 करोड़ रुपए है। हालाँकि इसके अलावा अन्य वित्तीय लागतें एवं अगणनीय आर्थिक लागतें भी हैं।

प्रत्येक चुनाव के दौरान सरकारी तंत्र चुनाव ड्यूटी और संबंधित कार्यों के कारण अपने नियमित कर्तव्यों से चूक जाता है। चुनावी बजट में चुनाव के दौरान उपयोग किये जाने वाले इन लाखों मानव-घंटे की लागत की गणना नहीं की जाती है। पारवानी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता सरकार की कार्यकारिणी को भी प्रभावित करती है, क्योंकि चुनावों की घोषणा के बाद न तो किसी नई महत्त्वपूर्ण नीति की घोषणा की जा सकती है और न ही क्रियान्वयन। प्रशासनिक लागतेंः सुरक्षा बलों को तैनात करने तथा बार-बार उनके परिवहन पर भी भारी और दृश्यमान लागत आती है।

बीजापुर में माहवारी साक्षरता प्रबंधन पखवाड़ा: स्वच्छता और जागरूकता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन मे तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण अभियान का उद्देश्य माहवारी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करना और समाज में माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना है। पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वयंसेवक बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और लोगों को जागरूक करने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत 15 मई से की गई है, जिसमें सामुदायिक स्तर पर लोगों को माहवारी स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी जा रही है। आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं और किशोरी बालिकाओं से इस विषय पर चुप्पी तोड़कर खुलकर नॉलने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। दीवारों पर नारा लेखन, भीड़भाड़ वाले स्थानों पर माइकिंग के द्वारा तथा रंगोली कार्यक्रम के माध्यम से प्रत्येक ब्लॉक मे ग्राम पंचायत स्तर पर माहवारी जैसे संवेदनशील विषय पर खुलकर चर्चा की जा रही है, जिससे समाज में माहवारी के प्रति जागरूकता बढ़े और महिलाएं माहवारी के दौरान होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें। इस अभियान में स्वयंसेवकों द्वारा की जा रही सराहनीय कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए, कम है। उन्होंने समाज में माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाई है। स्वयंसेवक लोगों को यह समझाने का प्रयास कर रहे हैं कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है और इसके दौरान साफ-सफाई का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। माहवारी के दौरान स्वच्छता बनाए रखना चाहिए। इस दौरान साफ पानी से नियमित सफाई करना भी जरूरी है। माहवारी के दौरान उचित पोषण और आराम की भी आवश्यकता होती है ताकि स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से बचा जा सके। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पखवाड़ा पूरे माह भर आयोजित की जावेगी 28 मई को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस का आयोजन भी किया जाएगा ताकि जिले में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर एक जन आंदोलन का रूप दिया जा सके और व्यापक व्यवहार परिवर्तन की दिशा में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सके। इस हेतु विभाग के सभी अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

राज्य स्तरीय कायाकल्प निरीक्षण टीम का बैकुंठपुर एवं पटना स्वास्थ्य केंद्रों में निरीक्षण

कोरिया /नवप्रदेश। राज्य स्तरीय कायाकल्प मूल्यांकन टीम ने 22 मई को जिला चिकित्सालय बैकुंठपुर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने स्वास्थ्य संस्थानों की स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन और पर्यावरणीय सुविधाओं सहित कुल आठ मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया।निरीक्षण दल में संयुक्त संचालक डॉ. अनिल कुमार शुक्ला एवं डॉ. जितेंद्र कुमार के साथ राज्य सलाहकार रामकृष्ण पांडेय, डॉ. प्रीतम राय, मोनिका साहू एवं अस्पताल सलाहकार निलेश गुप्ता शामिल थे। स्वागत समारोह में नर्सिंग छात्राओं द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट और दीप प्रज्वलन कर टीम का पारंपरिक अभिनंदन किया गया। इसके उपरांत अस्पताल प्रबंधक द्वारा संस्थान की स्थिति पर विस्तृत प्रस्तुति दी गई।

टीम को उप-समूहों में विभाजित कर अस्पताल परिसर, वार्डों एवं विभागों का निरीक्षण कराया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने मरीजों से भी संवाद किया, जिसमें उन्हें चिकित्सा सेवाओं और अस्पताल प्रबंधन के प्रति संतोषजनक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं।कार्यक्रम के अंत में एक संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें निरीक्षण के दौरान सामने आए बिंदुओं पर चर्चा कर सुधार हेतु सुझाव दिए गए। टीम द्वारा दी गई समग्र फीडबैक को आगामी सुधार कार्यों में उपयोग किया जाएगा।

एनएचएम कर्मचारी संघ ने दी आंदोलन की चेतावनी

कांकेर/ नवप्रदेश। । छत्तीसगढ़ प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संघ ने कार्यमूल्यांकन (सी.आर.) में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता लाने मिशन संचालक एवं समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखा गया हैं, संघ ने शासन को ध्यान आकर्षित करते हुए निवेदन किया है की किसी भी एनएचएम कर्मचारियों का कार्य मूल्यांकन केवल कार्य निष्पादन,जवाबदेही एवं निर्धारित दायित्वों निर्वहन के आधार पर किया जाना चाहिए, न की किसी प्रकार की व्यक्ति पसंद-नापसंद, पूर्वाग्रह या दुर्भावना पूर्ण विचारधारा के आधार पर,संघ ने कहाँ है की यह सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है कि मूल्यांकन प्रक्रिया पुर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं वस्तुनिष्ट हो, ताकि कर्मियों के विभागीय कार्य के प्रति विश्वास एवं प्रेरणा बनी रहें, पूर्व में कई बार देखा गया हैं की, यह वस्तुनिष्ठ ना होकर व्यक्ति निष्ठ हो जाता हैं, कर्मचारियों ने कहाँ हैं की किसी कम दक्षता की स्थिति में मानव संसाधन नीति में कुशलता बढ़ाने हेतु अन्य उपाय भी उल्लेखित हैं प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 26 कर्मचारियों का जाने जा चूका हैं अनुकम्पा का भी सुविधा नहीं, परिवार पर आर्थिक समस्या हमेशा बनी रहती हैं प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित कुमार मिरी ने निवेदन करते हुए मिशन संचालक एवं सीएमएचओ को संरक्षक के भूमिका निभाने का आग्रह भी किया हैं जिसमें कोई भी कर्मचारी अन्याय या पक्षपात का शिकार न हो तथा उन्हें अपने कार्यों के अनुरूप यथोचित अवसर मार्गदर्शन एवं समर्थन प्राप्त हो, आपका यह दृष्टी कोन न केवल विभागीय कार्य प्रणाली को मजबूत करेगा बल्कि एनएचएम की सेवा गुणवत्ता को भी सुदृढ बनाएगा उपरोक्त वर्णित कारको के आधार पर मूल्यांकन करने का आग्रह किया गया हैं एनएचएम संघ ने कहा है कि किसी भी ब्लॉक जिला के अधिकारी एवं कर्मचारियों के व्यक्तिगत द्वेष के कारण सी आर खराब या फिर इंक्रिमेंट रोका जाता है तो संघ इसका विरोध करेगा ऐसे अधिकारियों के उनके ही कार्यालय में आंदोलन भी किया जायेगा।

बैंक सखी लता पांडे की मेहनत और नवाचार की मिशन संचालक ने की सराहना

■ **जिले की दीदियों को मल्टी एक्टिविटी से जोड़ने के निर्देश**

कोण्डागांव/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की राज्य मिशन संचालक जयश्री जैन ने गुरुवार को कोंडागांव जिले के केशकाल विकासखंड के ग्राम पंचायत मस्सूकोकोड़ा का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ मुख्य परिचालन अधिकारी एलिस लकड़ा, राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण रूपेश राठौर, और जिला पंचायत के अधिकारी भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर मिशन संचालक ने गांव की बैंक सखी लता पांडे से मुलाकात की और उनके कार्यों की सराहना की। लता पांडे ने बताया कि वह गांव में वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, मनरेगा भुगतान, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की राशि का हर माह लगभग 45 से 50 लाख रुपये का लेन-देन कर रही हैं। इसके एवज में उन्हें प्रतिमाह 15 से 20 हजार रुपये तक का कमीशन प्राप्त हो रहा है।

स्वरोजगार के साथ दूसरों को भी दिया रोजगार

लता पांडे ने बताया कि बीसी सखी के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने अपनी आय से अपने पति के लिए मोटरसाइकिल रिपेयरिंग गैरेज शुरू कराया है, साथ ही एक कपड़े की दुकान भी संचालित कर रही हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने अपनी आजीविका गतिविधियों में सहयोग के लिए एक अन्य महिला को रु. 8,000 प्रतिमाह मानदेय पर रोजगार भी प्रदान किया है।

मिशन संचालक जैन ने उनकी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अपने स्वयं के विकास के साथ उन्होंने दूसरी महिला को भी आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया है, जो अनुकरणीय है। उन्होंने जिला मिशन प्रबंधक विनय सिंह को निर्देशित किया कि जिले की सभी बैंक सखियों को मल्टी-एक्टिविटी आजीविका गतिविधियों से जोड़ने की पहल सुनिश्चित करें।

महिला समूहों को प्राथमिकता देने के निर्देश

राज्य मिशन संचालक ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोंडागांव को निर्देश दिया कि वे जिले के सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर महिला स्व-सहायता समूहों को हर सरकारी योजना का लाभ प्राथमिकता से दिलाएं, जिससे दीदियों की आय में वृद्धि हो और वे श्लखपति दीदीश् बन सकें। इसके साथ ही उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन और अन्य स्वच्छता गतिविधियों की प्रभावी संचालन की आवश्यकता पर बल दिया।

भ्रमण के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक एफआई. दुर्जोधन मेघ, जिला समन्वयक सुबेदु दास, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के जिला सलाहकार एवन पटेल, और जिला परियोजना प्रबंधक टिकेन्द्र हिरवानी भी उपस्थित रहे।

ग्राम भूसारास एवं हिड़पाल में समाधान शिविर संपन्न

■ **भूसारास में 764, हिड़पाल में 935 आवेदन हुए निराकृत**

दंतेवाड़ा/ नवप्रदेश। आज 22 मई 2025 को जनपद पंचायत कटेकल्याण के भुसारास ग्राम पंचायत में सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतापगिरी, भुसारास, एड़पाल, दूधीरास, जंगमपाल और छोटेलखापाल के ग्रामीणजन शामिल हुए। समाधान शिविर में 20 विभागों से कुल 764 आवेदन प्राप्त हुये, जिसमें 760 मांग व 4 शिकायत थे, जिसमें सभी आवेदनों का निराकरण शिविर में किया गया।

इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से 7 शिशुवती माताओं का अन्नप्राशन कराया गया जबकि 9 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदायगी की गई। साथ ही स्कूल एवं शिक्षा विभाग के 10 स्कूली छात्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस क्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 4 स्थानों पर बोर खनन की स्वीकृति, तथा 5 हितग्राहियों, का नाम राशन कार्ड में जोड़ा गया।

जून में एकमुश्त मिलेगा तीन माह का चावल ई-केवाईसी अनिवार्य

एमसीबी/ नवप्रदेश। जिले के समस्त राशन कार्ड धारकों के लिए एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत लाभान्वित होने वाले सभी कार्ड धारकों को आगामी माह जून 2025 में तीन माह - जून, जुलाई एवं अगस्त का चावल एकमुश्त वितरित किया जाएगा। प्रशासन ने इसके लिए भंडारण की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। खाद्य विभाग के अनुसार चावल के अतिरिक्त अन्य राशन सामग्री की आपूर्ति नागरिक आपूर्ति निगम के स्टॉक की उपलब्धता के अनुसार जून से अगस्त माह तक प्रति माह पृथक-पृथक रूप से की जाएगी। राशन का वितरण जिले की सभी शासकीय राशन दुकानों के माध्यम से किया जाएगा। सभी पात्र हितग्राही अपने राशन कार्ड के अनुसार तीन माह की चावल सामग्री एक साथ प्राप्त कर सकेंगे। इसके साथ ही विभाग ने सभी राशन कार्डधारियों के लिए ई-केवाईसी (ङ्कयङ्क्ष्ट) को अनिवार्य कर दिया है। जिन राशन कार्ड धारियों का ई-केवाईसी अब तक नहीं हुआ है, उन्हें 31 मई 2025 तक अनिवार्य रूप से यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। राशन कार्ड में जितने भी सदस्य दर्ज हैं, उन सभी का ई-केवाईसी कराना आवश्यक है। ई-केवाईसी पूर्ण न होने की स्थिति में राशन वितरण में बाधा आ सकती है।

उर्स शरीफ के आयोजन को लेकर 26 मई को शांति समिति की बैठक

कोरिया/ नवप्रदेश। । कोरिया जिले के विकासखंड सोनहत में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 2, 3 एवं 4 जून 2025 को हजरत बाबा भोलन शाह वली रहमतुल्ला अलैह के मजार पर पारंपरिक उर्स शरीफ का आयोजन किया जाएगा।आयोजन को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु 26 मई 2025 को प्रातः 11 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में आयोजन की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाएं और विभागीय समन्वय पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।बैठक में पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सोनहत एवं बैकुंठपुर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता, जिला कमांडेंट, नगर सेनानी, तहसीलदार (सोनहत एवं बैकुंठपुर), एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शामिल होंगे।

यातायात नियम को दुरुस्त करने इन दिनों एक्शन मोड़ पर पुलिस

दंतेवाड़ा/किरंदुल। यातायात पुलिस दंतेवाड़ा द्वारा शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए शहर के व्यापारी बंधुओं को फूल देकर अपने दुकान के सामान को दुकान से बाहर न निकालने और अपनी बड़ी वाहनों को दुकान के सामने खड़ा न करने अपील किया गया।

पुलिस अधीक्षक दंतेवाड़ा गौरव राय के निर्देशन में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने लगातार यातायात पुलिस दंतेवाड़ा द्वारा लोगों को समझाइए एवं चालानी कार्यवाही की जा रही है इसी तारतम्य में कल दिनांक 22 मार्च 2025 को शहर की यातायात व्यवस्था को दूरुस्थ करने हेतु शहर के सभी व्यापारियों से मेल-मुलाकात कर फूल भेंट कर यातायात प्रबंधन में सहयोग करने हेतु अपील किया गया!

दंतेवाड़ा शहर का मार्केट पूरी तरह से मुख्य मार्ग ह॥-163A पर बसी हुई है और वैसे में रोड के दोनों किनारे सभी व्यापारी भाई अपने दुकान का सामान दुकान से बाहर रख देते हैं और उसके आगे ग्राहकों की गाड़ियां खड़ी होती है जिससे दोनों और सड़क जाम होने की स्थिति में आ जाती है जिससे शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ती है इस स्थिति को देखते हुए यातायात पुलिस दंतेवाड़ा प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद कुमार साहू एवं स्टॉफद्वारा अपने शहर दंतेवाड़ा के सभी शिक्षित, सभ्य और समझदार व्यापारी बंधुओ से पर्सनली मिलकर उनके दुकानों पर जाकर फूल भेंट कर अपील किया गया कि आप अपने दुकानों के सामान जो दुकान से बाहर निकाल कर रखते हैं और आप लोगों में से कुछ व्यापारी भाइयों के द्वारा अपनी बड़ी वाहन (कार) को दुकान के सामने खड़े करने से पूरी तरह से यातायात बाधित होता है जिससे रोड पर चलने वाली वाहनों को दिक्कतें होती है।

शादी का झांसा देकर शोषण, आरोपी गिरफ्तार

कोंडागांव/नवप्रदेश। शादी करने का झांसा देकर शारीरिक शोषण के आरोपी को पुलिस ने किया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है मिली जानकारी अनुसार पीड़िता ने थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी बैसाखू कोर्राम पिता कुड़ी राम कोर्राम उम्र 20 वर्ष निवासी काकड़ गांव थाना भानपुरी जिला बस्तर के द्वारा, मैं तुमसे प्यार करता हूं तुमसे शादी करना चाहता हूं बोलकर शादी का प्रलोभन देकर, पीड़िता के साथ उसकी इच्छा के विरूद्ध पिछले 01 वर्ष से लगातार शारीरिक संबंध बनाकर बलात्कार किया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध क्रमांक 185/2025 धारा 64,64(2)(ड), 351(2) BNS , 06 पॉक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लेकर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के द्वारा तत्काल आरोपी को गिरफ्तार करने निर्देश प्राप्त होने पर, थाना कोंडागांव के द्वारा टीम गठित कर फरार आरोपी बैसाखू कोर्राम के संबंध में पता तलाश किया गया, जो कि अपने निवास में मिला, जिसे अभीरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर, आरोपी ने पीड़िता के साथ बलात्कार करना स्वीकार किया जिस पर आरोपी को को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड हेतु प्रस्तुत किया गया। न्यायिक रिमांड प्राप्त कर आरोपी को जेल में भेजा जा रहा है ।सम्पूर्ण कार्यवाही में निरी. सौरभ उपाध्याय, स.उ.नि. शांति यादव, स.उ.नि. दिनेश पटेल, प्र आर. अशोक मरकाम एवं थाना कोण्डागांव टीम का विशेष योगदान रहा।

आठवीं आर्थिक गणना के लिए कोरिया जिले में समन्वय समिति गठित

कोरिया । कोरिया जिले में आठवीं आर्थिक गणना के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिला स्तरीय समन्वय समिति का गठन किया है। यह समिति जिले में आर्थिक गणना की समस्त गतिविधियों का समन्वय, निगरानी और मार्गदर्शन करेगी।समिति की अध्यक्ष कलेक्टर होंगी, जबकि पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत अधिकारी, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र (वाणिज्य विभाग), सहायक संचालक ग्रामोद्योग, श्रम पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

प्रथम पेज का शेष

गोलियां लगीं फिर भी नक्सलियों ...

के साथ इस जगह सुरक्षाबलों का फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस बनाने का लक्ष्य दिया गया।

ऑपरेशन के दौरान हुए बलिदान

30 जनवरी 2024 को ऑपरेशन के दौरान कॉन्स्टेबल पवन कुमार और अन्य जवान नक्सलियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी में फंस गए। इस दौरान नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के खिलाफ ग्रेनेड लॉन्चर और संशोधित मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया, लेकिन जवानों ने गजब की बहादुरी दिखाते हुए पीछे हटने से इनकार कर दिया। ऑपरेशन के दौरान पवन कुमार और देवन सी ने अपनी जान की परवाह न करते हुए आगे बढ़ने का फैसला किया।

हालांकि इस दौरान दोनों नक्सलियों की गोलियों का निशाना बन गए। अब दोनों को बहादुरी के लिए मरणोपरांत शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। इसी ऑपरेशन में शामिल रहे डिप्टी कमांडेंट लखवीर, असिस्टेंट कमांडेंट राजेश पांचाल और कॉन्सटेबल मलकीत सिंह को भी शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया है। लखवीर सिंह एक बम धमाके की चपेट में आकर घायल हुए। वहीं पांचाल गोली लगने से घायल हुए। मलकीत सिंह ने पवन कुमार के शव को वापस लाने के लिए भारी गोलीबारी की चिंता नहीं की। इस अदम्य साहस के लिए इन जवानों को शांतिकाल के तीसरे सबसे बड़े सम्मान शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया।

गढ़चिरौली में सुरक्षाबलों ..

ने शीर्ष नक्सली नेता बसवराजू समेत 27 नक्सलियों को ढेर कर दिया था।

आतंकवाद, माओवाद...

के विकास की एक बड़ी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधा, हर निवेश की पहली शर्त है। पूर्वोत्तर क्षेत्र बहुत समय तक अभाव में रहा था, लेकिन अब वहां भारी निवेश हुआ है। एक दशक में वहां 11 हजार किलोमीटर के नये राजमार्ग बने हैं, सैकड़ों किलोमीटर के नये रेल मार्ग विकसित हुए हैं, तथा हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो गयी है।

उन्होंने निवेशकों से उस क्षेत्र में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए पहले पहुंचने की सलाह देते हुए कहा कि आने वाले समय में पूर्वोत्तर भारत दक्षिण-पूर्व एशिया और प्रशांत क्षेत्र में व्यापार का एक बड़ा केंद्र बनेगा।

पूर्वोत्तर में पर्यटन की ...

भरे एक नए पूर्वोत्तर क्षेत्र का उदय हुआ है।

उद्घाटन सत्र को उद्योगपति मुकेश अंबानी, अनिल अग्रवाल, गौतम अडाणी, हर्षवर्धन नेवतिया और पूर्वोत्तर के कुछ प्रमुख उद्यमियों ने भी संबोधित किया और क्षेत्र में निवेश की अपनी अपनी योजनाओं का एक मोटा खाका प्रस्तुत किया। इन उद्यमियों ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के संबंध में श्री मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व की सराहना की।

लड़खड़ा गई है देश ...

तैयार हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने बयानों में भारत और पाकिस्तान को समान स्तर पर रखा है।

पूरी दुनिया में बेनकाब ...

कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के बाद के घटनाक्रम से पाकिस्तान का पूरी तरह पर्दाफाश हो गया कि वह आतंकवाद को प्रश्रय दे रहा है। पूरी दुनिया ने देखा कि किस तरह पाकिस्तान सेना के अफसरों ने आतंकवादियों के जनाजों में नमाज पढी।

उन्होंने कहा कि दूसरी ओर भारतीय सेनाओं की सराहना की जानी चाहिए कि उन्होंने जवाबी कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के केवल सैन्य अड्डों को ही निशाना बनाया और असैनिक क्षेत्रों में हमला नहीं किया। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने भी अपनी वीरता का परिचय देते हुए पाकिस्तान को करारा जवाब दिया।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला- नारायणपुर, (छ.ग.)

Ph.& Fax No. 07781-252913 E-mail ID-Cmho.narayanpur@gmail.co

क्रमांक/2233/NHM/लेखा/मु.चि.अ/2025-26 नारायणपुर, दिनांक 22/05/2025

निविदा आमंत्रण सूचना

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला नारायणपुर के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के गतिविधियों का निरीक्षण/भ्रमण एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (DPMU) अंतर्गत कार्यालयीन उपयोग हेतु चार पहिया वाहन किराया निर्धारण हेतु पंजीकृत फर्मों/ संस्थाओं से सीलबंद निविदा आमंत्रित किया जाता है।

अतः अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निम्नानुसार तिथियों में निर्धारित राशि 1000 रुपये (शब्दों में- एक हजार रुपये) जमा कर प्राप्त निविदा प्रपत्र एवं नियम शर्त प्रारूप प्राप्त किया जा सकता है।

उक्त निविदा को WWW.Narayanpur.gov.in में देखा जा सकता है।

1. निविदा फार्म बिक्री की प्रारंभिक तिथि दिनांक 22/05/2025 है एवं निविदा फार्म बिक्री की अंतिम तिथि दिनांक 10/06/2025 (शाम 5:00 बजे) तक है।
2. मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 11.06.2025 समय अपरान्ह 1:00 बजे तक। निविदा रजिस्टर्ड पोस्ट (ए.डी.) अथवा स्पीड पोस्ट अथवा पी. एंड. टी. विभाग से अधिकृत कोरियर अथवा निर्धारित टेंडर बाक्स के माध्यम से प्राप्त की जाएगी।
3. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि 11/06/2025 समय शाम 3:00 बजे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला नारायणपुर (छ.ग.)

संवाद-43942/2

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग
बलरामपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

निविदा सूचना क्रमांक : 02/ व.ले.लि./ 2025-26 दिनांक 22.05.2025 निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 12.06.2025 (17:30 बजे) तक आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत
1	168796	करकली एनीकट योजना का निर्माण कार्य	रु. 838.59 लाख।
2	168798	धनेशपुर एनीकट योजना के यूनिट-1 शीर्ष एवं यूनिट-2 नहर निर्माण कार्य	रु. 763.57 लाख।

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई- प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 29.05.2025 समय 17:30 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग बलरामपुर
बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
कृते- मुख्य अभियंता
हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग
अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

जी-252601095/5

ग्राम कछौड़ में आयोजित समाधान शिविर में हितग्राहियों को मिली सौगात

■ कछौड़ कलस्टर में 2255 में से 2047 आवेदनों का किया गया निराकरण

'एमसीबी/ नवप्रदेश। सुशासन तिहार अंतर्गत जिले के मनेंद्रगढ़ विकासखण्ड के ग्राम कछौड़ कलस्टर में शामिल ग्राम पंचायत के लोगों के लिए सौगातों भरा रहा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में शासकीय काम-काज में पारदर्शिता लाने तथा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के अलावा आम जनता के समस्याओं का समयबद्ध निराकरण करने के उद्देश्य से शुरू किए गए सुशासन तिहार के अंतर्गत जिले में समाधान शिविर जिले के अलग अलग स्थानों में निरंतर आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड के स्कूल मैदान कछौड़ में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम कछौड़ के अलावा ग्राम रोकड़ा, बड़कबहरा, केराबहरा, बिहारपुर, शिवगढ़, पहाड़हसवाही, रोझी, डीहूलि, बिरौरीडांड तथा ताराबहरा के निवासी शामिल हुए। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने अपने-अपने विभाग से संबंधित चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

बासिंग कैम्प परिसर में मुख्यमंत्री ने लगाई जन-चौपाल

■ जनकल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्वयन का लेने आया हूं जायजा : मुख्यमंत्री

नारायणपुर/नवप्रदेश।ओरछा विकासखण्ड के बासिंग सुरक्षा कैंप में आयोजित जन चौपाल कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि शासकीय जनकल्याणकारी योजनाओं का क्षेत्र में क्रियान्वयन का जायजा लेने आप लोंगों के बीच आया हूँ। सुशासन तिहार के माध्यम से जनता की समस्याओं और मांगों के लिए कार्यक्रम किया जिसमें प्राप्त आवेदनों का विभागों द्वारा निराकरण किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अबूझमाड़ एक प्राकृतिक सम्पन्नता वाला क्षेत्र है जहाँ नक्सलवाद के कारण विकास बाधित रहा है। जवानों हौसलों से अब विकास कार्य को गति मिली है, केंद्र सरकार के सहयोग से अब नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगा रहे है। नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण उपरांत क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य भरपूर यह क्षेत्र सही मायने में स्वर्ग बन जाएगा। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों का ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से सिर पर पीला साफा पहनाकर व कलगी लगाकर और हार पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। समर कैंप के बच्चों ने अपने हाथों से बनाई सजावटी सामानों से मुख्यमंत्री, गृहमंत्री और वनमंत्री का स्वागत किया। साथ ही अबूझमाड़ हाफ पीस मैराथन में हिस्सा लेने वाले दो स्कूली बच्चों से मुलाकात कर उनकी हौसला अफ़ज़ाई की। इस दौरान आँगनबाड़ी के बच्चों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर तिलक लगाया जिस पर तीनों अतिथियों ने चारपाई से उठकर उनको चारपाई में खड़ाकर चाकलेट देकर दुलार किया।

'मुख्यमंत्री विष्णु देव साय बासिंग कैंप में की घोषणा'

20 लाख की लागत से ग्राम मुरहापदर में पुलिया निर्माण, 10 लाख की लागत से बासिंग हेतु खेल मैदान की स्वीकृति, 10 लाख की लागत से बासिंग में बालक आश्रम एवं माध्यमिक शाला मरम्मत की स्वीकृति, 24 लाख की लागत से ग्राम मुरहापदर और एहनार में नवीन आंगनबाड़ी भवन, 25 लाख की लागत से ग्राम बासिंग में हाट बाजार से बस्ती तक 500मीटर सीसी सड़क की स्वीकृति, ग्राम कुंदला, बासिंग और मुरहापदर में नवीन घोटूल के लिए 15 लाख की स्वीकृति। कुल 01 करोड़ 04 लाख की स्वीकृति दी।इसके अलावा मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और वनमंत्री श्री केदार कश्यप ने सुरक्षा बलों को गस्त करने के लिए 50 बाइक को जवानों के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । साथ ही मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आदिवासी विकास विभाग द्वारा ओरछा में 250 सीटर बालक छात्रावास भवन निर्माण एवं वाटर सप्लाई तथा विद्युतीकरण कार्य के लिए 8 करोड़ एक लाख की लागत की विकास कार्य का लोकार्पण किया।

न्यूज गैलरी

आपरेशन सिंदूर को लेकर सैन्य बलों के उत्साह वर्धन करने राष्ट्रीय स्वा.मंच का शौर्य शोभायात्रा

कांकेर / नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वाभीमान मंच जिला कांकेर के व्दारा आपरेशन सिन्दूर कि सफलता पर सैन्य बलों के उत्साहवर्धन स्वागत वंदन के लिए आज 24 मई को शाम 04 बजे नये बस स्टैंड के डोम मे सभा व सिन्दूर शौर्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है सभी राष्ट्रीय स्वाभीमान मंच के पदाधिकारीयों व आम कार्यकर्ताओं को समाज के प्रत्येक वर्ग से बात कर उन्हें आमंत्रित करने कि जवाबदारी दी गई है।यहां आयोजन सभी समाज वर्ग को लेकर किया जा रहा जिसके माध्यम से एक सन्देश देने का प्रयास है कि हमारे देश कि सेना का अदम्य साहस शौर्य गाथा आमजन तक पहुंचे हर घर से हर परिवार से इस आयोजन मे सहभागिता निभाये और हमारी देश कि सेना के प्रति आभार स्वागत करने इस कार्यक्रम अपनी उपस्थिति देकर अपना योगदान दे इस उद्देश्य से राष्ट्रीय स्वाभीमान मंच ने इस कार्यक्रम आयोजन किया है।राष्ट्रीय स्वाभीमान मंच जिला कांकेर ने सभी से निवेदन किया कि आप सभी इस आयोजन में अपनी सहभागिता देकर कार्यक्रम को सफल बनाने अपील किया गया है।

25 मई से कांकेर में शुरू होगा बजरंग दल का प्रांत शौर्य प्रशिक्षण

कांकेर /नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल द्वारा आयोजित प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 25 मई से 31 मई तक कांकेर जिले के गढ़ पिछवाड़ी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में किया जा रहा है। यह सात दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर पूर्ण रूप से आवासीय होगा, जिसमें 15 वर्ष से 35 वर्ष तक की उम्र के युवाओं को शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से प्रशिक्षित किया जाएगा।शिविर में प्रशिक्षित शिक्षकों के मार्गदर्शन में युवाओं को शौर्य सेवा अनुशासन राष्ट्र सेवा और हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों की गहन जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति की भावना का विकास करना संगठनात्मक कार्यों के लिए उन्हें तैयार करना और उन्हें समाज सेवा की दिशा में प्रेरित करना है।बजरंग दल के इस प्रशिक्षण वर्ग में कांकेर जिले के सभी युवा साथियों को सादर आमंत्रित किया गया है। विशेष रूप से ऐसे युवा जो राष्ट्र और धर्म के लिए कार्य करने का उत्साह रखते हैं, वे इस शिविर के माध्यम से संगठन से जुड़कर अपनी सक्रिय सहभागिता दे सकते हैं।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के विभाग सह मंत्री भावेश आरदे ने बताया कि इस वर्ग में पंजीयन शुल्क मात्र 200 रुपए निर्धारित किया गया है। इच्छुक प्रतिभागी नीचे दिए गए पंजीयन संपर्क नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं पंजीयन संपर्क 8319056864-- 6263365931 शिविर को लेकर युवाओं में उत्साह देखा जा रहा है और संगठन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।उम्मीद की जा रही है कि यह प्रशिक्षण वर्ग न केवल युवाओं को सशक्त बनाएगा बल्कि उन्हें सामाजिक सांस्कृतिक और राष्ट्रीय सरोकारों के प्रति जागरूक भी करेगा।..

फोर्स के अदम्य साहस और शौर्य को नमन: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री ने बासिंग स्थित बीएसएफ कैम्प पहुंचकर की जवानों की हौसला अफजाई

■ 21 मई को 27 माओवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में मिली ऐतिहासिक कामयाबी पर जवानों को दी बधाई

नारायणपुर/नवप्रदेश प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज ओरछा ब्लॉक के ग्राम बासिंग स्थित बीएसएफकैम्प पहुंचे, जहां पर उन्होंने 21 मई को हुई डीआरजी-बीएसएफ और जिला बल के द्वारा माओवादियों के विरूद्ध नारायणपुर, दंतेवाड़ा और बीजापुर की सरहदी पहाड़ियों में चलाए गए नक्सल विरोधी ऑपरेशन में 27 नक्सलियों को मार गिराने वाले जवानों की हौसला-अफ्जाई की। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, वन एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने बासिंग कैम्प में जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि यह माओवाद के विरूद्ध अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है जिसमें सुरक्षा बलों ने हार्डकोर माओवादी बसवा राजू सहित 27 को मार गिराया।

मुख्यमंत्री साय ने जवानों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि सुरक्षा बलों ने जिस तरह उच्च स्तरीय रणनीति बनाकर ऑपरेशन को अंजाम दिया और कामयाबी हासिल की वह काबिले-तारीफहै। फोर्स के इस अदम्य साहस और शौर्य को नमन है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब बस्तर के माथे ने माओवाद का कलंक पूरी तरह से मिट जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने मार्च 2026 को माओवाद को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लिया है, वह पूरा होता नजर आ रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने आगे कहा कि वह दिन दूर नहीं जब बस्तर विकास से पूरी तरह जुड़ जाएगा। उन्होंने उम्मीद जाहिर करते हुए कहा कि बस्तर के अंदरूनी इलाके, जहां कुछ साल पहले तक जाना भी संभव नहीं था, वहां शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और अधोसंरचना संबंधी कार्यों में अब गति आएगी।

मुख्यमंत्री साय ने बताया कि माओवाद प्रभावित क्षेत्रों को शासन की योजनाओं से जोड़ने नियद नेल्लानार, पीएम जनमन जैसी योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसका सकारात्मक बदलाव अब बस्तर में दिखने लगा है। माओवाद की समाप्ति के साथ ही बस्तर विकास की ओर तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने ऑपरेशन में शामिल सभी जवानों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनकी बहादुरी के लिए बधाई दी। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस ऑपरेशन और जवानों की बड़ी और ऐतिहासिक सफलता की सराहना राष्ट्रीय ही नहीं, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हो रही है। उन्होंने कहा कि अब बस्तर में बड़ा और सकारात्मक परिवर्तन होने जा रहा है जो विकास और प्रगति की राह ले जाएगा। गृह मंत्री शर्मा ने उम्मीद जताते हुए कहा कि आने वाले समय में बस्तर अंचल में स्कूल आंगनबाड़ी भवन, सड़कों का विस्तार एवं बिजली की सुविधाओं से गांवों को रोशन किया जाएगा। इस अवसर पर वन मंत्री श्री कश्यप ने भी जवानों की पराक्रम की सराहना करते हुए इसे माओवाद के विरूद्ध ऐतिहासिक कामयाबी बताया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने कैम्प के जवानों को एलईडी सेट और प्रशस्ति पत्र भेंट किया तथा नक्सल ऑपरेशन में शामिल जवानों को ऑउट ऑफटर्न प्रमोशन पर जल्द विचार करने की बात भी कही। इस अवसर पर जवानों ने की गई तैयारियों और रणनीति की जानकारी मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री को दी।

जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मनाई जाएगी देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती

■ महिला सशक्तीकरण को समर्पित होंगे विविध आयोजन

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिले में 31 मई को महान समाज सुधारक और प्रजावत्सला शासिका देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। इस अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जो विशेष रूप से महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता पर केंद्रित होंगे।राज्य शासन के निर्देशानुसार और कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजन की रूपरेखा तैयार करने की जानकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने दी। उन्होंने बताया कि इस सम्बंध में सभी ग्राम पंचायत सचिवों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में देवी अहिल्याबाई के जीवन एवं कार्यों पर आधारित नुक्कड़ नाटक, गोष्ठियाँ, चित्र प्रदर्शनी और परिचर्चाएं आयोजित की जाएंगी। इन आयोजनों का उद्देश्य नागरिकों को उनकी प्रशासनिक कुशलता, सामाजिक सुधारों, जल प्रबंधन और महिला उत्थान जैसे कार्यों से अवगत कराना है।इसके अतिरिक्त बालिकाओं व महिलाओं के लिए खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रेरणादायक संवाद आयोजित होंगे। विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में कार्यरत स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा।इस अभियान के तहत सामूहिक श्रमदान और सफाई अभियान चलाए जाएंगे।

दण्डाधिकारी जांच हेतु उपस्थित होने की सूचना

बीजापुर / नवप्रदेश। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, थाना बेदरे अन्तर्गत घटना 21 अप्रैल 2025 को ग्राम केरपे-ओड़सनपोड़का के बीच जंगल पहाड़ में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ जिसमें एक अज्ञात माओवादी का शव सहित नक्सली सामग्री बरामद की गई है।तथा इस संबंध में कोई भी किसी प्रकार की जानकारी रखते हो तो न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भैरमगढ़ में 19 जून 2025 तक उपस्थित होकर लिखित या मौखिक जानकारी दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते है।

एनआरएलएम योजना अंतर्गत उपयोग हेतु 1 नग वाहन के लिए निविदा सूचना

बीजापुर । कार्यालय जनपद पंचायत बीजापुर के एनआरएलएम योजना अंतर्गत उपयोग हेतु 01 नग वाहन (एसी) के साथ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत वाहन किराया पर लिया जाना प्रस्तावित है। जिसमें पंजीकृत इकाईयों द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सील बंद भाव पत्र आमंत्रित की गई है।

वहीं निविदा प्रपत्र 22 मई 2025 से 05 जून 2025 शाम 5 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा स्वीकार करने की अंतिम तिथि 05 जून 2025 को शाम 05 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि 06 जून 2025 को 2 बजे। निविदा खोलने की निर्धारित तिथि को अवकाश घोषित हो जाने पर निर्धारित तिथि आगामी कार्य दिवस हेतु स्वतः बढ़ी हुई मानी जावेगी। जनपद पंचायत बीजापुर को किसी भी निविदा स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार रहेगा एवं किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकेगी। किसी भी प्रकार के पोस्टल विलंब के लिये कार्यालय जिम्मेदार नही होगा। निविदाकार जनपद कार्यालय की सूचना पटल से प्रपत्र प्राप्त कर भाग ले सकेगें।

पुरी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए डिप्टी सीएम

■ साव ने कहा प्रदेश की जनता के भरोसे पर खरे उतर रही साय सरकार

■ दो निर्माण कार्यों के लिए 19 लाख रूपए की घोषणा की

कांकेर / नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु आज चारामा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत पुरी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त समाधान शिविर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, नगरीय प्रशासन, लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विधि और विधायी कार्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री अरूण साव शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणजनों संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश की साय सरकार आमजनता की उम्मीदों और भरोसे पर खरा उतर रही है। सुशासन तिहार वास्तव में आमजनता का सरकार के प्रति भरोसे का तिहार है।

श्री साव ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। एक ओर महतारी वंदन योजना लागू कर महिलाओं को आत्मसम्मान दिया, वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 18 लाख नये आवासों की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को आवास प्लस प्लस की सर्वे सूची में अपना नाम जुड़वाने की अपील की। साथ ही सभी ग्रामीणों को शिविर में आकर अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराने की बात कही। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि सुशासन तिहार के तहत पुरी क्लस्टर में कुल 3264 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 3239 का निराकरण हो चुका है। इसी तरह 20 शिकायतों में से 17 का निराकरण जिला प्रशासन द्वारा किया जा चुका है। शेष प्रकरणों का जल्द ही निराकरण किया जाएगा। शिविर में श्री साव ने ग्राम पुरी के पहचान महिला क्लस्टर को शेड निर्माण के लिए 15 लाख रूपए देने की घोषणा की साथ ही ग्राम किशनपुरी में पेयजल हेतु सोलर पैनल के लिए 04 लाख रूपए प्रदाय करने की घोषणा की। समाधान शिविर में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद कांकेर श्री भोजराज नाग ने कहा कि केन्द्र में मोदी और राज्य में साय सरकार के नेतृत्व में लगातार विकास के कार्य हो रहे हैं। शासन की योजनाओं का लाभ मिले इसीलिए सुशासन तिहार के माध्यम से जनता और प्रशासन को जोड़ने और समस्याओं को दूर करने का प्रयास सरकार द्वारा किया जा रहा है।

इसके पहले, उप मुख्यमंत्री साव ने गर्भवती महिलाओं को सुपोषण किट भेंट किया तथा बच्चों का अन्नप्राशन कराया।

आतंक के घेरे से निकल पहली बार बच्चों ने देखा विकास और उन्नति का मॉडल

बीजापुर / नवप्रदेश समर कैम्प 2025 के तहत एक्सपोजर विजिट में नियद नेल्लानार और माओवाद प्रभावित इलाके के बच्चों ने पहली बार बीजापुर आकर विकास और उन्नति के मॉडल को देखा । मिनगाचल नदी पार पेदाजोजेर, कमकानार, जारगोया, चिन्नाजोजेर, उसूर के पुजारी कांकेर, चाटलापल्ली, संकनपल्ली के बच्चों ने बीजापुर आकार कलेक्ट्रेट, जिला अस्पताल, सेंट्रल लाइब्रेरी, नवोदय विद्यालय, एजुकेशन सिटी, लोहा डोंगरी का भ्रमण कर बदलते बीजापुर और विकसित भारत के नए दौर का अनुभव किया।

माओवाद से पीड़ित बीजापुर के ऐसे गांव जहां सालों से बंद पड़े स्कूलों को जिला प्रशासन ने अथक प्रयासों से फिर से खोलने में सफलता पाई। इन गांव के हजारों बच्चे जिन्होंने कभी जिला मुख्यालय तक का सफर नहीं किया और आधुनिक भारत के साथ बदलते बीजापुर की तस्वीर से अंजान रहे उन बच्चों को कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देश पर एक्सपोजर विजिट के तहत बीजापुर भ्रमण कराया गया । बीजापुर में बच्चों ने कलेक्ट्रेट के सभागार में कलेक्टर संबित मिश्रा और सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार से मुलाकात की। कलेक्टर ने बच्चों से सवाल जवाब कर भ्रमण के अनुभव को साझा किया । बच्चों ने कहा कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा। कलेक्टर ने पूछा आपके गांवों में क्या चाहिए तब बच्चों ने कहा कि जैसा स्कूल यहां है वैसा हमारे गांव में भी चाहिए।

कार्यालय अधीक्षण अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मंडल, बिलासपुर
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना
Portal : http://eproc.cgstate.gov.in

छत्तीसगढ़ शासन, लोक निर्माण विभाग, बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर में निम्नलिखित कार्य नवीन ई-पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदार हेतु दिनांक 10.06.2025 तक निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	नि.आ.सू. क्र./दिनांक	कार्य का नाम	लागत (लाख में)
1	36	लोक निर्माण विभाग, हाईकोर्ट उपसंभाग क्र. 2 बिलासपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय मुख्य भवन एवं परिसर स्थित अन्य भवनों में एस आर / एम ओ डब्ल्यू एवं संधारण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर। मद संख्या-24-2059-2449 न्याय प्रशासन	40.00
2	37	लोक निर्माण विभाग, हाईकोर्ट उपसंभाग क्र. 2 बिलासपुर के अंतर्गत माननीय उच्च न्यायालय आवासीय परिसर बोदरी बिलासपुर में एस आर / एम ओ डब्ल्यू एवं संधारण कार्य। प्रथम आमंत्रण। संभाग क्र. 2, बिलासपुर। मद संख्या-24-2059-2449 न्याय प्रशासन	40.00
3	38	जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही (छ.ग.) के आई.टी.आई. गौरेला में सी.ओ.ई. भवन का विशेष मरम्मत कार्य। प्रथम आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग, पेण्ड्रारोड। मद संख्या -67-4250-0976 आई.टी.आई.	32.84
4	39	उपसंभाग पेण्ड्रारोड के अंतर्गत आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों का रंगाई पोताई, डिस्टेपरिंग कार्य। प्रथम आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग, पेण्ड्रारोड। मद संख्या- 67-2059-6220 अनुरक्षण एवं मरम्मत	30.00
5	40	उपसंभाग पेण्ड्रारोड के अंतर्गत पीपरखुंटी खोंगसरा आमागोहन मार्ग, गौरेला वेंकटनगर मार्ग, देवरगांव पहुंच मार्ग, गौरेला बायपास मार्ग, कारीआम बसंतपुर मार्ग एवं भदौरा सधवानी खोडरी मार्ग में डब्ल्यू.एम.एम./बी.टी. पेच एवं ड्रेन/पटरी मरम्मत का कार्य। प्रथम आमंत्रण। पेण्ड्रा संभाग पेण्ड्रारोड। मद संख्या- 24-3054 वार्षिक संधारण	60.00
6	41	खरसिया उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी.पेच मरम्मत का कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग, रायगढ़। मद संख्या- 24-3054 वार्षिक संधारण	40.00
7	42	धरमजयगढ़ उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों में डब्ल्यू.एम.एम एवं बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य। प्रथम आमंत्रण। रायगढ़ संभाग, रायगढ़। मद संख्या- 24-3054 वार्षिक संधारण	65.00

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखें जा सकते हैं।

अधीक्षण अभियंता
लो.नि.वि., बिलासपुर मण्डल, बिलासपुर

जी-252601071/4

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)
ई.प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal :https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 12.06.2025 समय 17:30 तक आनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्रमांक	निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक	कार्य का नाम	निविदा की लागत (लाख में)	आमंत्रण का क्रमांक
168753	09/व.ले.लि./2025-2026 दिनांक 21.05.2025	जांजगीर-चाम्पा जिले के विकासखण्ड अकलतरा अंतर्गत ग्राम मुड़पार के पास छेरका नाला में स्टापडेम सह रपटा का निर्माण कार्य।	158.16	प्रथम आमंत्रण
168755	10/व.ले.लि./2025-2026 दिनांक 21.05.2025	जांजगीर-चाम्पा जिले के विकासखण्ड अकलतरा अंतर्गत ग्राम घनवा के पास कंजीनाला में स्टापडेम सह रपटा का निर्माण कार्य।	248.00	प्रथम आमंत्रण

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक **28.05.2025** समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते है।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभाग के साईट https://eproc.cgstate.gov.in में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

जी- 252601065/4

डिजिटल समावेशन और सुलभता’ पर एकदिवसीय संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने विचार रखे

■ **आयोजन वैश्विक स्तर पर डिजिटल समावेशन की बढ़ती महत्ता के अनुरूप आयोजित किया गया**

गरियाबंद/नवप्रदेश। ग्लोबल एक्सेसिबिलिटी अवेयरनेस डे के अवसर पर ‘डिजिटल समावेशन और सुलभता’ विषय पर एकदिवसीय ऑनलाइन संगोष्ठी का सफल आयोजन हुआ। वक्ता के रूप में सम्मिलित जिले की व्याख्याता समीक्षा गायकवाड़ ने बताया कि शैक्षिक वार्ता मंच के तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य समाज में डिजिटल तकनीकों की समावेशिता और दिव्यांगों के लिए सुलभता को लेकर व्यापक जागरूकता फैलाना था। यह आयोजन वैश्विक स्तर पर डिजिटल समावेशन की बढ़ती महत्ता के अनुरूप आयोजित किया गया, जिसमें

छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से तकनीकी विशेषज्ञों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी में अध्यक्षता कर रही के. शारदा, दुर्ग ने अपने ‘डिजिटल इंडिया और सुलभता? : सबके लिए तकनीक का अधिकार" विषय पर विचार रखे। दिव्यांग युवाओं के लिए डिजिटल रोजगार, फ्रीलांसिंग और रिमोट वर्क के अवसरों की विस्तृत जानकारी देते हुए शिक्षिका समीक्षा गायकवाड़ ने फ्रीलांसिंग से होने वाले लाभों को बताया।

सक्ति जिले की चंचला चंद्रा ने दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित और बौद्धिक रूप से दिव्यांग छात्रों के लिए शिक्षा में डिजिटल समावेशन की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

महेन्द्र कुमार चन्द्रा, सक्ति ने वेबसाइट और मोबाइल ऐप्स की एक्सेसिबिलिटी से जुड़ी चुनौतियों और समाधान पर चर्चा की, वहीं रिंकल बग्गा, महासमुंद ने e-Governance और डिजिटल सेवाओं को दिव्यांगजनों के लिए सहज बनाने के उपाय बताए। प्रीति शांडिल्य, धमतरी ने सरकारी पोर्टल्स और योजनाओं की सुलभता पर प्रश्न उठाया और सुझाव प्रस्तुत किए। रश्मि वर्मा,रायगढ़ ने ब्रेल डिस्प्ले, स्क्रीन रीडर, वॉयस असिस्ट और AI जैसी तकनीकों के उपयोग पर व्याख्यान दिया। ब्रजेश्वरी रावटे ,नारायणपुर ने डिजिटल समावेशन की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी पर जोर दिया। ज्योति सराफ,चांपा ने नीति निर्माण में दिव्यांगजनों की भागीदारी को रेखांकित किया।

लक्ष्मण बांधेकर,कबीरधाम ने अंतरराष्ट्रीय डिजिटल एक्सेसिबिलिटी की श्रेष्ठ प्रथाओं से भारत को प्रेरणा लेने की आवश्यकता बताई। यशवंत कुमार पटेल, दुर्ग ने सुलभता ऑडिट और प्रमाणन की प्रक्रिया की जानकारी दी। जबकि ममता सिंह, सुकमा ने डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर समावेशी सोच को बढ़ावा देने के सामाजिक उपाय साझा किए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें यह स्पष्ट किया गया कि डिजिटल सुलभता केवल तकनीकी सुविधा नहीं, बल्कि एक मौलिक मानवीय अधिकार है। हम सभी की सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है कि हम एक ऐसा डिजिटल वातावरण बनाएं, जिसमें सभी नागरिक समान रूप से भागीदारी कर सकें। इस अवसर पर धर्मानंद गोजे, हिमकल्याणी सिन्हा, बसंती स्वर्णकार, शहनाज़ खान, अमरदीप भोगल सहित अनेक शिक्षकगण उपस्थित रहे और बेबिनार को सार्थकता प्रदान की।

न्यूज गैलरी

कोपरा बस स्टैंड में मूलभूत सुविधा के लिए तरस रहे लोग

नवापारा/नवप्रदेश। नगर पंचायत कोपरा में मूलभूत

सुविधा के लिए भी लोग तरस रहे हैं। कोपेश्वर नाथ की धर्म नगरी कोपरा में सर्व सुविधायुक्त सार्वजानिक शौचायल बस स्टैंड में बन कर तैयार हैं। जिसका शुभारंभ भी नहीं हुआ हैं। जिसका निर्माण कार्य 5 वर्ष पूर्व चालू हुआ था, जो आज भी पूर्ण नहीं हुआ हैं। सार्वजानिक शौचालय योजना ठंडे बस्ते में जाते हुए प्रतीत हो रही हैं। 10 मार्च को नगर अध्यक्ष रूप नारायण साहू एवम पार्षद गण के द्वारा शपथ ग्रहण समारोह में शपथ लेने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि सार्वजानिक शौचालय चालू होगा लोगों को सुविधा मिलेंगी। लेकिन 2 माह बाद भी समस्या जस की तस हैं। जिसे लेकर व्यापारी संघ के दुकानदार भी नाराज हैं। अप्रैल एवम मई माह में भी विवाह के समय बस स्टैण्ड में महिलाओं को प्रसाधन के लिए भटकना पड़ा। नेशनल हाइवे 130 सी राजधानी रायपुर से देवभोग एवं राजिम से गरियाबंद तक रोज बस चल रहीं हैं। कोपरा बस स्टैण्ड में सर्व सुविधा युक्त यात्री प्रतीक्षालय भी नहीं हैं। यात्रीगण रोड़ में खड़े होकर करते हैं बस का इंतजार कब मिलेंगी लोगों को सुविधा। यहां ठहरने के लिए न ही कोई कोई छायादार भवन हैं और न ही धूप से बचने के लिए कोई छत हैं। देवभोग के लिए रवाना हो रहे यात्री सोहन लाल साहू से पूछने पर उन्होंने कहा कि यह कोपरा का ही नहीं बल्कि हमारा भी दुर्भाग्य हैं कि छत्तीसगढ़ राज्य बने हुए 25 वर्ष हो गए और कोपरा बस स्टैण्ड में सर्वसुविधा युक्त एक सार्वजानिक शौचायल नहीं हैं। प्रसाधन के लिए भटकना पड़ता है।महिलाओं को भी बस स्टैण्ड में प्रसाधन के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा हैं। ये हाल हैं नए नगर पंचायत कोपरा बस स्टैण्ड का।

मुख्यमंत्री, सहकारिता मंत्री और कृषि मंत्री के सहयोग से संभव हुआ

भावना बोहरा के अथक प्रयासों से गन्ना उत्पादक किसानों के खाते में 20.27 करोड़ का भुगतान

कवर्धा/नवप्रदेश। पण्डरिया क्षेत्र के गन्ना उत्पादक किसानों के लिए आज का दिन राहत और खुशी भरा रहा। पंडरिया विधायक भावना बोहरा के सतत प्रयासों और राज्य सरकार के सहयोग से लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना पण्डरिया द्वारा कुल 20.27 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान 5333 गन्ना विक्रेता कृषकों को किया गया।

यह भुगतान गन्ना पेराई सत्र 2024-25 के तहत एफआर.पी. 315.10 रूपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदी गई गन्ने की राशि के रूप में जारी किया गया है।

यह उपलब्धि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप एवं मंडी बोर्ड के प्रबंध संचालक महेन्द्र सिंह सवन्नी के सहयोग से संभव हुई, लेकिन इसके पीछे सबसे प्रमुख भूमिका पंडरिया विधायक भावना बोहरा की रही, जिन्होंने लगातार शासन-प्रशासन से संपर्क कर किसानों को उनका हक दिलाने का कार्य किया। किसानों को अब शेष राशि का भुगतान भी शीघ्र मिलेगी।

किसान हमारे देश की रीढ़ हैं : बोहरा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं, और उनके कठिन परिश्रम का सही मूल्य मिलना बेहद जरूरी है। गन्ना उत्पादक किसानों के लिए यह एक अहम कदम है, क्योंकि समय पर भुगतान से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। यह केवल एक आर्थिक सहायता नहीं है, बल्कि हमारे किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता और जनप्रतिनिधि के रूप में मेरी जिम्मेदारी का भी परिचायक है। पंडरिया विधायक बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, मंत्री श्री केदार कश्यप और अन्य अधिकारियों के सहयोग से यह संभव हो सका है।

गन्ना उत्पादक किसानों को श्रम का पूरा मूल्य समय पर मिले : भावना

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने यह सुनिश्चित किया कि गन्ना उत्पादक किसानों को उनके श्रम का पूरा मूल्य समय पर मिले। उन्होंने समय-समय पर शक्कर कारखाने के प्रबंधन, विभागीय अधिकारियों और शासन के उच्च पदाधिकारियों से संवाद कर किसानों के भुगतान में आ रही अड़चनों को दूर करवाया। किसानों की समस्याओं को उन्होंने मजबूती से उठाया, जिसके सकारात्मक परिणाम आज सामने आए हैं।

उन्होंने कहा कि यह केवल आर्थिक भुगतान नहीं, बल्कि किसानों के आत्मसम्मान और विश्वास की पूर्ति है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पण्डरिया क्षेत्र के प्रत्येक किसान, श्रमिक और आम नागरिक के अधिकारों की रक्षा के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगी। भविष्य में भी क्षेत्र के किसानों के हितों के लिए हर आवश्यक कदम उठाया जाएगा, ताकि खेती लाभ का सौदा बने और किसान सशक्त बन सकें। मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करती हूँ। हम लगातार यह सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को उनकी मेहनत का पूरा मूल्य समय पर मिले और वे आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। यह मेरी प्राथमिकता है कि पण्डरिया क्षेत्र के सभी किसानों की समस्याओं का समाधान किया जाए और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठे।

कविता लेखन प्रतियोगिता ‘एक पेड़ मां के नाम’ का आयोजन किया जा रहा

गरियाबंद/नवप्रदेश। शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में अखिल भारतीय काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गत वर्ष से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए सफल अभियान एक पेड़ मां के नाम की तर्ज पर शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से राष्ट्र स्तर पर एक पेड़ मां के नाम अखिल भारतीय काव्य लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। परिषद द्वारा पूरे भारतवर्ष से कविताएँ मंगाई जा रही हैं। प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क है जिसमें सभी वर्गों के रचनाकार भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के अंतर्गत 31 उत्कृष्ट रचनाओं को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रशस्ति पत्र एवं ?1100 नगद राशि पारितोषिक के रूप में प्रदान की जाएगी। उक्त सम्मान में शिक्षक वर्ग के लिए 11 पुरस्कार पृथक रखे गए हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने की नियम व शर्तें इस तरह है - अखिल भारतीय स्तर पर कविताओं की उत्कृष्टता के आधार पर चयनित कवियों को सम्मान स्वरूप स्मृति चिह्न, प्रशस्ति पत्र तथा रु. 1100 की राशि भेंट की जाएगी। सम्मान एवं पुरस्कार हेतु ‘एक पेड़ माँ के नाम’ शीर्षक पर लिखित कविताएँ ही स्वीकृत की जाएँगी। कविता के साथ निर्धारित प्रपत्र में घोषणा-पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है। कविताएँ अधिकतम 24 पंक्तियों की होनी चाहिए। शिक्षक वर्ग हेतु उक्त में से 11 सम्मान एवं पुरस्कार पृथक हैं। निर्णायक मंडल व शिक्षक साहित्य परिषद छत्तीसगढ़ का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा। कविताएँ ई-मेल एड्रेस - ह्यह्यश्चष्द25ञ्चद्दद्वड्डद्बद्य.ष्श्रद्व या वाट्सएप्प नंबर - 8839628223 पर प्रेषित किया जाना है। परिषद के संयोजक सागर शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का देशव्यापी प्रचार प्रसार हो रहा है तथा देशभर के सभी राज्यों से सभी वर्गों के रचनाकार जोर शोर से प्रतियोगिता में भाग ले रहे और अधिकाधिक रचनाएं प्राप्त हो रही।

अजय चंद्राकर को मंत्री तत्काल बनाया जावे : मुरलीधर

गरियाबंद/नवप्रदेश। भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ

छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं राजिम विधानसभा क्षेत्र के प्रखर वक्ता मुरलीधर सिन्हा ने मांग किया कि छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा की सरकार बने डेढ़ वर्ष बीत गए हैं जिसमें मंत्री पद के तीन पद अब रिक्त है, मंत्री परिषद में एक वजनदार,दमदार, युवा हृदय सम्राट और सबके सुनने वाले मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रायपुर लोकसभा से सांसद चुने जाने के कारण मंत्रिमंडल का विस्तार नहीं हुआ है जिसके कारण कार्यकर्ता भी मायूस है । राज्य सरकार के मुखिया विष्णुदेव साय से अनुरोध है कि अविलंब मंत्री परिषद का विस्तार करते हुए कुरूद विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय उत्कृष्ट विधायक अजय चंद्राकर जी को कैबिनेट मंत्री बनाने की कृपा करें, अजय चंद्राकर के मंत्री परिषद में शामिल होने से धमतरी, गरियाबंद एवं महासमुंद जिले का तेजी से विकास होंगे, और रोजगारोन्मुखी राज्य बनेंगे। इसके साथ ही संसदीय सचिव भी विधायकों को जल्द बनाया जावे।

जनसंपर्क विभाग ने त्रिवेणी परिसर में जिला स्तरीय इवेंट का किया आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सुशासन तिहार के उपलक्ष्य में आज त्रिवेणी परिसर में जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय जिला स्तरीय इवेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रोचकता, उत्साह, उल्लास एवं खुशी के माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न रूचिकर गतिविधियों का आयोजन किया गया।

नि :शुल्क कैरियर गाइडेंस शिविर में युवाओं को दी महत्वपूर्ण जानकारी

कुरूद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार ने कम्युनिटी आउटरीच प्रोग्राम के तहत ग्राम कातलबोड में परिक्षेत्र साहू समाज बानगर द्वारा शास. उच्चत्तर माध्यमिक शाला कातलबोड में आयोजित निःशुल्क शैक्षणिक कैरियर मार्गदर्शन शिविर में पहुंचकर अपने मोटिवेशन स्पीच से युवाओं को कैरियर के संबंध में मार्गदर्शन दिया। साथ ही युवाओं को आह्वान कर अधिक से अधिक युवा पुलिस मित्र बनने के लिए प्रेरित भी किया गया। समाज में हो रहे फ्रॉड,डिजिटल अरेस्ट एवं सायबर फ्रॉड,एटीएम फ्रॉड एवं अलग-अलग प्रकार से हो रहे फ्रॉड के संबंध में भी जानकारी देकर सचेत किया,साथ ही गुड टच बेड टच के बारे में जानकारी देते हुए जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा जीवन के हर पहलू में सफलता के लिए समय का विशेष महत्व है। सभी विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण कर स्वप्रेरित होकर अध्ययन-अध्यापन करने मोटिवेट किया।साथ ही जीवन में योग, व्यायाम,खेलों का महत्व, मोबाइल एवं सोशल मीडिया से नुकसान एवं फायदे, दैनिक समाचार का महत्व,अपने राष्ट्र के प्रभुता, संस्कृति के प्रति समर्पण वेद, उपनिषद, पुराणों के प्रति सम्मान, महापुरुषों के जीवनी पढ़ना एवं उससे से प्रेरणा लेना एवं यूपीएससी परीक्षा एवं आवश्यक तैयारी संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर अनेक उदाहरण सूक्ति एवं श्लोक के माध्यम से विद्यार्थियों को मोटिवेट किया। पुलिस अधीक्षक को अपने बीच पाकर बच्चे काफी उत्साहित और प्रभावित नजर आए, विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न पूछे और पुलिस अधीक्षक ने बड़े ही सहजता से जवाब देकर उनके जिज्ञासाओं को शांत करके मार्गदर्शन दिये। उन्होंने पूरे धमतरी जिले में साहू समाज द्वारा चलाए जा रहे निःशुल्क कोचिंग क्लास,निःशुल्क कैरियर गाइडेंस एवं निःशुल्क समर कैंप की सराहना करते हुए इस बात की विशेष सराहना की इस कैंप में केवल साहू समाज के बच्चे ना होकर के सभी समाजों के जरूरत मंद बच्चे सहभागिता कर रह हैं।

23 मई को किया जाएगा ’समाधान शिविर’ का आयोजन

बालोद/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री साय के मंशानुरूप शासन के जन कल्याणकारी योजनाओं को राज्य के जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुँचाने शुरू की गई ’सुशासन तिहार 2025’ के अंतर्गत तृतीय एवं अंतिम चरण में समाधान शिविरों का निरंतर आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 23 मई को नगर पालिका दल्लीराजरा के बीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 02 एवं बालोद विकासखण्ड के ग्राम सांकरा क के धान खरीदी केन्द्र के समीप ’समाधान शिविर’ का आयोजन किया जाएगा।

सुशासन तिहार : मंगल सिंह को मिला श्रवण यंत्र

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत पण्डरिया विकासखंड के ग्राम सारपानी निवासी मंगल सिंह द्वारा श्रवण यंत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया था। समाज कल्याण विभाग ने सुशासन तिहार के अंतर्गत उक्त आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए आवश्यक कार्रवाई की। 21 मई 2025 को मंगल सिंह को उनका श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। यह कार्यवाही समाज कल्याण विभाग द्वारा तत्काल की गई, जिससे मंगल सिंह को उनकी सुनने की समस्या का समाधान मिल सका और वे अपनी जीवनशैली में सुधार महसूस कर सकेंगे। समाज कल्याण विभाग द्वारा इस प्रकार की त्वरित कार्यवाही मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी

नीतियों को बढ़ावा देने का एक उदाहरण है, जिसके तहत विशेष रूप से गरीब, वंचित और जरूरतमंद व्यक्तियों को समय पर सहायता प्रदान की जाती है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर विभाग द्वारा इस प्रकार की योजनाओं का निरंतर संचालन किया जा रहा है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाया जा सके।

यातायात पुलिस ने ग्रामीणों को बताया सड़क सुरक्षा का महत्व

नगरी/नवप्रदेश। धमतरी जिले के अंतिम छोर थाना मेचका के सुदूर ग्राम तुमडीबहार के साप्ताहिक बाजार में आये, ग्रामीणों को दिया गया यातायात नियमों की जानकारी पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशानुसार,उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री मोनिका मरावी के नेतृत्व में यातायात प्रभारी खेमराज साहू एवं यातायात स्टॉफ द्वारा आमजनों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने एवं सुरक्षित यात्रा के प्रति जागरूक करने के लिये निरंतर कार्य किया जा रहा है,जिसके तहत जिले के अंतिम छोर थाना मेचका के ग्राम तुमडीबहार के साप्ताहिक बाजार एवं समाधान शिविर रांवा में आये, ग्रामीणों, व्यापारियों, वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाते हुए यह भी बताया गया की वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी नही बैठाना

चाहिए, वाहनों को निर्धारित गति में चलाना चाहिए, दो पहिया वाहन चलाने के समय सड़क सुरक्षा उपकरण हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग अवश्य करना चाहिए, वाहन चलाने के समय फोन का उपयोग नही करना चाहिए, मार्ग में लगे संकेत बोर्ड में दिये निर्देशों का पालन करना चाहिए, चौक-चौराहों में सावधानी पूर्वक चलना चाहिए,नशा पान कर वाहन नही चलाना चाहिए,माल वाहक वाहनों में यात्रा नही करना चाहिए।ऐसे यातायात संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दिया गया,बाजार व शिविर में आये लोगों को यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता संबंधी पंपलेट का भी वितरण किया गया। उसमें दिये गए जीवन रक्षक उपायों को पढ़कर अनुशरण करने बताया गया। साथ ही थाना के पास वाहनों की चेकिंग किया गया जिसमें यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही कर यातायात नियमों का पालन करने समझाईश दिया गया।उक्त कार्यक्रम में यातायात से सउनि रामकृष्ण साहू, प्रआर. जितेन्द्र कृदत्त, पेमन साहू, थाना प्रभारी मेचका राधेश्याम बंजारे चालक आर. जीवन साहू थाना मेचका के स्टॉफउपस्थित रहे।

खादी ग्रामोद्योग...

खादी उत्पादन केवल रोजगार का माध्यम न होकर ग्रामीण आत्मनिर्भरता की पहचान बने

खादी को आत्मनिर्भरता से जोड़ने की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्ध : राकेश पाण्डेय

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय बुधवार को गरियाबंद और मैनपुर क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जिले में संचालित खादी उत्पादन केंद्रों का निरीक्षण किया और ग्रामोद्योग से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। पाण्डेय दोपहर में सर्किट हाउस गरियाबंद पहुंचे, जहां से वे खादी केंद्र पहुंचे और कार्यरत महिला कर्मियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि खादी

उत्पादन केवल रोजगार का माध्यम न होकर ग्रामीण आत्मनिर्भरता की पहचान बने। स्थानीय उद्यमियों फ्लाई एस ब्रिक्स एवं यात्री वाहन (बस) के हित ग्राहीयो से की मुलाकात

एवं निरीक्षण के बाद पाण्डेय ने खादी एवं ग्रामोद्योग से जुड़े स्थानीय उद्यमियों से भी संवाद किया। उन्होंने उनके अनुभवों को जाना, समस्याओं को सुना और आश्वासन दिया कि बोर्ड उनकी जरूरतों के अनुरूप तकनीकी और आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शिता की तारीफ

बातचीत के दौरान पाण्डेय ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की दूरदर्शिता और नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में खादी एवं ग्रामोद्योग को नई दिशा मिली है। उन्होंने न केवल इस क्षेत्र को प्राथमिकता दी है, बल्कि इसे राज्य की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बनाने का प्रयास भी किया है। मुख्यमंत्री की सोच है कि आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना गांवों से शुरू हो, और खादी इस अभियान की रीढ़ बने। उनके मार्गदर्शन में हमें यह दायित्व मिला है और हम पूरी प्रतिबद्धता के साथ इसे निभाएंगे।

उन्होंने कहा कि ग्रामोद्योग से जुड़े छोटे-छोटे प्रयासों को बड़े स्तर पर आगे लाने की आवश्यकता है।

पाण्डेय ने आगे कहा कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ‘वोकल फॉर लोकल’ के विज़न को छत्तीसगढ़ सरकार जमीनी स्तर पर साकार कर रही है। खादी को लेकर लोगों में नई जागरूकता आई है और युवाओं में इसका आकर्षण बढ़ा है। इस दौरान ये रहे उपस्थित ङ्क जिला अध्यक्ष अनिल चंद्रकार नपा अध्यक्ष रिखी राम यादव वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव हुंडल आशीष शर्मा सागर मयानी राधे श्याम सोनवानी पूर्व अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू सभापति रेणुका साहू एंव खादी ग्राम उद्योग के उपसंचालक के पी वास कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत व्याख्यान का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में दिनांक 20.05.2022 को प्राचार्य डॉ.मनदीप खालसा के मार्गदर्षन में स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत केरल के मूल निवासी एवं आयुर्वेदिक विषेशज्ञ श्री डी.मोहन कुमार नायकर द्वारा आयुर्वेद के महत्व एवं उपयोगिता के बारे में व्याख्यान दिया गया। डी.मोहन कुमार नायकर जी ने पंचतत्व, योगमुद्रा एवं सही खाद्य पदार्थो का सही तरह से उपयोग तथा उसकी जानकारी प्रदान की गई । मनुश्य को स्वस्थ रहने के लिये अपने षारीरिक देखभाल हेतु जागरुक रहने के लिये प्रेरित किया । उन्होने विभिन्न प्रकार के योग मुद्राओ के बारे में बताया एवं मात्र दो मिनट भी इसे करने से षारीरिक एवं मानसिक रुप से व्यक्ति स्वस्थ होगा एवं उसके प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होगी । साथ ही केरल राज्य में पायी जाने वाली महत्वपूर्ण औशधि पार्थीमुगम जो कि बहुमुखी औशधि है के बारे बताया जिसमें उच्च एवं निम्न रक्तचाप, डाईबिटिज, रक्त षुद्धि, पाचन जैसी बीमारियां दूर हो सकती है।

न्यूज गैलरी

कार्य में लापरवाही पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस

मुंगेली/नवप्रदेश। जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत लौदा एवं बरछा में कार्यरत पंचायत सचिवों की लापरवाही पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय द्वारा दोनों पंचायत सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार कलेक्टर द्वारा दोनों पंचायतों में निरीक्षण के दौरान मनरेगा कार्यों में लापरवाही, पंचायत कार्यालय की अव्यवस्था तथा पलायन रजिस्टर का अद्यतन संधारण न होना जैसी गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। नोटिस में स्पष्ट किया गया है कि पंचायत सचिवों का यह कृत्य पंचायत सेवा नियमों का उल्लंघन है, जो प्रशासनिक अनुशासन की दृष्टि से अस्वीकार्य है। जिला पंचायत सीईओ ने दोनों सचिवों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए एक दिवस के वेतन की कटौती का निर्देश दिए हैं। साथ ही दोनों पंचायत सचिवों को दो दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरी अधिकारी के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया है, अन्यथा उनके विरुद्ध आगे की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

कार्डधारकों को जून से अगस्त माह का एकमुश्त चावल मिलेगा

मुंगेली/नवप्रदेश। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, खाद्य और पोषण सुरक्षा अधिनियम एवं मुख्यमंत्री खाद्यान्न सहायता योजना के राशन कार्डधारकों को पात्रतानुसार जून से अगस्त माह का चावल एकमुश्त मिलेगा। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी को प्रचलित सभी राशनकार्डधारियों को माह जून से अगस्त हेतु पात्रतानुसार राशन का वितरण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने माह जून में 3 माह की पात्रतानुसार चावल वितरण की सूचना सभी उचित मूल्य की दुकानों में अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के साथ ही चावल उत्सव का आयोजन करने और भंडारित खाद्यान्न का किसी भी प्रकार से व्यपवर्तन पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में 20 छात्रों का चयन

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला कलेक्टर कुंदन कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी चंदकुमार घृतलहरे एवं संस्था के प्राचार्य पीसी दिव्य के मार्गदर्शन ने जिला का नाम रोशन करने अवसर दिया है। राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृति परीक्षा 2025 में पीएम बीआरसाव शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय मुंगेली के 20 छात्र-छात्राओं का चयन हुआ है। किसी राष्ट्रीय परीक्षा में किसी एक विद्यालय के छात्रों को इतनी बड़ी संख्या में चयन अपने आप में गौरव का विषय है। इसमें शिक्षक और सम्पूर्ण प्रशासनिक जिम्मेदारीमें लगे एक-एक व्यक्ति का उत्कृष्ट योगदान दिखाई देता है।

बिना सरकारी मापदंड पूरा किए लोग जल्दबाजी में नर्सिंग होम का तो कर लेते हैं उद्घाटन

झोलाछाप डाक्टरों पर औपचारिकता कार्यवाही, नर्सिंग होम को छूट

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले और नगर में चल रहे नर्सिंग होम की आड़ में होने वाले एबॉर्शन और डॉक्टरों द्वारा वसूले जाने वाली मोटी रकम पर नकेल कसने में नाकाम रहे स्वास्थ्य महकमे को अब कार्यवाही के नाम पर खानापूर्ति करते हुए झोलाछाप पर कार्यवाही कर औपचारिकता पूरी करते आसानी से देखा जा सकता है।

जिला बनने लगभग सात साल हो चुके हैं ऐसे में अब दूसरे जगह के बड़े डॉक्टरो की नजर मुंगेली में पड़ने लगी हैं, जिसके चलते मुंगेली में नर्सिंग होम की बाढ़ सी लग गई है, बिना सरकारी मापदंड को पूरा किये ये लोग जल्दबाजी में नर्सिंग होम का उद्घाटन तो कर लेते हैं, और कुछ महीनों के बाद या तो ये नर्सिंग होम बंद हो जाते हैं या फिर किराए के डॉक्टरों के भरोसे छोड़ दिये जाते हैं, जिसका खामियाजा आम आदमी को भुगतना पड़ता है, और डॉक्टर अपनी मोटी कमाई पर अपना सारा ध्यान लगा देते हैं, भले ही मरीज की स्थिति उनके फीस को भरने की हो या न हो।

मापदंड पूरा किये बिना चलते नर्सिंग होम- नर्सिंग होम एक्ट के तहत नर्सिंग होम खोलने की परमिशन निर्धारित मापदंड को पूरा करने के बाद ही मिलती हैं, पर ये डॉक्टर शिर्फ आवेदन करने के बाद धड़ल्ले से अपना कारोबार शुरू कर देते हैं, न वो वहां व्यवस्थित रूप से कोई व्यवस्था उपलब्ध होती हैं और न ही उनके द्वारा मेडिकल कचरे को व्यवस्थित रखा जाता है।

नर्सिंग होम की आड़ में दुकानदारी

नर्सिंग होम की आड़ में दुकानदारी की प्रथा चल पड़ी है, जिसके चलते इलाज के लिये आये मरीजो के परिजनों को जो दवा की पर्ची थमाई जाती है वो दवा शिर्फ परिसर में स्थित मेडिकल में ही मिल सकता हैं, बाहर से लाने पर स्टाफया डॉक्टर द्वारा इसे अमान्य कर दिया जाता है।जो एक गंभीर विषय है, जिस ओर प्रशासन को ध्यान देने की जरूरत है।

हो रहा धड़ल्ले से एबॉर्शन और बिना अनुमति ऑपरेशन

ज्यादातर नर्सिंग होम के पास मान्यता की कमी है उनके द्वारा सिर्फ विभाग को आवेदन दिया गया है, उनकी मान्यता अभी विभाग द्वारा प्रदान नही किया गया है, फिर भी ये नर्सिंग होम बिना किसी भय के ऑपरेशन और एबॉर्शन का कार्य संचालित करते हैं, जो एक गैर कानूनी अपराध की श्रेणी में आता हैं, परंतु कुछ वरदहस्त होने के कारण ये बिना डर भय के अपने काम को अंजाम देने में लगे रहते हैं।

झोलाछाप डॉक्टरों का वर्चस्व

जिले और आस पास के गावो में झोलाछाप डॉक्टर का वर्चस्व बढ़ता जा रहा है, कुछ समय पहले हाईकोर्ट के आदेश के बाद इन झोलाछाप पर कार्यवाही कर कड़ाई तो बरती गई पर बाद में विभागीय शिथिलता के कारण ये फिर सक्रिय हो गये। इन झोलाछाप डॉक्टरों की तादाद मुंगेली ब्लाक और लोरमी ब्लाक में ज्यादा है लोरमी के वनांचल भाग में इनका दबदबा काफी कायम है, जिसके चलते वहाँ की ऐसी कई शिकायतें सुनने को मिलती है जिसमे मरीजो को अपनी जान तक गवानी पड़ी थी, लोरमी ब्लाक की एक महिला का कमर से नीचे का हिस्सा भी खराब होते होते बचा। गरीबी और अशिक्षा की वजह से ग्रामीण में सरकारी अस्पताल के बजाय इन झोलाछाप डॉक्टर को ज्यादा तवज्जो देते है, जिसका ये लोग फायदा उठाकर लोगो की जान से खेलते हैं।

नर्सिंग होम और झोलाछाप डॉक्टर

प्रायः ये देखा जा सकता है कि इन झोलाछाप डॉक्टर और नर्सिंग होम के बीच साठगांठ होती हैं, जिसका फायदा दोनों मिलकर उठाते हैं। जिले में विगत कुछ दिन पहले झोलाछाप डॉक्टर पर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई आलम ये रहा कि दो लोगों के पास से अंग्रेजी दवाओं से साथ साथ सर्जिकल समान भी बरामद किया गया,, परंतु क्या इन छोटी मछलियों को पकड़ कर विभाग अपनी पीठ थपथपायेगी या फिर बड़ी मछलियों पर कुछ ठोस कदम उठाया जाएगा। ये तो आनेवाला समय ही बताएगा।

जल जीवन मिशन की प्रगति पर सचिव अब्दुलहक ने ली समीक्षा बैठक

हर घर जल लक्ष्य के लिए ठोस माइक्रो प्लानिंग और गुणवत्ता पर विशेष फोकस, दिए सख्त निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन की प्राथमिक योजना जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक मुंगेली पहुंचे और जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में सचिव ने समूह जल प्रदाय योजना, एकल ग्राम योजना, सोलर योजना एवं जल जीवन मिशन के लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु माइक्रो प्लानिंग, जलस्रोत संरचनाओं के निर्माण कार्य और उनकी गुणवत्ता पर केंद्रित गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जल जीवन मिशन शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में है, इससे जुड़े समस्त कार्य समय सीमा के भीतर पूरे किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि लापरवाही और कोताही किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं की जाएगी। सचिव ने हर घर जल प्रमाणीकरण, कार्य पूर्णता के संबंध में आने वाली बाधाओं के संबंध में जानकारी ली और समस्याओं को दूर करते हुए कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने बेहतर कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को चिन्हांकित करते हुए उन्हें ब्लैक लिस्टैड करने के भी निर्देश दिए। सचिव ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्कीमों को ब्लॉक वार टारगेट बनाकर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत पंप चोरी की घटनाओं को भी संज्ञान में लेते हुए कहा कि शासकीय संपत्ति की चोरी करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है, इस पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

सचिव अब्दुलहक ने निर्देशित किया कि प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने हर घर स्वच्छ पेयजल के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने मल्टी विलेज स्कीम के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की सतत निगरानी के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों से अपेक्षा जताई कि वे संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए जनहित में इस महत्वाकांक्षी योजना को समयबद्ध तरीके से सफल बनाएं। पीएचई के ईई श्री कुन्दन राणा ने बताया कि जिले में दो समूह जल प्रदाय योजनाओं के अंतर्गत 240 ग्रामों के 68 हजार 45 घरों को नल कनेक्शन से जोड़ा जाना है। वहीं, एकल ग्राम योजना के तहत 01 लाख 56 हजार 779 घरों और सोलर योजना के अंतर्गत 11 हजार 50 घरों में नल कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। शासन के निर्देशानुसार जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य युद्धस्तर पर किए जा रहे हैं। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जल जीवन मिशन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लक्ष्य अनुरूप आवश्यक प्रगति लाने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य अभियंता बिलासपुर संजय सिंह, अधीक्षण अभियंता बिलासपुर परीक्षित चौधरी, अधीक्षण अभियंता एके माल्वे मौजूद रहे।

सचिव कैसर ने जिले के विभिन्न ग्रामों में किए गए कार्यों का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने जिले के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे। सचिव अब्दुलहक ने ग्राम दशरंगपुर, सेमरसल, कुम्भरौली, ठरकपुर और मसना में प्रत्येक घरों तक स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता, टंकी की क्षमता आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान दशरंगपुर में टंकी में पानी नहीं चढ़ने, कुम्भरौली में पानी टेस्टिंग कार्य की धीमी प्रगति पर सचिव अब्दुलहक ने अधिकारियों को फटकार लगाई और योजना के अंतर्गत कार्य को शीघ्र पूरा कर हर घर नल जल पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम सेमरसल में टेकराम पटेल के घर पहुंचकर स्वच्छ पेयजल उपलब्धता की जानकारी ली। इसके अलावा ठरकपुर में ग्रामीणों के घर जाकर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति का जायजा लिया। इस दौरान सचिव एवं कलेक्टर ने गॉव के नरेंद्र कुमार द्वारा व्यर्थ पानी बहाते पाए जाने पर उन्हें पानी की बर्बादी नहीं करने की समझाइश दी। उन्होंने गॉवों में पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने, जल जीवन मिशन के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने एवं पूरी तत्परता से कार्य करने निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता बिलासपुर संजय सिंह, अधीक्षण अभियंता बिलासपुर परीक्षित चौधरी, अधीक्षण अभियंता ए.के. माल्वे मौजूद रहे।

धान उठाव और एफसीआई में चावल भंडारण की प्रक्रिया को गति देने कलेक्टर ने दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के हथकेरा और नवाडीह संग्रहण केन्द्रों से 76 स्टेक धान के शीघ्र उठाव और एफसीआई में चावल भंडारण प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु कलेक्टर कुन्दन कुमार ने आज जिला कलेक्ट्रेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में विभागीय अधिकारियों और राइस मिलर्स की महत्वपूर्ण बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले के 40 राइस मिलर्स जो अब तक नीलामी में भाग नहीं लिए हैं, वे प्रति मिलर्स 02-02 स्टेक के हिसाब से दोनों संग्रहण केन्द्रों से नीलामी के माध्यम से धान का त्वरित उठाव सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिले में मिलर्स का सहयोगात्मक रवैया सराहनीय रहा है, जिसके परिणामस्वरूप जीरो शॉर्टेज का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया गया है। कलेक्टर ने मिलर्स को आश्वस्त किया कि प्रशासन उनके साथ पूर्ण सहयोग को प्रतिबद्ध है और शासन के निर्देशानुसार प्राथमिकता के आधार पर धान उठाव की प्रक्रिया को गति दी जाएगी। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे एफसीआई अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर चावल जमा करने की प्रक्रिया में तेजी लाएं। बैठक में खाद्य अधिकारी हुलेश डड़सेना, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव सहित जिले के प्रमुख राइस मिलर्स उपस्थित रहे।

लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण करने ई-कोर्ट पोर्टल पर सुनवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर कुन्दन कुमार निर्देशानुसार अपर कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी भू अभिलेख गिरधारी लाल यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने 23 मई को आयोजित होने वाले विशेष राजस्व न्यायालय के सफल क्रियान्वयन एवं राजस्व प्रकरणों के निराकरण के सम्बन्ध में समीक्षा की। उन्होंने सीमांकन, विवादित नामांतरण, बंटवारा, त्रुटि सुधार, नक्शा बटांकन करने, अभिलेख शुद्धता, खाते का डिजिटल हस्ताक्षर, फॉर्मेट रजिस्ट्री का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करने तथा समय-सीमा से बाहर के लंबित सभी राजस्व प्रकरणों को विशेष राजस्व न्यायालय में सुनवाई करके निराकरण करने निर्देशित किया। अपर कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक न्यायालय का मदवार समय-सीमा से बाहर के प्रकरणों का सूचीबद्ध कर एवं कार्ययोजना बनाकर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें तथा कार्यवाही एवं निराकरण सिर्फ ई-कोर्ट पोर्टल के माध्यम से ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस वीडियो कॉन्फ्रेंस में सभी अनुविभागीय अधिकारी (रा.), सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, अधीक्षक, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख एवं कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

2025 प्रतिभा सम्मान एवं कैरियर गाइडेंस कार्यशाला

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीम राव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान छत्तीसगढ़ द्वारा डॉ भीम राव अम्बेडकर विद्यालय परिसर मुंगेली में जिला स्तरीय 10 वी एवं 12 वी बोर्ड परीक्षा 2025 में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सभी जाति वर्ग के छात्रों के लिए एक दिवसीय निःशुल्क कैरियर गाइडेंस कार्यशाला एवं प्रतिभा सम्मान समारोह कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक के आतिथ्य में 24 मई को दो सत्र में आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिले के समस्त शासकीय/अशासकीय शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्रा अपने रिजल्ट के इंटरनेट कॉपी और अपने एक अभिभावक के साथ उपस्थित हो सकते हैं। पूर्व से पंजीयन भी करा सकते हैं।

विधायक के निर्देशानुसार समावेशी शिक्षा रिसोर्स सेंटर का किया निरीक्षण

लखनपुर/नवप्रदेश। ब्लॉक लखनपुर स्थित (समावेशी शिक्षा) रिसोर्स सेंटर का निरीक्षण भाजपा नेता सौरभ अग्रवाल के द्वारा किया गया। सेन्टर में दृष्टिहीन (ब्लाइंड) एवं मानसिक दिव्यांग बच्चों से मुलाकात कर उनके हालचाल जाने गए। यह देखकर प्रसन्नता हुई कि शिक्षकगण बच्चों के मानसिक विकास हेतु समर्पित भाव से गुणवत्तापूर्ण कार्य कर रहे हैं। अभिभावकगण भी बच्चों में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन से उत्साहित हैं। और नियमित रूप से उन्हें सेंटर ला रहे हैं। निरीक्षण के दौरान भवन की जर्जर स्थिति, शौचालय की कमी एवं अन्य जरूरी उपकरणों की आवश्यकता जैसे कुछ मुद्दों को संज्ञान में लिया गया। शीघ्र ही इन समस्याओं के समाधान एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। सौरभ अग्रवाल ने सभी अभिभावकों से अपील किया हैं कि जितने भी मानसिक एवं शारीरिक रूप से पीड़ित बच्चे हैं उन्हें सेंटर अवश्य भेजे जिससे बच्चों का अच्छा ग्रोथ हो सके साथ ही जिस किसी भी बच्चों का रजिस्ट्रेशन नहीं हैं वो अपना रजिस्ट्रेशन कराए। दिलेश्वरी (ब्लाइंड) ने मनमोहक सुंदर भजन की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर भाजपा नेता सौरभ अग्रवाल, रिसोर्स सेंटर के कर्मचारी भागवत देवांगन, श्रीमती वैदेही साहू, अभिभावक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

झूलेलाल धाम में एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी का आयोजन

मुंगेली/नवप्रदेश। सिंध यूथ युवा समिति मुंगेली के द्वारा एक देश एक चुनाव पर संगोष्ठी का आयोजन झूलेलाल धाम में किया गया। जिसमे मुख्य वक्ता के रूप मे मुंगेली के विधायक पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले उपस्थित रहे। सिंध यूथ सेवा समिति द्वारा झूलेलाल धाम मुंगेली में एक राष्ट्र एक चुनाव के संदर्भ में आयोजित संगोष्ठी में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव देश मे चुनाव सुधारों की एक दिशा में महत्वपूर्ण कदम है जो जनमानस के लिए एक अच्छी पहल साबित होगी प्रशासनिक सुगमता होगी। भारत देश एक समृद्धशाली और शक्तिशाली देशों मे शुमार होगा। भाजपा जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी ने कहा कि एक देश एक चुनाव हर दृष्टिकोण से सही है।

बार-बार चुनाव होने से हर कार्य प्रभावित होता है। हमें इस दृष्टि से सकारात्मक विचार करते हुए कार्य करना चाहिए। एक देश एक चुनाव के संयोजक सुनील पाठक ने कहा कि इससे खर्च, समय की बचत होगी, वहीं प्रशासनिक लाचारी भी खत्म होगी। इसीलिए हम सबको एक मत होकर सर्व समिति से एक राष्ट्र एक चुनाव का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने उपस्थित सभी से एक राष्ट्र एक चुनाव पर उनकी राय मांगी। जिस पर सभी ने एक स्वर मे हाथ उठाकर समर्थन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सिंध युवा समिति के संरक्षक मोहन भोजवानी, पूर्व विधायक विक्रम मोहले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शांति देवचरण भास्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष शैलेश पाठक, लोरमी जनपद की अध्यक्ष वर्षा सिंह, सयोजक रवि शर्मा हरिशंकर वर्मा, कोटूमल दादवानी, मंडल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि उदय जायसवाल, अनुराग सिंह, रामशरण यादव, राजेश्वर टंडन, कलीम बागड़ी, उत्तम साहू, जीवन पटेल, धनराज सिंह उपस्थित रहे।

आयोजन

शिविर में प्राप्त आवेदनों का किया गया निराकरण, दी गई योजनाओं की जानकारी

खोडरो, नवाडीह एवं पेण्डारी में किया गया समाधान शिविर का आयोजन

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन की पहल पर आयोजित सुशासन तिहार आम जनता की समस्याओं के समाधान का प्रभावी माध्यम बन रहा है। इसी क्रम में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के राजपुर विकासखंड के खोडरो में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 2381 मांग तथा 45 आवेदन शिकायत के प्राप्त हुए थे, जिसका निराकरण किया गया। शिविर में राजस्व, पंचायत, ग्रामीण विकास, वन, स्वास्थ्य, विद्युत, कृषि, शिक्षा सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समाधान शिविर में लोगों के राशन कार्ड, पेंशन, पीएम आवास, जाति प्रमाण पत्र, बिजली बिल, चिकित्सा सुविधा के प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि श्रीमती उद्धेश्वरी पैकरा विधायक के द्वारा 05 हितग्राहियों को पेंशन स्वीकृति पत्र, 04 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, 05 हितग्राहियों को ई श्रम कार्ड, 05 हितग्राहियों परिवार को मनरेगा का जॉब कार्ड, प्रधान मंत्री आवास के 05 हितग्राहियों को मकान का चाबी, 05 महिलाओं को लखपति दीदी सम्मान प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। शिविर में खण्ड स्तरीय समस्त विभाग के द्वारा अपने-अपने विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी लगाया गया थी, साथ ही शिविर में उपस्थित ग्रामीणों को सभी विभाग के अधिकारियों के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और सुशासन तिहार अन्तर्गत प्रथम चरण में खोड़रो कलस्टर अन्तर्गत मांग के कुल प्राप्त 2381 और शिकायत के 45 आवेदनों पर की गई। कार्यवाही एवं निराकरण के सम्बन्ध में समस्त विभाग प्रमुख के द्वारा शिविर में उपस्थित लोगों को बताया गया। साथ ही शिविर स्थल पर प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही कर किये गए। निराकरण की जानकारी सम्बन्धित विभाग के द्वारा आवेदक को दिया गया। समाधान शिविर में कलस्टर खोडरो के अंतर्गत खुखरी, खोडरो, उधवाकटरा, कुंदिकला, बदौली, शिवपुर, रेवतपुर, खोखनियां, धंधापुर, परसवारकला, डकवा एवं चांची ग्राम पंचायतों को सम्मिलित किया गया था।

आबकारी विभाग ने 14.50 लीटर महुआ शराब लाहन की जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम खम्हरिया में अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने 14.50 लीटर कच्ची महुआ शराब और 195 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त की है। यह छापामार कार्रवाई कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देश पर की गई। कलेक्टर ने हाल ही में मुंगेली विकासखंड के ग्राम लौदा में ''आयुष्मान महाभियान'' के अंतर्गत दौरा किया था। इस दौरान ग्रामीणों ने ग्राम खम्हरिया में कच्ची शराब के खुलेआम विक्रय की शिकायत की थी। कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए आबकारी विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उसी क्रम में 22 मई को आबकारी विभाग की टीम ने खम्हरिया गांव में छापेमारी की। जिला आबकारी अधिकारी राजेश जायसवाल ने बताया कि कार्रवाई के दौरान ग्राम खम्हरिया में रमाकांत जांगड़े से 09 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद किया गया। इसी तरह सत्तू बंजारे से 02 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा 195 किलोग्राम महुआ लाहन और प्रीतम रात्रे से 03.50 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई।

सिरगिट्टी क्षेत्र में निरीक्षण करने पहुंची महापौर, अधिकारियों को दिए निर्देश

शहर में 50 से 60 जगहों पर होगा बोर खनन, वार्डों में टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए इन दिनों शहर सरकार एड़ी चोटी का जोर लगाते दिख रहे हैं। महापौर पूजा विधानी भी सुबह से विभिन्न वार्डों के निरीक्षण के लिए लगातार अपनी टीम के साथ निकल रही हैं। विभिन्न वार्डों और जोन में सुबह आम लोगों से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हो रही हैं। शहरवासियों को समस्याओं से त्वरित राहत देने के लिए उपस्थित अधिकारियों को तुरंत निर्देशित भी कर रहीं हैं। इस दौरान स्थानीय पार्षद, एमआईसी सदस्य और निगम के अधिकारी भी महापौर के साथ जा रहे हैं।

शुक्रवार सुबह महापौर पूजा विधानी जोन क्रमांक दो सिरगिट्टी के वार्ड 10, 11 और 12 का निरीक्षण किए। इस दौरान एमआईसी सदस्य श्याम साहू, केशरी इंगोले, जोन अध्यक्ष विजय मरावी सहित जोन कमिश्नर प्रवेश कश्यप उपस्थित रहे। महापौर पूजा विधानी ने बताया कि साफ-सफाई और वार्डों में बनी नालियों की स्थिति का उन्होंने जायजा लिया। वर्तमान में निगम द्वारा शहर के सभी मुख्य नालों के साथ वार्डों में बने नालियों की सफाई और पानी निकासी को गंभीरता से लेकर इस पर कार्य किया जा रहा है। आने वाले कुछ दिनों में बारिश शुरु हो जाएगी। निगम द्वारा जल भराव की स्थिति को रोकने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है। शहर के बड़े नालों की सफाई मशीनों द्वारा की जाएगी। वार्ड में सड़क और नाली की सफाई व्यवस्था को स्थानीय पार्षदों द्वारा भी देखा जा रहा है, जिससे बारिश के समय लोगों को समस्याएं न हो। महापौर श्रीमती विधानी ने कहा कि गर्मी में जल संकट की गंभीर समस्या बनी हुई है। इसे दूर करने के लिए शहर में 50 से 60 जगहों पर नए बोर का खनन किया जा रहा है। ठेकेदारों को निर्देश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द वार्डों में जहां पानी की समस्या ज्यादा है वहां बोर खनन का काम शीघ्रता से करें।

जल संरक्षण के लिए जागरुकता जरुरी

महापौर ने कहा कि जल संकट की समस्या को जल्द ही दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। नए बोर खनन के साथ पुराने बोर की आवश्यकतानुसार साफ-सफाई, पाइप को बदला जा रहा है, जिससे तत्काल ही लोगों को जल संकट से राहत मिले। पार्षदों द्वारा लगातार वार्डों की स्थिति का जायजा लिया जा रहा है। जिन वार्डों में भीषण जल संकट की स्थिति बनी है वहां निगम के टैंकर द्वारा पानी की आपूर्ति की जा रही है। शहर सरकार बनने के कुछ दिनों बाद ही गर्मी शुरु हो गई इस वजह से इस बार अव्यवस्था की स्थिति बनी हुई है, जिसे व्यवस्थित करने में कुछ समय तो लगेगा ही। बारिश शुरु होते ही शहरवासियों को जल संरक्षण के लिए जागरुक किया जाएगा। जल संकट की समस्या और गिरते जल स्तर को दूर करने के लिए शहरवासियों के सहयोग की आवश्यकता होगी, जिससे आने वाले गर्मी में जल संकट की समस्या इतनी विकराल न रहे।

अवैध निर्माण पर कार्रवाई

महापौर ने बताया कि अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर निगम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। आज भी जोन क्रमांक 5, वार्ड क्रमांक 34 में नाली के ऊपर बने अवैध निर्माण को तोड़ा गया। यह कार्रवाई सतत रुप से चलेगी। शहर को व्यवस्थित और स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को साकार करने के लिए हम सभी को मिलकर शहर विकास के लिए आगे आना होगा और निगम प्रशासन का सहयोग भी आम जनता को करना होगा। आने वाले पांच सालों में शहर का कायाकल्प कर इसे साफ-सुथरा व्यवस्थित बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

■ न्यूज गैलरी

मानिकपुरी, पनिका समाज का प्रादेशिक निर्वाचन की नामांकन प्रक्रिया शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मानिकपुरी पनिका समाज की आहुत बैठक समाज के प्रादेशिक निर्वाचन के लिए अहम निर्णय लिए गए । बैठक की शुरूवात सद्गुरू कबीर साहेब के मंगल आरती से हुई। जिसमें प्रदेश के सभी निर्वाचन अधिकारी सहित विभिन्न जिलों से पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी और समाजिक वृंद शामिल हुए। बैठक प्रारंभ होते ही मुख्य निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश मानिकपुरी के द्वारा प्रदेश की मतदाता सूची के प्रकाशन से सभी को अवगत कराया और बताया कि इस बार छत्तीसगढ के पूरे 33 जिलों से हजारों की संख्या में सामाजिक लोगों ने मतदाता सूची में अपना नाम और पता की प्रविष्टि कराया है । इसी के साथ निर्वाचन हेतु नामांकन फॉर्म भरने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई जो 23-मई तक जारी रहेगी। नामांकन फॉर्म सभी जिला मुख्यालयों में वितरण हेतु उपलब्ध करा दी गई है। ऐसे अभ्यर्थी जो फार्म समय पर जमा करने में असमर्थ हो वे निर्वाचन अधिकारी से चर्चा पश्चात आन लाइन नामांकन की सुविधा प्राप्त कर सकेगें। नामांकन पत्रों की स्क्रुटनी 25 मई की जावेगी तथा उसी दिन प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर चुनाव चिन्ह का आबंटन किया जाएगा।

भूटान अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एसोसिएशन और इसरो के साथ मिलकर 300 से अधिक छात्रों को किया प्रेरित

मुस्कान एजुकेशन फाउंडेशन ने भूटान में बच्चों को सिखाया अंतरिक्ष विज्ञान और ड्रोन तकनीक

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुस्कान एजुकेशन फाउंडेशन ने भूटान के युवाओं को अंतरिक्ष विज्ञान और ड्रोन तकनीक की रोमांचक दुनिया से जोड़कर एक नया इतिहास रच दिया है।

भूटान के गेलेफू मिडिल सेकेंडरी स्कूल में आयोजित दो दिवसीय युवा अंतरिक्ष यात्रियों कार्यक्रम में फाउंडेशन ने भूटान अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एसोसिएशन और इसरो के साथ मिलकर 300 से अधिक छात्रों को प्रेरित किया। यह भूटान में आयोजित पहला स्पेस और ड्रोन कैंप था, जो सफल रहा। रायपुर से संचालित मुस्कान एजुकेशन फाउंडेशन लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। यह संगठन प्राइमरी सरकारी स्कूलों में स्पेस लैब सेटअप करता है। जहाँ बच्चों को इसरो के अंतरिक्ष कार्यक्रमों और प्रक्षेपणों की बुनियादी शिक्षा दी जाती है। इसका

रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा

फाउंडेशन ने स्केचिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से छात्रों को ओरियन जैसे नक्षत्रों को पहचानना सिखाया। कक्षा 9 की पेमा ने गर्व से बताया, अब मैं आसानी से ओरियन ढूंढ सकती हूँ और अपने दोस्तों को दिखा सकती हूँ। शिक्षक संगय वांग्मो ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा, मुस्कान एजुकेशन फाउंडेशन ने अनुभवात्मक शिक्षा का बेहतरीन माहौल तैयार किया। जब छात्र इन अवधारणाओं को अपने हाथों से आजमाते हैं, तो उनकी रचनात्मकता कई गुना बढ़ जाती है।

उद्देश्य ग्रामीण बच्चे छोटी उम्र से ही अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि विकसित करें और भविष्य में इस क्षेत्र में योगदान दे सकें। मुस्कान फाउंडेशन रायपुर, छत्तीसगढ़ सहित हिमाचल प्रदेश, असम, अरुणांचल प्रदेश, त्रिपुरा, आंध्रप्रदेश, नेपाल, भूटान और कई अन्य राज्यों और देशों के ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को स्पेस से जोड़ने का काम कर रहा है। मुस्कान एजुकेशन फाउंडेशन इसरो द्वारा प्रमाणित स्पेस ट्यूटर और सर्टिफाइड मर्चेंट है। इसरो के सहयोग से आयोजित भूटान के इस शिविर का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष विज्ञान को सुलभ और रोमांचक बनाना था। कक्षा 9 से 12 तक के 314 भूटानी छात्रों ने इस शिविर में हिस्सा लिया। मुस्कान एजुकेशन फाउंडेशन की पहल पर छात्रों को कई एसटीईएम गतिविधियों से जोड़ा गया, जिसमें सौर अवलोकन, हाइड्रो-रॉकेट प्रक्षेपण, ड्रोन उड़ान और नक्षत्रों की पहचान शामिल थी। कक्षा 10 की छात्रा त्शेरिंग ने सौर दूरबीन से सूर्य को देखकर अपनी हैरानी जताई। उसने कहा, मुझे नहीं पता था कि सूर्य की सतह इतनी अंधेरी हो सकती है। ड्रोन प्रदर्शन ने छात्रों की कल्पनाओं को नई उड़ान दी, जबकि हाइड्रो-रॉकेट ने उन्हें पानी की शक्ति से रॉकेट उड़ाने का अनुभव दिया।

ऊर्जा सचिव ने जनप्रतिनिधियों को बैठक में नहीं किया शामिल, कोटा विधायक ने उठाए सवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी में बिजली समस्या से प्रदेश के नागरिक जूझ रहे है विभाग में अराजकता का मांहौल है। बिजली कटौती का कोई समय और कारण नहीं है। जिले एवं शहर में बिजली कटौती को लेकर नागरिक आक्रोशित होकर घेराव एवं प्रदर्शन भी कर रहे है जनप्रतिनिधि लगातार जिले के अधिकारियों से शिकायत भी कर रहे है, इन सब परिस्थितियों को देखते हुए प्रदेश के ऊर्जा सचिव विद्युत वितरण कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव ने बिलासपुर पहुंचकर 21 मई को कलेक्ट्रेट स्थित मंथन सभा कक्ष में जिलाधीश, संभागायुक्त सहित जिले के सभी अधिकारियों की उपस्थिति में बिजली विभाग के अधिकारियों की बैठक ली और डांट फटकार लगाई। उक्त बैठक पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि अच्छा होता कि अध्यक्ष जनप्रतिनिधियों की बैठक बुलाते और विद्युत विभाग की पूरी जानकारी लेते लेकिन पता नहीं क्यों सुशासन तिहार की अवधि में भी डॉ. रोहित यादव ने विधायक महापौर जिला पंचायत आदि जनप्रतिनिधियों को बुलाकर समस्या जानने की आवश्यकता नहीं समझी या जनप्रतिनिधियों से परहेज क्यों रखा। विधायक अटल श्रीवास्तव ने कहा कि बिलासपुर सहित पूरे प्रदेश में विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है बिलासपुर जिले एवं शहर का हाल बेहाल है, अधिकारी शिविर एवं सुशासन तिहार के नाम से कार्यालय से गायब रहते है। हफ्ता हफ्तो विद्युत सप्लाई नहीं होने के कारण पीने की पानी की समस्या ग्रामों में उत्पन्न हो रही है।

बिजली लाइन बिछाना सार्वजनिक हित, भूमि मालिक मुआवजे का हकदार: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिजली ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना के लिए भूमि मालिक की पूर्व सहमति आवश्यक नहीं है। ऐसी लाइनों को बिछाना व्यापक सार्वजनिक हित में है, जो राष्ट्र के विकास और वृद्धि के लिए आवश्यक है। भूमि मालिक केवल मुआवजे का हकदार है। किसान की कृषि भूमि पर गड्ढे कर ट्रांसमिशन टावरों का निर्माण कराया जा रहा है, इसे लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने निर्माण कार्य पर रोक लगाने से इंकार कर दिया। इसके साथ ही याचिकाकर्ता को दो माह में मुआवजा वितरित करने का निर्देश दिया है। याचिकाकर्ता जयकुमार अग्रवाल की ग्राम कोरबी, तहसील बलौदा, जिला जांजगीर-चांपा में 8.73 एकड़ कृषि भूमि का मालिक है, जिस पर सीएसपीटीसीएल ने 16 बड़े गड्ढे खोद दिए। बिना किसी पूर्व सूचना, सहमति या राज्य सरकार द्वारा जारी किए गए अनुमोदन आदेश 11मार्च 2024 की अनिवार्य शर्तों का अनुपालन किए ट्रांसमिशन टावरों का निर्माण शुरू कर दिया । इससे रुष्ट होकर याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली ।याचिका में कहा गया कि, प्रतिवादी सीएसपीटीसीएल को निर्देश दिया जा सकता है कि वह याचिकाकर्ता की भूमि पर ट्रांसमिशन टावर के निर्माण के लिए उल्लिखित भूमि पर निर्माण कार्य को तुरंत रोक दे , क्योंकि राज्य सरकार द्वारा दिनांक 1 मार्च 2024 के आदेश के तहत दी गई अनुमति प्रतिवादी द्वारा उल्लिखित शर्त का पालन न करने के कारण निष्फल और निरस्त हो गई है। यह भी प्रार्थना की गई कि प्रतिवादी सीएसपीटीसीएल को याचिकाकर्ता की भूमि की वास्तविक स्थिति को बहाल करने का निर्देश दिया जाए। जस्टिस अमितेश किशोर प्रसाद ने सुनवाई के बाद माना कि, वर्तमान मामले के तथ्यों और परिस्थितियों के साथ-साथ सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित कानूनी मिसालों के मद्देनजर, यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि बिजली ट्रांसमिशन लाइनों की स्थापना के लिए भूमि मालिक की पूर्व सहमति आवश्यक नहीं है।

याचिकाकर्ता को पर्याप्त मुआवजा देने निर्देश

कोर्ट ने प्रतिवादियों को याचिकाकर्ता के साथ सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता को पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने का निर्देश दिया, और याचिकाकर्ता को निर्देश दिया कि वह ऐसा कोई कार्य न करे जिससे बिजली ट्रांसमिशन टावरों के निर्माण में बाधा उत्पन्न हो। संबंधित अधिकारियों को इस आदेश की प्रति प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के भीतर याचिकाकर्ता को मुआवजा वितरित करने का निर्देश भी दिया है।

एसएसपी ने किया थाना प्रभारियों में फेरबदल

बिलासपुर/नवप्रदेश। एसएसपी रजनेश सिंह ने निरीक्षकों और इंस्पेक्टर और एक एसआई का प्रभार बदलते हुए सिरगिट्टी थाना प्रभारी रजनीश सिंह को लाइन भेज दिया है उनके स्थान पर कोनी थाना प्रभारी किशोर केंवट को सिरगिट्टी थाना भेजा गया है। एयरपोर्ट सुरक्षा में लगे राहुल तिवारी को कोनी थाना का प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह तखतपुर थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर को भी लाइन भेजा गया है। निरी. रविंद्र अनंत को अजाक का प्रभारी बनाया गया है।

नाबालिग से छेड़छाड़, शिक्षक गिरफ्तार

बिलासपुर /नवप्रदेश। नाबालिग लड़की से छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट के फरार आरोपी को तखतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता नाबालिग लड़की को 01 फरवरी 2025 को शिक्षक अशोक कुर्रे द्वारा बेड टच किया है । प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना कार्रवाई मे लिया गया। आरोपी गिरफ्तारी से बचने हेतु फरार था। प्रकरण महिला संबंधी गंभीर अपराध होने मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के द्वारा आरोपी को जल्द से जल्द गिरफतारी का निर्देश दिया गया। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) कोटा नूपूर उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देवेश सिंह राठौर के नेतृत्व में टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए फरार अरोपी अशोक कुमार कुर्रे पिता भागचंद कुर्रे स.शि.एल.बी. निवासी शरन नगर पडरिया रोड तखतपुर जो बिलासपुर मे छिप कर रह रहा है सूचना पर तत्काल बिलासपुर पहुचकर घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी को पुलिस अभिरक्षा मे थाना तखतपुर लाया गया आरोपी के विरूध अपराध सबुत पाये जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक देवेश सिंह राठौर, आरक्षक आशीष वस्त्रकार, रवि श्रीवास, का सुनील सूर्यवंशी का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

आधारशिला न्यू सैनिक स्कूल के छात्रों का शानदार सफलता

बिलासपुर/नवप्रदेश। 5 अप्रैल को देशभर के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में सैनिक स्कूलों में प्रवेश हेतु ऑल इंडिया सैनिक स्कूल एंट्रेंस एग्जामिनेशन (एआईएसएसईई) आयोजित किया गया था। इस परीक्षा में आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के कक्षा 5वीं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम 22 मई गुरुवार को घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय अंक प्राप्त करते हुए प्रवेश के लिए अपनी योग्यता सिद्ध की। एआईएसएसईई जैसी कठिन राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफल होना एक बड़ी उपलब्धि है, जो विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण तथा विद्यालय की गुणवत्ता का प्रमाण है। विद्यालय द्वारा इस परीक्षा की तैयारी हेतु जुलाई 2024 से ही विशेष रणनीति के अंतर्गत कक्षाएँ संचालित की गईं। छात्रों को बेहतर मार्गदर्शन, अभ्यास एवं परीक्षा के अनुरूप वातावरण प्रदान करने हेतु शिक्षकों द्वारा ऑनलाइन, ऑफलाइन एवं लेट नाइट क्लासेस का आयोजन निरंतर किया गया। उल्लेखनीय है कि शीतकालीन तथा ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी छात्रों एवं शिक्षकों ने समय समर्पित कर नियमित अध्ययन सुनिश्चित किया, जिससे विद्यार्थियों को प्रतियोगी माहौल में आत्मविश्वास के साथ सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हुआ।जिसका श्रेय विद्यालय के समर्पित शिक्षको अनीता मिंज, श्वेता रॉयज़ादा एवं पूजा पाल को जाता है। इन शिक्षकों ने दिन-रात परिश्रम कर विद्यार्थियों को विषयवस्तु की गहराई से तैयारी कराई और उनका मनोबल ऊँचा बनाए रखा।

एआईएसएसईई 2025 प्रवेश परीक्षा

कम पेट्रोल डालने के विवाद में पंप कर्मचारियों ने युवक से की मारपीट

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर/ व्यापार स्थित पेट्रोल पंप में पंप के कर्मचारियों की गुंडागर्दी का वीडियो सामने आया है । जहां कम पेट्रोल डालने की शिकायत करना ग्राहक को महंगा पड़ गया और पेट्रोल पंप कर्मियों ने मिलकर ग्राहक की जमकर पिटाई कर दी। कर्मचारियों के चंगुल से बचे ग्राहक ने इस मामले की शिकायत थाने में लिखित में की है शिकायत के अनुसार व्यापार स्थित पेट्रोल पंप में पेट्रोल की चोरी कर ग्राहकों से पूरा पैसा लेकर कम पेट्रोल दिया जाता है और शिकायत करने में गुंडागर्दी की जाती है। इस मारपीट की घटना का वीडियो बनाकर प्राथी ने सिविल लाइन में शिकायत की है। सिविल लाइन में हुई शिकायत के अनुसार पंप कर्मियों ने एक और युवक के साथ मारपीट करते हुए पैसों को लूटने की कोशिश भी की जिसके कारण युवकों को चोटे भी आई है।

मरम्मत

कटनी–मुड़वारा से और सिंगरौली दिशा की ओर टाई–लाइन की कनेक्टिविटी कार्य

स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य, एक से 9 जून तक अठारह ट्रेनें रहेंगी रद्द

बिलासपुर/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के झलवारा स्टेशन पर अधोसंरचना विकास के तहत नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किए जाएंगे। यह कार्य आईआरसीओएन द्वारा कटनी ग्रेड सेपरेटर लाइन (कटनी-मुड़वारा से) और सिंगरौली दिशा की ओर टाई-लाइन की कनेक्टिविटी के कमीशनिंग के अंतर्गत 1 जून से 9 जून के बीच किया जाएगा। इस कारण रेलवे प्रशासन द्वारा कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है, जिससे यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

रद्द की गई ट्रेनें- बिलासपुर - भोपाल एक्सप्रेस (18236) 1 से 7 जून तक रद्द, भोपाल - बिलासपुर एक्सप्रेस (18235) 3 से 9 जून तक रद्द, जबलपुर - अम्बिकापुर एक्सप्रेस (11265) 2 से 7 जून तक रद्द, अम्बिकापुर - जबलपुर एक्सप्रेस (11266) 3 से 8 जून तक रद्द, रीवा - चिरमिरी एक्सप्रेस (11751) 2, 4, 6 जून को रद्द, चिरमिरी - रीवा एक्सप्रेस (11752) 3, 5, 7 जून को रद्द, लखनऊ - रायपुर एक्सप्रेस (12535) 2, 5 जून को रद्द, रायपुर - लखनऊ एक्सप्रेस (12536) 3, 6 जून को रद्द, दुर्ग - निज़ामुद्दीन एक्सप्रेस (22867) 3, 6 जून को रद्द, निज़ामुद्दीन - दुर्ग एक्सप्रेस (22868)ः 4, 7 जून को रद्द, दुर्ग - अजमेर एक्सप्रेस (18213)ः 1 जून को रद्द, अजमेर - दुर्ग एक्सप्रेस (18214) 2 जून को रद्द, दुर्ग - नवतनवा एक्सप्रेस (18205) 5 जून को रद्द, नवतनवा - दुर्ग एक्सप्रेस (18206) 7 जून को रद्द, चिरमिरी - अनुपपुर पैसेंजर (51755) 3, 5, 7 जून को रद्द, अनुपपुर - चिरमिरी पैसेंजर (51756)ः 3, 5, 7 जून को रद्द, कटनी - चिरमिरी पैसेंजर (61601) 2, 7 जून को रद्द, चिरमिरी - कटनी पैसेंजर (61602) 3, 8 जून को रद्द रहेंगी।

मार्ग परिवर्तित ट्रेनें

बरौनी - गोंदिया एक्सप्रेस (15231) 2 से 6 जून तक बरौनी, कटनी, जबलपुर, नैनपुर, बालाघाट होते हुए चलेगी। गोंदिया – बरौनी एक्सप्रेस (15232) 2 से 6 जून तक गोंदिया, बालाघाट, नैनपुर, जबलपुर, कटनी होते हुए चलेगी।

न्यूज गैलरी

कोई भी संस्था महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मातृत्व अवकाश से जुड़ा एक अहम फैसला सुनाया। अदालत ने कहा कि अनुसार मातृत्व अवकाश मातृत्व लाभ का एक अभिन्न अंग है और महिलाओं के प्रजनन अधिकारों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि कोई भी संस्था किसी महिला को मातृत्व अवकाश के अधिकार से वंचित नहीं कर सकती। अपनी याचिका में महिला ने कहा कि उसे मातृत्व अवकाश देने से इस आधार पर मना कर दिया गया कि उसकी पहली शादी से दो बच्चे हैं। तमिलनाडु में नियम है कि मातृत्व लाभ केवल पहले दो बच्चों को ही मिलेगा। याचिकाकर्ता ने कहा कि उसने अपनी पहली शादी से हुए दो बच्चों के लिए कोई मातृत्व अवकाश या लाभ नहीं लिया है। महिला ने यह भी दावा किया कि वह अपनी दूसरी शादी के बाद ही सरकारी सेवा में आई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता के.वी. मुथुकुमार ने कहा कि राज्य के निर्णय से उसके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, क्योंकि उसने पहले तमिलनाडु के मातृत्व लाभ प्रावधानों का लाभ नहीं उठाया था।

हरे निशान में भारतीय शेयर बाजार निफ्टी 24,700 स्तर से ऊपर

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को मिश्रित वैश्विक संकेतों के बीच बढ़त के साथ खुले। शुरुआती कारोबार में एफएमसीजी, आईटी और ऑटो सेक्टर में खरीदारी देखी गई। सुबह करीब 9.29 बजे, सेंसेक्स 281.75 अंक या 0.35 प्रतिशत बढ़कर 81,233.74 पर कारोबार कर रहा था, जबकि निफ्टी 109.75 अंक या 0.45 प्रतिशत बढ़कर 24,719.45 पर कारोबार कर रहा था।निफ्टी बैंक 69.85 अंक या 0.13 प्रतिशत बढ़कर 55,011.15 पर था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 258.10 अंक या 0.46 प्रतिशत जोड़कर 56,582.95 पर कारोबार कर रहा था। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 58.30 अंक या 0.33 प्रतिशत चढ़कर 17,561.40 पर था।विश्लेषकों के अनुसार, बाजार के दृष्टिकोण से अच्छी बात यह है कि भारत की अर्थव्यवस्था के मैक्रोइकॉनॉमिक संकेतक मजबूत हैं। सेंसेक्स पैक में, आईटीसी, अदाणी पोर्ट्स, इंफोसिस, पावरग्रिड, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, एसबीआई, एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स और इटरनल टॉप गेनर्स थे। जबकि, सन फार्मा, एमएंडएम, एनटीपीसी, बजाज फाइनेंस, भारती एयरटेल, मारुति सुजुकी और आईसीआईसीआई बैंक टॉप लूजर्स थे। एशियाई बाजारों में, चीन, हांगकांग, बैंकॉक, सोल, जकार्ता और जापान हरे निशान में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में डॉव जोन्स 1.35 अंक या 0.00 प्रतिशत की गिरावट के साथ 41,859.09 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 2.60 अंक या 0.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,842.01 पर बंद हुआ और नैस्डैक 53.09 अंक या 0.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,925.74 पर बंद हुआ।विशेषज्ञों ने कहा, अस्थिर सत्र के बाद गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार मिश्रित रूप से बंद हुए, जिसमें प्रमुख सूचकांक शुरुआती नुकसान को खत्म करने में सफल रहे क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के कर और व्यय विधेयक को सदन ने बहुत कम अंतर से पारित कर दिया और इसके बाद ट्रेजरी यील्ड हाल के उच्च स्तर से कुछ पीछे हट गए।संस्थागत मोर्चे पर, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुद्ध विक्रेता थे क्योंकि उन्होंने 22 मई को 5,045.36 करोड़ रुपए की इक्विटी बेची, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 3,715.00 करोड़ रुपए की इक्विटी खरीदी। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के मुख्य निवेश रणनीतिकार डॉ. वीके विजयकुमार ने कहा, यहां तक कि जब बाजार कमजोर होता है, तब भी फाइनेंशियल, टेलीकॉम, विमानन आदि जैसे घरेलू मांग आधारित क्षेत्र मजबूत होते हैं। यह इन क्षेत्रों में आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल और इंटरग्लोब एविएशन जैसे बड़े प्लेयर्स के शेयर की कीमतों में मजबूती से दिखाई देता है। बाजार से यह संदेश महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार साइबर-सुरक्षित भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध

केंद्र सरकार ने सीसीटीवी सॉल्यूशन पर राष्ट्रीय हैकाथॉन की घोषणा की

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय (एमएचए) के तहत पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (बीपीआरएंडडी) ने एनसीआरबी और साइबरपीस फाउंडेशन के सहयोग से कानून प्रवर्तन के लिए सीसीटीवी सॉल्यूशन पर राष्ट्रीय हैकाथॉन आयोजित करने की घोषणा की। इस हैकाथॉन को इनोवेटर्स, स्टार्टअप्स और रिसर्च इंस्टीट्यूट को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है, ताकि वे भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्वदेशी, सिक्योर, स्केलेबल और लागत-प्रभावी सीसीटीवी सॉल्यूशन विकसित करें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार साइबर-सुरक्षित भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बीपीआरएंडडी अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और अनुभव के साथ साइबर-सुरक्षित भारत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बीपीआरएंडडी का उद्देश्य घरेलू तकनीकी समाधानों को बढ़ावा देना है जो न केवल परिचालन आवश्यकताओं को पूरा करते हैं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हैकाथॉन के हिस्से के रूप में सीसीटीवी इनोवेशन के प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए चार प्रॉब्लम स्टेटमेंट रिलीज किए गए हैं। पहला; सुरक्षित और स्वदेशी सीसीटीवी हार्डवेयर और सिस्टम का विकास, दूसरा; आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और स्मार्ट वीडियो एनालिटिक्स का इंटीग्रेशन, तीसरा; सीसीटीवी नेटवर्क में साइबर सिक्योरिटी को मजबूत बनाना, चौथा; किफायती और कुशल निगरानी सॉल्यूशन को डिजाइन करना। हैकाथॉन का ग्रैंड फिनाले जून 2025 के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा, जहां टॉप तीन एंट्री को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा, असाधारण और रचनात्मकता का प्रदर्शन करने वाली चुनिंदा एंट्रीज को पांच सांत्वना पुरस्कार भी दिए जाएंगे। टॉप एंट्री को 5 लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा, जबकि दूसरी और तीसरी एंट्री को क्रमशः 3 लाख रुपए और 1 लाख रुपए मिलेंगे। हैकाथॉन एनसीआरबी की सहायता से आयोजित किया जा रहा है और साइबरपीस फाउंडेशन द्वारा तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है। हैकाथॉन से प्राप्त विजयी समाधानों से पुलिसिंग में पारदर्शिता, जवाबदेही और परिचालन दक्षता बढ़ाने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाने की उम्मीद है।

खरीफ फसलों में 6.8 प्रतिशत और रबी फसलों में लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई

भारत को मिलिट्री हार्डवेयर और स्पेस टेक्नोलॉजी में निवेश बढ़ाने की जरूरत : रिपोर्ट

नई दिल्ली। बदले वैश्विक परिदृश्य में भारत को मिलिट्री हार्डवेयर, स्पेस टेक्नोलॉजी, ड्रोन, एयर डिफेंस सिस्टम, विमान वाहक, स्मार्ट ग्रिड और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश बढ़ाने की जरूरत है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। 'मेक इन इंडिया' पहल के रणनीतिक महत्व को उजागर करते हुए ऑपरेशन सिंदूर ने भारत के एडवांस एयर वॉरफेयर, मिसाइल सिस्टम और ड्रोन टेक्नोलॉजी को प्रदर्शित किया। पीएल कैपिटल की रिपोर्ट के अनुसार, जैसे-जैसे वैश्विक शक्तियां दक्षिण पूर्व एशिया में अपने पदचिह्न का विस्तार कर रही हैं, वैसे-वैसे भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बढ़ने के आसार हैं। इसके अलावा, सिंधु जल संधि के सस्पेंशन से इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन (ईपीसी), पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट (पीएसपी) और हाइड्रोइलेक्ट्रिक इक्विपमेंट में नए अवसर खुलने की संभावना है। पीएल कैपिटल का मानना है कि भू-राजनीतिक जटिलताएं बढ़ रही हैं और निकट भविष्य में इनके और बढ़ने की संभावना है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के पड़ोसी क्षेत्रों में वैश्विक शक्तियों की बढ़ती भागीदारी से अलग-अलग मोर्चों पर तनाव बढ़ने, संभावित रूप से मौजूदा गठबंधनों को नया रूप देने और आर्थिक अस्थिरता को बढ़ावा देने की संभावना है। इसके अलावा, संघर्ष, आतंकवाद और क्षेत्रीय अस्थिरता के जोखिम बढ़ सकते हैं।

भारत के लिए एक वैश्विक सैन्य शक्ति के रूप में उभरने को लेकर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हालिया घटनाक्रम बड़ा और महत्वपूर्ण कदम है। 'इंडिया स्ट्रैटजी रिपोर्ट' में बताया गया है कि यह भारत के लिए बदलती भू-राजनीतिक गतिशीलता को लेकर अपनी तकनीकी उन्नति और आर्थिक विकास को तेज करने की तत्काल जरूरत को भी दिखाता है। इसके अलावा, भारतीय बाजार, जो हाल के महीनों में एफआईआई की बिक्री के कारण दबाव में थे, ने पिछले छह हफ्तों में निफ्टी पर 10 प्रतिशत रिटर्न देते हुए तेज रिकवरी की है। वित्त वर्ष 2025 के चौथी तिमाही के नतीजे अब तक उम्मीदों से बेहतर रहे हैं। साथ ही, शहरी खपत में सुधार के शुरुआती संकेत उभर रहे हैं, जिसमें आने वाली तिमाहियों में धीमा लेकिन निरंतर सुधार रहेगा। वित्त वर्ष 2025 में कृषि उत्पादन में खरीफ फसलों में 6.8 प्रतिशत और रबी फसलों में लगभग 3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, मई में जलाशय का स्तर पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य मानसून से जल स्तर ऊंचा रहने की उम्मीद है, जिसका अगली रबी फसल पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

पीएम मोदी की मौजूदगी में राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट शुरू

नई दिल्ली। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट की शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी समेत देश के कई दिग्गज कारोबारी शामिल हुए और उन्होंने पूर्वोत्तर में निवेश से जुड़ी अपनी योजनाओं का एलान किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में देश के कारोबारी जगत के दिग्गज मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी भी शामिल हुए। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में भारत की शानदार सफलता के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया।

उन्होंने कहा, ÷सबसे पहले मैं ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सलाम करता हूं। यह सफलता उनके दृढ़ संकल्प और हमारे सशस्त्र बलों की बेजोड़ बहादुरी का शानदार प्रमाण है। राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट में अदाणी समूह के चेयरपर्सन गौतम अदाणी ने कहा, पिछले एक दशक में, नॉर्थ-ईस्ट की पहाड़ियों और घाटियों में, भारत की विकास कहानी में एक नया अध्याय लिखा गया है। यह विविधता, लचीलापन और अप्रयुक्त क्षमता के इस्तेमाल की कहानी है। इस उत्थान के पीछे एक ऐसे नेता का विजन है जो सीमाओं को नहीं, केवल शुरुआत को पहचानता है। प्रधानमंत्री जी, जब आपने कहा कि एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट, एक्ट फर्स्ट, तो आपने नॉर्थ-ईस्ट को जगाया। अदाणी समूह ने देश के पूर्वोत्तर राज्यों को बड़ा तोहफा दिया है। चेयरमैन गौतम अदानी ने पूर्वोत्तर राज्यों में अगले दस सालों में 50,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की। यह घोषणा उन्होंने नई दिल्ली में राइजिंग नॉर्थईस्ट इन्वेस्टर्स समिट के दौरान की। उन्होंने बताया कि अदाणी समूह के निवेश का मुख्य फोकस हरित ऊर्जा के साथ-साथ स्मार्ट-मीटर, हाइड्रो, पंप स्टोरेज, पावर ट्रांसमिशन, सड़क और राजमार्ग, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स पर होगा। साथ ही, कौशल और व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों से क्षमता निर्माण को बढ़ाया जाएगा। गौतम अदानी ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर से ज्यादा लोगों में निवेश किया जाएगा।

जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड के ठिकानों पर ईडी का छापा

12000 करोड़ रुपये की गड़बड़ी से जुड़ा मामला

नई दिल्ली। जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड के ठिकानों पर ईडी की ओर से तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई कथित तौर पर घर खरीदारों और निवेशकों के साथ लगभग 12000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और धन की हेराफेरी और डायवर्जन करने के आरोपों के बाद की गई है।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को जेपी इंफ्राटेक, जेपी एसोसिएट्स लिमिटेड और अन्य से संबंधित पीएमएलए मामले में तलाशी अभियान चलाया। यह कार्रवाई कथित तौर पर घर खरीदारों और निवेशकों के साथ लगभग 12000 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी और धन की हेराफेरी और डायवर्जन करने के आरोपों के बाद की गई है। यह तलाशी दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में स्थित 15 परिसरों पर की जा रही है, जिसमें जेपी एसोसिएट्स और उसकी संबद्ध कंपनियां गौरसंस, गुलशन, महावीर और सुरक्षा रियल्टी शामिल हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को नोएडा में तीन बिल्डरों के ठिकानों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी घर ख़रीदारों, निवेशकों से क़रीब 1200 करोड़ रुपये के ग़बन व फंड डायवर्सन को लेकर बताई जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ईडी ने दिल्ली एनसीआर में 15 जगहों पर छापेमारी की है। मुंबई में भी कुछ ठिकानों पर छापेमारी है। ईडी की टीमें जेपी, गौड़ गुलशन बिल्डर व सुरक्षा रियलिटी के ठिकाने व दस्तावेज खंगाल रही हैं। सेक्टर 128 में जेपी बिल्डर के मार्केटिंग ऑफिस पर एक टीम पहुंची हुई है। यहां पर दस्तावेज व कंप्यूटर खंगाले जा रहे हैं। मुख्य गेट को बंद कर दिया गया है। सिर्फ़ उन्हीं लोगों को आने जाने दिया जा रहा है जिनको टीम बुला रही है।अभी बरामदगी को लेकर आधिकारिक तौर पर कोई सूचना नहीं दी गई है। जांच अगले कुछ दिन तक जारी रहेगी।

अडानी के इस शेयर ने 5 साल में 1 लाख के बना दिए 18 लाख रुपये, लेकिन एक साल से नुकसान ही नुकसान

नई दिल्ली। अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी इंटरप्राइजेज लिमिटेड (Adani Enterprises Ltd) को दुधारू गाय माना जाता है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि यह अडानी ग्रुप की प्रमुख कंपनी है। ग्रुप के कई बिजनेस इसी कंपनी के अंतर्गत काम करते हैं। इस कंपनी के शेयर ने निवेशकों की मोटी कमाई कराई है, लेकिन पिछला कुछ समय इसके लिए अच्छा नहीं गुजरा है। बात अगर पिछले एक साल की करें तो इसने निवेशकों का बड़ा नुकसान कर दिया है।

शुक्रवार को कंपनी के शेयर 2 फीसदी के उछाल के साथ 2535 रुपये पर बंद हुए। अभी भी यह शेयर अपने 52 हफ्ते के हाई के मुकाबले काफी नीचे है। इसका 52 हफ्ते का हाई 3743 रुपये है। यह शेयर अपने ऑल टाइम हाई से बहुत नीचे है। इसका ऑल टाइम हाई 4000 रुपये से ज्यादा है जो नवंबर 2022 में था।

चढ़ते बाजार में धड़ाम हुए ये शेयर, ट्रंप के एक बिल ने मचाई तबाही! अमेरिकी मार्केट के स्टॉक भी नहीं बच सके

5 साल में कितना रिटर्न?

इस शेयर ने 5 साल में निवेशकों को जबरदस्त रिटर्न दिया है। हालांकि इसमें आधा समय वह है जब यह शेयर अपने ऑल टाइम हाई पर पहुंचा था। उसके बाद इसमें एक साल बड़ी गिरावट आई। लेकिन इसके बाद फिर से संभला और इसमें उतार-चढ़ाव जारी रहा। इसका 5 साल का रिटर्न 1700 फीसदी से ज्यादा है। अगर आपने 5 साल पहले इसमें एक लाख रुपये निवेश किए होते तो आज उनकी वैल्यू 18 लाख रुपये होती। यानी आपको एक लाख रुपये के निवेश पर ही 17 लाख रुपये का फायदा मिल चुका होता।

एक साल में किया बड़ा नुकसान

इस शेयर ने पिछले एक साल में निवेशकों का बड़ा नुकसान किया है। एक साल में इसके शेयर में जबरदस्त गिरावट आई है। एक साल पहले इसकी कीमत करीब 3387 रुपये थी। अब 2535 रुपये है। ऐसे में एक साल में सह शेयर करीब 25 फीसदी गिर गया है।

खेल

बीसीसीआई ने इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का किया ऐलान, आयुष म्हात्रे को बनाया नया कप्तान?

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आगामी इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 16 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है. दोनों टीमों को 24 जून से 23 जुलाई तक दौरे पर 5 वनडे और दो मल्टी-डे मैच खेलने हैं. इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाले आयुष म्हात्रे को टीम का कप्तान बनाया गया है. वहीं, विकेटकीपर-बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को उनका डिप्टी नियुक्त किया गया है।

आयुष म्हात्रे आईपीएल 2025 की खोज में से एक हैं, जो मौडूदा सीजन के बीच में चोट के कारण सीएसके में शामिल हुए थे. उन्होंने अब तक सिर्फ 6 मैचों में 34.33 की औसत और 187.27 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से कुल 206 रन बनाए हैं, जिसमें एक शानदार अर्धशतक भी शामिल है. इस युवा खिलाड़ी ने सीएसके के साथ अपने छोटे से कार्यकाल में 28 चौके और 8 छक्के लगाए हैं। बीसीसीआई ने इस टीम में आईपीएल 2025 में सनसनी मचाने वाले बाएं हाथ के धाकड़ युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी शामिल किया है. उन्होंने इस सीजन के बीच में ही अपना डेब्यू किया और 7 मैच खेले, जिसमें 36 की औसत और 206.55 की बेहतरीन स्ट्राइक रेट से 252 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने 1 शतक और 1 जड़ा. सूर्यवंशी ने 34 गेंदों पर किसी भारतीय द्वारा लगाया गया सबसे तेज शतक लगाया और इस सीजन में कई रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास रच दिया.

इंग्लैंड के आगामी दौरे पर सभी की निगाहें इन दो सुपरस्टार खिलाड़ियों पर होंगी और इस दौरे पर उनकी लाल गेंद की स्किल्स की भी परीक्षा होगी. उनके अलावा, हरवंश सिंह, कनिष्क चौहान, आदित्य राणा और अनमोलजीत सिंह जैसे खिलाड़ी भी भारत अंडर-19 के लिए इंग्लैंड दौरे पर महत्वपूर्ण होंगे। आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, विहान मल्होत्रा, मौल्यराजसिंह चावड़ा, राहुल कुमार, अभिज्ञान कुंडू (उप-कप्तान और विकेटकीपर), हरवंश सिंह (विकेटकीपर), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, खिलान पटेल, हेनिल पटेल, युधाजीत गुहा, प्रणव राघवेंद्र, मोहम्मद एनान, आदित्य राणा, अनमोलजीत सिंह.

स्टैंडबाय खिलाड़ीः नमन पुष्पक, डी दीपेश, वेदांत त्रिवेदी, विकल्प तिवारी, अलंकृत रापोल (विकेटकीपर)

उत्तराखंड के रोहित भट्ट ने एवरेस्ट फतह किया

नईदिल्ली। उत्तराखंड के टिहरी जिले के रहने वाले पर्वतारोही रोहित भट्ट के नाम और उपलब्धि जुड़ गई है. रोहित भट्ट ने आज सुबह माउंट एवरेस्ट आरोहण किया है. पर्वतारोही रोहित भट्ट ने माउंट एवरेस्ट पर तिरंगे को लहराया और इसी के साथ ये पल उनकी जीवन का खास पल बन गया. इस दौरान रोहित ने उनसे बिछुड़ चुके 29 पर्वतारोहियों को भी श्रद्धांजलि दी। उनके इस सफल आरोहण में उनके साथ शेरपा समेत दो लोग मौजूद थे. वहीं रोहित भट्ट की इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी का माहौल है. इससे पहले रोहित भट्ट अप्रैल महीने में दुनिया की सबसे ऊंची माउंट एवरेस्ट चोटी को फतेह करने के लिए रवाना हुए थे. इस यात्रा के परमिशन मिलने के बाद रोहित काफी खुश नजर आए थे। पर्वतारोही रोहित भट्ट उत्तरकाशी में 4 अक्टूबर 2022 में द्रौपदी का डांडा 2 में हुए हिमस्खलन में सकुशल बच गए थे. इस एवलॉन्च हादसे में निम के 41 पर्वतारोहियों का दल था. जिसमें 34 प्रशिक्षु, 7 प्रशिक्षक थे और हादसे में 29 की मौत हो गई थी. इस हादसे के बाद पर्वतारोही रोहित भट्ट ने कुछ महीने बेड रेस्ट करके फिर से पर्वतारोहण के लिए तैयारी की. जिसके बाद उन्होंने अपनी मंजिल को पाया। रोहित भट्ट यूरोप महाद्वीप के सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रुस को फतह कर चुके हैं. रोहित ने माउंट एल्ब्रुस पर 101 फीट लंबा तिरंगा भी फहराया था, जो एक रिकॉर्ड है. यही नहीं, रोहित भट्ट तंजानिया के माउंट किलिमंजारो चोटी का भी आरोहण कर चुके हैं. रोहित ने इसे तीन दिन (16 घंटे 12 मिनट) में आरोहण करके विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

संक्षिप्त खबरें

चरित्र संदेह : पत्नी को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम बेलटुकरी में चरित्र पर संदेह कर पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में खरोरा पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेलटुकरी निवासी आरोपी विष्णु राम धीवर 74 वर्ष ने अपनी पत्नी शांति बाई धीवर 68 वर्ष के चरित्र पर संदेह कर गला घोंटकर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है।

शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करेन का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती निवासी 25 वर्षीय प्रार्थिया ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि आरोपी डिगेश्वर प्रसाद साहू 25 वर्ष ने शादी का प्रलोभन देकर लगातार शारीरिक संबंध बनाया और फिर शादी से इंकार कर दिया।

जमीन का सौदा तय कर दूसरे को बेचा

रायपुर/नवप्रदेश। जमीन का सौदा तय कर किसी दूसरे को बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया दिग्विजय सिंह ठाकुर 60 वर्ष ईदगाहभाठा आजाद चौक की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी के.पदमा और के.रम्न्रा ने गोंदवारा स्थित जमीन को प्रार्थिया के पास 15 लाख 30 हजार रुपए में सौदा तय कर पैसा लिया और जमीन किसी दूसरे को बेच दिया।

कंपनी सीए ने किया 7 लाख की हेराफेरी

रायपुर/नवप्रदेश। जीएसटी रकम ना पटाकर 7 लाख का हेराफेरी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विभूति नारायण बैसवाड़े 55 वर्ष संजयनगर चौक टिकरापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी नितिन ठक्कर प्रार्थी के गार्गी ट्रेडर्स दुकान में सीए के पद पर कार्य करता था। बताया जाता है कि प्रार्थी ने आरोपी को जीएसटी रकम पटाने के लिए 7 लाख रुपए दिया था, जिसे आरोपी ने ना पटाकर स्वयं उपयोग कर लिया।

मोपेड की डिक्की से तीन नग मोबाइल पार

रायपुर/नवप्रदेश। रविभवन के पार्किंग में खड़ी जूपिटर वाहन के डिक्की से अज्ञात चोर ने तीन नग मोबाइल पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी धीरेन्द्र कुमार साहू 30 वर्ष जोरापारा मौदहापारा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी जूपिटर क्रमांक सीजी 04 एलएस 9286 को रवि भवन के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने वाहन की डिक्की में रखे 3 नग मोबाइल पार कर दिया। चोरी गए मोबाइल की कीमत करीब 40338 रुपए के आसपास बताई जा रही है।

इलाज के नाम पर धर्मांतरण की कोशिश, नाबालिग की संदिग्ध मौत

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले के सुरसाबांधा गांव से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां एक नाबालिग बच्ची को इलाज के नाम पर तीन महीने तक बंधक बनाकर रखा गया और धर्मांतरण का प्रयास किया गया। परिजनों का आरोप है कि बच्ची की तबीयत लगातार बिगड़ती रही, लेकिन उसे न तो किसी डॉक्टर को दिखाया गया और न ही मेडिकल इलाज कराया गया। अंततः बच्ची की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हो गई। घटना राजिम थाना क्षेत्र की है। मृतका के परिजनों ने गांव की महिला ईश्वरी साहू पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

युवती से गैंगरेप, चार आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक युवती से गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पचधारी डैम से नहाकर लौट रही 19 वर्षीय युवती को घर छोड़ने का झांसा देकर, दो नाबालिगों सहित चार लोगों ने अपनी पिकअप वैन में बिठाया। इसके बाद, वे उसे एक सुनसान इलाके में ले गए और सामूहिक दुष्कर्म को अंजाम दिया। यह घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। बता दें कि बुधवार दोपहर करीब 12 बजे युवती पचधारी डैम नहाने गई थी। शाम को जब वह घर लौटी, तो उसकी फटी हुई कुर्ती देखकर उसकी नानी ने पूछताछ की। युवती ने अपनी आपबीती सुनाई, जिसमें उसने बताया कि डैम से लौटते समय पुल के पास उसके मोहल्ले के दो नाबालिगों समेत चार लोग बैठे थे। उन्होंने उसे घर तक छोड़ने की बात कही और वह उनकी पिकअप में बैठ गई। हालांकि, घर छोड़ने के बजाय आरोपियों ने गाड़ी को एक सुनसान जगह की ओर मोड़ दिया। जब युवती ने विरोध किया, तो उन्होंने उसे डराया-धमकाया और उसका मुंह दबाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना के बाद युवती किसी तरह अपने घर पहुंची। गुरुवार को युवती के पिता ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि वह सब्जी बेचने का काम करते हैं और बुधवार को सुबह से ही बाहर थे। जब वह दोपहर में घर लौटे तो बेटी घर पर नहीं थी, लेकिन उन्होंने सोचा कि वह आसपास होगी और फिर से सब्जी बेचने चले गए। रात में उन्हें घटना की जानकारी नहीं मिल पाई। सुबह उनकी मां ने उन्हें बेटी के साथ हुई घटना के बारे में बताया।

वन्य प्राणी की सुरक्षा को लेकर विभाग अलर्ट, ट्रैप कैमरे से रखी जा रही नजर

8 से अधिक जगह में की गई पानी की व्यवस्था

जितेंद्र नामदेव

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव अभ्यारण क्षेत्र मेंकल पर्वतों की श्रृंखला से जुड़ा हुआ है और यहां अनेक प्रकार के वन्य जीव भी देखने के लिए मिलते हैं वर्तमान समय में वन्यजीवों के लिए जहां वन विभाग के द्वारा पानी की व्यवस्था की जा रही है तो इसके साथ ही 8 से अधिक जगह पर पानी की व्यवस्था भी की गई है ।

वर्तमान समय में जंगलों में मानव दबाव कम होने के कारण वन्य प्राणी बस्तियों की ओर रूख करते हैं, इसे लेकर वन विभाग कवर्धा ने लोगों को अपील करते हुए वन्य प्राणियों की जानकारी मिलने पर इसकी सूचना तत्काल कवर्धा वन विभाग या संबंधित थाने सहित, रेंज ऑफिस में देने के लिए अपील की है। वहीं भोरमदेव अभयारण्य क्षेत्र में 8 से अधिक जगह वन्य प्राणियों के लिए अस्थाई रूप से पानी की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही प्राकृतिक रूप से बह रहे पानी की भी साफसफाई की जा रही है, जिससे वन्य प्राणियों को स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके तथा टंकियों में भी पानी भरकर रखा जा रहा है। इसके साथ ही समय-समय पर इस पानी टंकी की सफाई भी विभाग के द्वारा कराई जा रही है। वहीं पानी टैंकर का उपयोग कर पानी की व्यवस्था की जा रही है । इससे वन्यप्राणियों को पानी के लिए न भटकना पड़े और उन्हें वनांचल क्षेत्रों में ही पानी की उपलब्धता हो सके। वन विभाग के द्वारा वन्य प्राणियों की देखभाल के लिए विशेष पहल भी किया गया है। इसके साथ ही ऐसे जगह को चिन्हाकिंत कर पानी की व्यवस्था की गई है जहां ज्यादातर वन्य जीवों की चहलकदमी बनी रहती है। वनांचल क्षेत्रों में जहां गतिविधियां बढ़ा दी गई है वहीं ट्रैप कैमरे का भी उपयोग कर वन्य प्राणियों पर नजर रखा जा रहा है तथा वन्य प्राणियों के लिए पानी की व्यवस्था बनाए रखने पानी टैंकर का भी उपयोग किया जा रहा है।

क्षेत्र में 100 से अधिक प्रजातियां

भोरमदेव अभयारण्य क्षेत्र में अनेक प्रकार के वन्य जीव विचरण करते देखे जा सकते हैं। इस क्षेत्र में बाघ, तेंदुआ, मोर, कोयल, खरगोश, हिरण, मैना, तोता, भालू, जंगली सूअर, बायसन, हाथी, वनभैंसा सहित अनेक प्रकार के वन्यजीव यहां निवास करते हैं। कबीरधाम जिले में सौ से अधिक प्रकार की पक्षियों की प्रजातियां भी पाई जाती है। इसके साथ ही वनांचल क्षेत्रो में ऐसे स्थानों को चयन कर वन्यप्राणियों की सुरक्षा को लेकर ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं जहां वन्यप्राणियों की मौजूदगी ज्यादातर बनी रहती है।

> वर्तमान में वनांचल क्षेत्रों में मानव दबाव कम होने के कारण वन्यप्राणी अगर कहीं बस्तियों की ओर रूख करते हैं तो इसकी जानकारी तत्काल ही वन विभाग, रेंज ऑफिस या फिर तत्काल संबंधित थाने को दी जाए, जिससें होने वाली हानि से बचा जा सकता है। वहीं वन्यप्राणियों के लिए वनांचल क्षेत्रों में प्राकृतिक स्रोत से मिलने वाले जलों को जहां स्वच्छ किया जा गया है। अस्थाई रूप से भी पानी की व्यवस्था वन्यप्राणियों के लिए की गई है।
>
> **निखिल अग्रवाल**
> वनमंडलाधिकारी, कबीरधाम

> भोरमदेव अभयारण्य क्षेत्र में 8 से अधिक जगह अस्थाई रूप से वन्यप्राणियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही प्राकृतिक जल स्रोतों को भी स्वच्छ किया जा रहा है, जिससे वन्यप्राणियों को वनांचल क्षेत्रो में ही पानी की उपलब्धता हो सके।
>
> **दिलीप सिंह ठाकुर,**
> भोरमदेव अभयारण्य क्षेत्र अधिकारी कवर्धा

सीएमएचओ की बहन बनी जिला अस्पताल की 'सुपर बॉस'!

गरियाबंद के डॉक्टरों ने दी हड़ताल की धमकी

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु की बहन सृष्टि यदु के कथित दुव्यवहार से तंग आकर 60 से अधिक डॉक्टरों और स्टाफने 48 घंटे में कार्रवाई की मांग की है। नहीं तो अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार होगा।

सीएमएचओ की बहन, मतलब नियमों से ऊपर ?

गरियाबंद जिला अस्पताल अब इलाज का नहीं, 'इल्ज़ामों का केंद्र' बन चुका है। यहां डॉक्टर मरीजों की नहीं, बल्कि सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु की बहन सृष्टि यदु की मनमानियों की दवा ढूंढ रहे हैं। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत संविदा पर नियुक्त सृष्टि यदु अब सिर्फ काउंसलर नहीं बल्कि कुर्सी पर बैठी खौफकी देवी' बन चुकी हैं ऐसा कहना है अस्पताल के स्टाफका।

'बहन जी' का अस्पताल दर्शनः धमकी, डांट और दबाव

चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफका आरोप है कि सृष्टि यदु रोज़ अस्पताल आकर स्टाफ को डांटने-फटकारने का ठेका लिए बैठी हैं। तुम्हारा वेतन कटवा दूंगी ष्टस्नाह्र मेरी बहन हैं,

तुम्हें नौकरी से निकलवा दूंगी जैसे वाक्य अब नाश्ते की तरह रोज़ सुने जा रहे हैं। यहां तक कि मरीजों और उनके परिजनों के सामने भी डॉक्टरों को अपमानित किया जाता है।

काम छोड़ो या सम्मान छोड़ो डॉक्टरों की हालत बदतर

डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें अपने नियमित चिकित्सकीय कार्यों से हटाकर ऐसे काम थमाए जा रहे हैं, जिनका न तो चिकित्सा से लेना-देना है, और न ही कोई औपचारिक आदेश। विरोध करने पर सीधा धमकी निकाल देंगे नौकरी से।। सवाल उठता है, क्या अस्पताल अब स्वास्थ्य का केंद्र है या किसी का पारिवारिक अखाड़ा?

अल्टीमेटम जारीः 'सीएमएचओ और उनकी बहन जाएं, वरना अस्पताल ठप!'

स्थिति अब इतनी बिगड़ चुकी है कि समस्त चिकित्सकों और कर्मचारियों ने लिखित में जिला प्रशासन को 48 घंटे की डेडलाइन दी है। मांग है डॉ. गार्गी यदु और उनकी बहन सृष्टि यदु को तत्काल गरियाबंद से हटाया जाए, नहीं तो आपात सेवा को छोड़कर पूरा अस्पताल कार्य बहिष्कार पर चला जाएगा।

प्रशासन की परीक्षा शुरूः शासन की नीति चलेगी या परिवारवाद?

अब यह देखना दिलचस्प होगा कि स्वास्थ्य विभाग न्याय को प्राथमिकता देता है या नातेदारी को। गरियाबंद के लोग इलाज मांगते हैं, ईगो की एंट्री नहीं।

कवर्धा के दो मासूम भाई-बहन की कूलर की चपेट में आने से बिलासपुर में निधन

गरमी की छुट्टी मनाने गए थे गांव

कवर्धा/नवप्रदश। कवर्धा से अपनी बड़ी माँ के घर छुट्टियां मनाने बिलासपुर बिल्हा थाना क्षेत्र के बरतोरी गांव गए दो मासूम भाई-बहनों की कूलर में करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे से पूरा गांव हतप्रभ है।

मिली जानकारी के अनुसार सिंगारपुर गांव निवासी 14 वर्षीय गीतू जायसवाल और 13 वर्षीय राजू जायसवाल छुट्टियों में अपने परिजनों के साथ बिलासपुर जिला के बरतोरी गांव गए हुए थे। भीषण गर्मी के चलते दोनों बच्चों ने घर में मौजूद कूलर को चालू करने की कोशिश की लेकिन कूलर में पहले से करंट दौड़ रहा था। जिसके कारण करंट की चपेट में आने से दोनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि हादसे के वक्त घर में कोई अन्य सदस्य मौजूद नहीं था। जब परिजन लौटे और यह भयावह दृश्य देखा, तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

बताया जाता है कि गर्मी की वजह से जीतू ने कूलर चालू करने के लिए बटन दबाया, तब अचानक उसे करंट लगा और वह कांपने लगी। उसे देखकर लक्की उसे बचाने के लिए कूलर के पास दौड़ा। वह भी बटन बंद नहीं किया और जीतू को खींचने लगा, जिससे वो भी करंट से चिपक गया। इस हादसे में दोनों बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। कुछ देर बाद लक्की के चाचा राजू जायसवाल को घटना की जानकारी मिली। वह घर के बाहर किराना दुकान चलाता है। दो बच्चों को बेहोश देखकर उसने पुलिस के डायल 112 को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उन्हें बिल्हा अस्पताल पहुंचाया। लेकिन, जांच के बाद डॉक्टर ने दोनों को मृत बता दिया।

सूचना मिलते ही बिल्हा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया। पुलिस ने प्राथमिक जांच शुरू कर दी है और कूलर में करंट प्रवाहित होने के कारणों की तकनीकी जांच कराई जा रही है। शुरुआती जांच में शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। गांव के लोग अभी भी इस हादसे को लेकर स्तब्ध हैं। गर्मी की छुट्टियों में जो घर खुशियों से भरा था, अब वहां सिर्फ आंसू और सन्नाटा पसरा हुआ है।

दक्षिण बस्तर में नमी आने से हो रही वर्षा

- राजधानी सहित अनेक स्थानों में होगी वर्षा

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश सहित दक्षिण बस्तर में इस समय खाड़ी से नमी आने से वर्षा शुरू हो गई है। आज राजधानी में भी बादल छाए रहे, जिसके कारण उमसभरी गर्मी से लोग परेशान रहे। यहां पर तापमान में गिरावट आई है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार खाड़ी में प्रचुर मात्रा में नमी आने से बस्तर के तहसील, दरभा में 42.2, बकावण्ड में 63.3 एमएम तथा बस्तर में 33.1 वर्षा हुई है। इस तरह जिले में 38.9 एमएम औसत वर्षा हुई है, जिसका योग 88 एमएम है।

कृषि कार्य में तेजी

मानसून के आते ही कृषि कार्य में तेजी आ गई है। यहां पर खाद-बीज संग्रहण करने के लिए सरकार बीज निगम के माध्यम से प्रयास कर रही है। मौसम वैज्ञानिक चंद्रा से मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून दक्षिण अरब सागर के कुछ भाग, मालदीव, कॉमरीन क्षेत्र, दक्षिण बंगाल की खाड़ी, मध्य बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग, उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ भाग में मानसून सक्रिय है।

दक्षिण पश्चिम मानसून के कुछ और भाग में सक्रिय होने के लिए अनुकूल परिस्थितियों बनी हुई है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मंडल तक पूर्व-मध्य अरब सागर, उत्तर कर्नाटक और गोवा तट से सुदूर स्थित है। इसके प्रभाव एक कम दबाव का क्षेत्र इसी स्थान पर बना है। इसके बाद इसके और अधिक प्रबल होकर अवदाब के रूप में अगले 24 घंटे में बनने की संभावना है। (चक्रवात बनने की सम्भावना है)

एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका पंजाब से पूर्वी बांग्लादेश तक हरियाणा, उत्तर प्रदेश, झारखंड, उप हिमालयीन पश्चिम बंगाल तथा सिक्किम होते हुए 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में बंगाल की खाड़ी से प्रचुर मात्रा में नमी का आगमन निम्न स्तर पर हो रहा है।

प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना है। प्रदेश के सरगुजा संभाग और बस्तर संभाग के जिलों में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने, जबकि बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक-चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com